

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के 56वें पूर्ण राज्यत्व दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 25 जनवरी 2026 | 12 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 29, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


सूर्योदय 7:17 सूर्यास्त 5:50

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | -1 न्यू | 13.0 अधि |
| धर्मशाला | 3 न्यू | 16.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,538 |
| निफ्टी | 25,048 |
| सोना 1,55,428 | चांदी 3,18,960 |

# बर्फबारी से प्रदेश में 1291 सड़कें बंद

## आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों और ईंधन की सप्लाई ठप होने से जन-जीवन प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रदेश में 1291 सड़कें अब भी बंद हैं, जिससे कई दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों का संपर्क पूरी तरह कट गया है। आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति, दवाइयों की आवाजाही और ईंधन की उपलब्धता पर सीधा असर पड़ा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार शाम तक प्रदेश में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा 1290 से ज्यादा सड़कें बंद रहीं, जिससे कई जिलों का संपर्क जिला और उपमंडल मुख्यालयों से कट गया है। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 412 सड़कें बंद हैं। इसके अलावा लाहौल-स्पीति जिले में 290, चंबा में 132, मंडी में 126, कुल्लू में 79 और सिरमौर में 29 सड़कें बंद हैं। लाहौल-स्पीति में दो राष्ट्रीय राजमार्गों के बंद होने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है। इसके अलावा 126 पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिनमें अकेले कुल्लू जिले की 81 पेयजल परियोजनाएं ठप हैं।



सड़क पर पड़ी बर्फ को हटाती एक जेसीबी।

### 5,775 ट्रांसफार्मर खराब

**बर्फबारी** का असर बिजली आपूर्ति पर भी गंभीर रूप से पड़ा है और प्रदेशभर में 5,775 ट्रांसफार्मर खराब होने से हजारों गांवों और कस्बों में अंधेरा पसरा हुआ है। सिरमौर जिले में सबसे ज्यादा 3,315 ट्रांसफार्मर ठप हैं, जबकि चंबा में 643, मंडी में 587, सोलन में 306, लाहौल-स्पीति में 153 और किन्नौर में 78 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। जिससे लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### कुल्लू के कोठी में 105 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज

**मौसम** विभाग के अनुसार, कुल्लू के कोठी में 105 सेंटीमीटर, गोंदला में 85, केलांग में 75, खदराला में 68, कुफरी में 66, मनाली और शिलारू में 45-45, कुकुमसेरी में 41, जोत में 32, हंसा में 30 तथा शिमला और सांगला में 27-27 सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई है, जबकि धर्मपुर में 91, सोलन में 68 और कंडाघाट में 67 मिलीमीटर बारिश हुई है।

### बर्फबारी से लगे जाम ने लील ली 50 वर्षीय व्यक्ति की जान


**कुल्लू।** कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रांगड़ी के पास भारी बर्फबारी से लगे जाम ने एक व्यक्ति की जान ले ली। मनाली के प्रीणी क्षेत्र में होटल में कार्यरत 50 वर्षीय सुशील शर्मा निवासी ऊना को दिल का दौरा पड़ने के बाद एंबुलेंस में मंडी ले जाया जा रहा था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और बदहाल यातायात प्रबंधन ने उन्हें जिंदगी देने के बजाय मौत के हवाले कर दिया। चिकित्सकों ने स्पष्ट कहा था कि मरीज को तीन घंटे के भीतर विशेष अस्पताल पहुंचाना जरूरी है, लेकिन एंबुलेंस चार घंटे तक जाम में फंसी रही। एंबुलेंस में ही सुशील शर्मा ने अंतिम सांस ली। परिजनों ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने पर सुशील को पहले मिशन अस्पताल मनाली ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मंडी स्थित हार्ट अस्पताल रेफर कर दिया। सुशील शर्मा को एंबुलेंस से मंडी ले जाया जा रहा था, लेकिन रांगड़ी क्षेत्र में बर्फबारी के कारण लंबा जाम लग गया। एंबुलेंस करीब चार घंटे तक जाम में फंसी रही। इस दौरान तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने एंबुलेंस में ही दम तोड़ दिया।

# सीएम ने दोहराया आत्मनिर्भर और हरित हिमाचल का संकल्प

## प्रदेशवासियों को दीं पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के 56वें पूर्ण राज्यत्व दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को पूर्णतः आत्मनिर्भर, समृद्ध व हरित राज्य बनाने के अपने संकल्प को भी दोहराया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे 'हरित एवं समृद्ध हिमाचल' के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।



अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ण राज्यत्व दिवस हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली यात्रा, ऐतिहासिक संघर्षों और जनएकजुटता का जीवंत प्रतीक है। यह दिवस हमें अपने स्वर्णिम अतीत से प्रेरणा लेने तथा प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के लिए नए संकल्प अपनाने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दूरदर्शी नेतृत्व का सम्मान व्यक्त करते हुए 'हिमाचल के शिल्पकार' डॉ. वाईएस परमार सहित उन सभी महान विभूतियों को याद किया, जिनकी दूरदृष्टि, त्याग और अथक प्रयासों से प्रदेश ने देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की।

उन्होंने देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के अविस्मरणीय योगदान को भी स्मरण करते हुए कहा कि 25 जनवरी, 1971 को शिमला के ऐतिहासिक रिज पर भारी हिमपात के बीच हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की घोषणा प्रदेश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

### राज्यपाल, डिप्टी सीएम ने भी दीं शुभकामनाएं

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने भी प्रदेशवासियों को पूर्ण राज्यत्व दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी है। राज्यपाल ने प्रदेश की विकास यात्रा और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि देवभूमि के परिश्रमी और जांबाज लोगों ने अपने अथक परिश्रम से हिमाचल को प्रगति के शिखर तक पहुंचाया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### तिरुवनंतपुरम एमसी ने भाजपा पर लगाया जुर्माना

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भाजपा पर 19.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात बीजेपी जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया। यहां बीजेपी के वीवी राजेश मेयर हैं। (अनंत ज्ञान)

### ओशिवारा फायरिंग केस में कमाल खान गिरफ्तार

**एजेंसी, मुंबई।** एक्टर-प्रोड्यूसर और कथित फिल्म क्रिटिक कमाल आर खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि कमाल आर खान उर्फ केआरके को बीते 18 जनवरी को मुंबई के ओशिवारा के अंधेरी स्थित एक रिहायशी बिल्डिंग पर चार राउंड फायरिंग करने के आरोप में शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के बाद एक्टर-प्रोड्यूसर कमाल आर खान को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान खान ने स्वीकार किया है कि फायरिंग उन्हीं के हथियार से हुई। उन्हें शनिवार को कोर्ट में पेश किया गाया। जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)



### रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी चार्जशीट पर सुनवाई टली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले में शनिवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 26 फरवरी को होगी। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट से चार्जशीट से जुड़े कुछ आवश्यक कागजात जमा करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए ईडी को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट किया कि यह कागजात जमा करने के लिए एजेंसी को आखिरी मौका दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब अंडर-19 और 17 खिलाड़ी भी हवाई सफर से जाएंगे खेलने -पेज 2
- हिमाचल में तीन दिन में बहाल होंगी बर्फबारी से बंद सड़कें विक्रमादित्य -पेज 3
- अब मूल्यांकन केंद्र पर खाली हाथ आएंगे व जाएंगे शिक्षक -पेज 5
- सूखे के बाद बरसी बर्फ, पांगणा-करसोग में लौटी रौनक -पेज 9
- बारिश-बर्फबारी बनी कुल्लू व लाहौल-स्पीति में राहत के साथ आफत -पेज 11


# 47 नगर निकायों में प्रशासक नियुक्त

## सरकार ने विकास कार्यों को स्वीकृति के लिए दिए वित्तीय अधिकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य के 47 नगर निकायों में वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी अधिकारी और सचिव को प्रशासक नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से जनहित में की गई हैं। सरकार ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों, उपमंडल अधिकारियों और नगर निकाय अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 268(1) के तहत यह व्यवस्था की गई है। आदेश के तहत संबंधित नगर निकायों के सुचारू संचालन के लिए एसडीएम (उपमंडल अधिकारी नागरिक) को एक लाख से पांच लाख रुपये तक के विकास कार्यों को स्वीकृति देने के प्रशासनिक अधिकार दिए गए हैं। प्रशासनिक व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक सरकार द्वारा आगे कोई आदेश जारी नहीं किए जाते हैं।

शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय नगर निकायों के दैनिक प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों को बाधित होने से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है।

### इन नगर निकायों में नियुक्त किए गए प्रशासक

**राज्य** के जिन नगर निकायों में प्रशासक नियुक्त किए गए हैं, उनमें बिलासपुर, श्री नयना देवी, घुमारवीं, तलाई, चंबा, डलहौजी, चुवाड़ी, सुजानपुर टिहरा, नादौन, भोटा, कांगड़ा, नूरपुर, नगरोटा बगवां, देहरा, ज्वालामुखी, बैजनाथ-पपरोला, जवाली, शाहपुर, कुल्लू, मनाली, भुंतर, बंजार, सुंदरनगर, सरकाघाट, जोगिंद्रनगर, नेरचौक, रिवालसर, करसोग, रोहड़ू, रामपुर, ठियोग, सुन्नी, नारकंडा, चौपाल, कोटखाई, जुब्बल, नाहन, पांवटा साहिब, राजगढ़, नालागढ़, परवाणु, अर्की, संतोसगढ़, मैहतपुर-बसदेहरा, दौलतपुर-चौक, गगरेट और टाहलीवाल शामिल हैं।

### बर्फबारी के बाद मंडी में कांपी धरती

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश में हुई भारी बर्फबारी के बीच शनिवार को भूकंप के हल्के झटकों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। दोपहर बाद मंडी जिले में भूकंप महसूस किया गया, जिससे कुछ समय के लिए लोगों में चिंता का माहौल बन गया। हालांकि भूकंप की तीव्रता कम होने के कारण किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई। भूकंप का केंद्र मंडी जिले में 31.50 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.01 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप के झटके दोपहर 3 बजकर 49 मिनट पर आए और कुछ सेकंड तक महसूस किए गए।

# अच्छी कलेक्शन होने से इस बार लोन नहीं लेगी सरकार

**जीएसटी, आबकारी, नॉन टैक्स राजस्व में किया बेहतर प्रदर्शन**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के लिए चालू वित्तीय वर्ष की शुरुआत राहत भरी रही है। बेहतर राजस्व कलेक्शन के चलते राज्य सरकार को फिलहाल कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी है, जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, आबकारी, परिवहन और नॉन-टैक्स राजस्व में अनुमान से बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया गया है, जिससे सरकार की नकदी स्थिति संतुलित बनी हुई है। यही कारण है कि इस बार साल के शुरुआती महीनों में लोन लेने की मजबूरी सामने नहीं आई। वित्त विभाग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में सरकार ने खर्चों पर नियंत्रण और राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी है। विभागीय स्तर पर सख्त निगरानी, कर चोरी पर कार्रवाई और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने जैसे कदमों का सीधा असर कलेक्शन पर पड़ा है। हालांकि, आने वाले महीनों में विकास योजनाओं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के खर्च को देखते हुए सरकार की वित्तीय जरूरतों की समीक्षा की जाएगी।

### कृषि व बागवानी विवि को जल्द मिलेंगे कुलपति

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और बागवानी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। लंबे समय से लंबित इस प्रक्रिया के औपचारिक रूप से शुरू होने से दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिसूचना के साथ ही चयन प्रक्रिया से जुड़े दिशा-निर्देश भी तय कर दिए गए हैं, ताकि योग्य और अनुभवी शिक्षाविदों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

### बिना वैध दस्तावेज भारत में रह रही उज्बेकिस्तान की महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान नाहन।** सिरमौर जिला पुलिस ने नाहन में उज्बेकिस्तान की एक महिला को बिना वैध पासपोर्ट और वीजा के भारत में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस थाना सदर नाहन में विदेशी अधिनियम की धारा 14 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि 22 जनवरी, 2026 की रात पुलिस थाना नाहन को 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना मिली थी कि शक्तिनगर से आगे कैंची मोड़ के पास एक वाहन संदिग्ध अवस्था में खड़ा है, जिसमें एक युवक और एक युवती मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान लिंक रोड जोगनवाली, नाहन पर एक वाहन संख्या यूपी-16-ईएफ-7194 सड़क किनारे नाली में एक ओर धंसा हुआ पाया गया। वाहन में बैठे व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सैफ क्वेजिलबाश, निवासी उत्तर प्रदेश बताया, वहीं उसके साथ मौजूद महिला ने स्वयं को उज्बेकिस्तान की नागरिक बताया। पुलिस द्वारा की गई तस्दीक के दौरान महिला के पास भारत में रहने से संबंधित कोई भी वैध पासपोर्ट या वीजा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद महिला को हिरासत में लेकर पुलिस थाना नाहन लाया गया।



# पीएम मोदी ने बांटे 61 हजार जॉब लेटर

## कहा- देश के युवाओं को नए अवसर मिलें, यही केंद्र सरकार का प्रयास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है। पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है।



पिछला रोजगार मेला 24 अक्तूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्तूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। पिछले साल अक्तूबर में 17वें रोजगार मेले में जॉब लेटर बांटते हुए पीएम ने कहा था कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। (अनंत ज्ञान)

### बोले- भारत के स्टार्टअप ईकोसिस्टम का दायरा बढ़ा

**पीएम** ने कहा कि भारत के स्टार्टअप ईकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की ईकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं। रोजगार मेला मिशन मोड पर: सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टीट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

### स्टार्टअप में महिलाएं भी आगे कई में डायरेक्टर पद पर

**पीएम** ने कहा कि आज 8000 से ज्यादा बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर हैं। गावों के कई रोजगार में महिलाएं हेड कर रही हैं। सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं। हम भारत की युवा क्षमता को एक बड़ी ताकत मानते हैं। हम हर क्षेत्र में इसी दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षा केंद्रों की करेगा ऑनलाइन मॉनिटरिंग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों की पहली बार बोर्ड मुख्यालय से ऑनलाइन मॉनिटरिंग करेगा। प्रदेशभर में बनाए गए 2,384 परीक्षा केंद्रों की निगरानी बोर्ड मुख्यालय से की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत संबंधित केंद्र को अलर्ट किया जाएगा।

नकल रोकने के लिए पांच स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। इसमें उपमंडल स्तर पर जहां उड़न दस्तों का प्रबंध प्रशासनिक अधिकारी करेंगे, वहीं शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा बोर्ड के उड़न दस्ते भी नकल के मामले रोकने के लिए गठित होंगे। इसके अलावा इन सभी उड़न दस्तों पर नजर रखने के लिए शिक्षा बोर्ड अलग से उड़न दस्ता गठित करेगा, जोकि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों पर नजर रखने के साथ-साथ इन उड़न दस्तों की भी मॉनिटरिंग करेगा कि वे सही से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं या नहीं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि नकल या अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> **प्रदेश** स्कूल शिक्षा बोर्ड पहली बार 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग बोर्ड मुख्यालय से करेगा। इसके लिए विशेष स्क्रीनों का प्रबंध किया जाएगा। बोर्ड एक विशेष उड़न दस्ते का भी गठन करेगा, जो परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के साथ-साथ प्रशासनिक, शिक्षा विभाग और बोर्ड की ओर से गठित उड़न दस्तों पर नजर रखेगा।
>
> **-डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड**

# भारत पर लगा एक्स्ट्रा 25% टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

**अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दिए संकेत**

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप सरकार भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25% टैरिफ को हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पॉलिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25% टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25% टैरिफ लगाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### यूरोप तेल खरीद कर रूस की मदद कर रहा

**बेसेंट** ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं, क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500% टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500% तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500% टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं।



**विडंबना** राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने बिलासपुर शहर को फिर हाशिए पर धकेल दिया

# फोरलेन की रफ्तार ने पीछे छोड़ा, फिर उजड़ने के कगार पर बिलासपुर

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** पहले भाखड़ा बांध बना और बिलासपुर उजड़ गया, अब फोरलेन बनी तो बिलासपुर फिर उजड़ने के कगार पर खड़ा है। सवाल यह नहीं कि सड़क बनी या नहीं, सवाल यह है कि कब तक बिलासपुर ही हर 'राष्ट्रीय हित' और हर 'विकास परियोजना' की कीमत चुकाता रहेगा? क्या फोरलेन वाया बिलासपुर नहीं बन सकती थी? जवाब साफ है—तकनीकी नहीं, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने बिलासपुर को फिर हाशिए पर धकेल दिया।

राजनीतिक दल कोई भी रहा हो, सत्ता में कोई भी रहा हो, बिलासपुर की सुध किसी ने नहीं ली। बिलासपुर आज उस मोड़ पर खड़ा है, जहां विकास और विनाश के बीच की रेखा धुंधली नहीं, बल्कि क्रूर रूप से स्पष्ट दिखाई दे रही है। जिस फोरलेन को प्रगति, गति और समृद्धि का प्रतीक बताया गया था, उसी सड़क ने बिलासपुर को मानो मानचित्र से काटकर अलग कर दिया है। रफ्तार बढ़ी, लेकिन शहर पीछे छूट गया।



अनंत ज्ञान स्पैशल

फोरलेन का सबसे पहला और सबसे गहरा वार पड़ा है रोजगार पर। जिले में पंजीकृत करीब 306 निजी बसें आज बोझ बनती जा रही हैं। इन बसों से सीधे तौर पर 250 से 300 परिवारों की आजीविका जुड़ी है। इन सबकी रोजी बसों की आवाजाही पर टिकी थी, लेकिन ऊना की ओर करीब 40 रूट फोरलेन बनने के बाद डायवर्ट हो चुके हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से आने वाली बसें अब बिलासपुर बस स्टैंड तक पहुंचती ही नहीं। जो बस स्टैंड कभी जिले की धड़कन हुआ करता था, आज वही वीरानी का प्रतीक बन चुका है। बिलासपुर बस अड्डे पर सुबह से शाम तक सन्नाटा पसरा रहता है। कहा जाता है कि विकास के साथ कुछ न कुछ छूटता है, लेकिन यहां तो पूरा शहर ही छूट गया। साठ के दशक में देशहित के नाम पर भाखड़ा बांध में डूबा बिलासपुर शायद यह नहीं जानता था कि उसे हर पीढ़ी में अपनी मौजूदगी साबित करनी पड़ेगी। इसी पीड़ा की पीठ पर सवार होकर कई नेता सत्ता के गलियारों तक पहुंचे, लेकिन सत्ता की ऊंचाइयों से बिलासपुर की जमीन दिखाई नहीं दी।

### ग्राहकों के लिए तरस रहे बिलासपुर के प्रमुख बाजार

**शुरुआत** में फोरलेन से ढाबों और होटलों को हुए नुकसान को यह कहकर टाल दिया गया कि व्यापार तो चलता रहता है, लेकिन आज असर हर बाजार में साफ दिख रहा है। बिलासपुर के प्रमुख बाजार दिन भर ग्राहकों की बाट जोहते रहते हैं। लोग अब आनंदपुर साहिब, रोपड़, चंडीगढ़, अंबाला और लुधियाना को ज़्यादा नज़दीक मानने लगे हैं। कुछ घंटों में काम निपटाकर लौट जाते हैं और स्थानीय व्यापारी खाली दुकानों में बैठे भविष्य को ताकते रहते हैं। एम्स के नाम पर उम्मीद जगी थी कि शायद अब तस्वीर बदलेगी। शुरुआती दौर में कुछ घरों को किराये से राहत मिली, लेकिन अब नौणी से आगे नया शहर बस रहा है। एम्स में सप्ताह भर की ड्यूटी के बाद रविवार को भी सन्नाटा रहता है। बाजार को वह संजीवनी नहीं मिली, जिसकी बातें मंचों से की गई थीं। आज हालत यह है कि शहर की पहचान—बस स्टैंड और बाजार—दोनों ही वीरानगी के गवाह बन चुके हैं। बाहरी राज्यों से आने वाला ट्रैफिक झील के उस पार से ही शहर को बाय-बाय कर निकल जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि की निर्धारित

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत बड़ा ने किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि 2100 रुपए निर्धारित कर दी है। यह निर्णय पंचायत वासियों की मांग पर लिया गया, ताकि बधाई राशि के दौरान मध्यम और गरीब परिवारों को होने वाली मुश्किलों को रोका जा सके। पंचायत प्रधान सरिता देवी ने बताया कि पंचायत में प्रस्ताव पारित कर इसकी प्रति उपमंडलाधिकारी नादौन को प्रेषित कर दी गई है। पंचायत ने निवासियों से कहा है कि यदि कोई किन्नर निर्धारित राशि से अधिक मांग करते, तो इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों को दें, ताकि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस कदम से पंचायत ने वासियों और किन्नरों के बीच पारदर्शिता और व्यवस्था सुनिश्चित की है।

### पूछताछ के बाद चिट्टा सप्लायर ऊना से काबू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस ने चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के तहत प्रतापनगर में पकड़े गए नशा रैकेट से जुड़ी कड़ियों का पता लगाने में सफलता हासिल की है। 20 जनवरी को 39.78 ग्राम चिट्टा बरामद होने के बाद (एफ.आई.आर. संख्या 24/2026), मुख्य आरोपी राजेश कुमार उर्फ रक्का से गहन पूछताछ के दौरान मादक आपूर्तिकर्ता और स्थानीय ग्राहकों की पहचान हुई। इसके आधार पर पुलिस की विशेष टीम ने जिला ऊना में छापेमारी कर 29 वर्षीय माणिक सिंह पुत्र सुशील कुमार, गांव व डाकखाना अंबोटा, तहसील अंब को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1.61 ग्राम अतिरिक्त चिट्टा बरामद हुआ। उसके खिलाफ थाना अंब में एन.डी.एस.पी.एस. अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत नया मामला दर्ज किया गया। साथ ही, नशे के खरीदारों पर भी कार्रवाई की जा रही है। राजेश उर्फ रक्का से चिट्टा खरीदने वाले दो उपभोक्ताओं के खिलाफ एनडी एंड पीएस अधिनियम की धारा 27 के तहत दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने पूरे तंत्र को स्रोत से उपभोक्ता तक खत्म करने का संकल्प जताया है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मट्टन सिद्ध स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के मुख्य अभियंता (परिचालन) कार्यालय के परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता प्रवीण कुमार ने कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की शपथ दिलाई।

### बाल आश्रम सुजानपुर के बच्चे करेंगे जयपुर की सैर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि बेसहारा बच्चों के सम्मानजनक जीवन के लिए उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उनके मनोरंजन व शैक्षणिक भ्रमण के लिए भी प्रबंध करने के प्रदेश सरकार के प्रयासों की कड़ी में सुजानपुर के बाल आश्रम के बच्चों को भी इस बार फरवरी की छुट्टियों में जयपुर की सैर करवाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि बाल आश्रम के 13 बच्चों तथा स्टाफ के लिए कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत वीनस फाउंडेशन के माध्यम से यह टूर प्रायोजित करवाया जा रहा है। इस टूर के संबंध में वीनस फाउंडेशन की अधिकारी एकता से कोर्डिनेट किया जा रहा है। गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार ये बच्चे 8 फरवरी को सड़क मार्ग से चंडीगढ़ रवाना होंगे और वहां से वंदे भारत एक्सप्रेस से जयपुर पहुंचेंगे। जयपुर में वे एक अच्छे होटल में रुकेंगे। 9, 10 और 11 फरवरी को ये बच्चे जयपुर के कई ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटक स्थलों तथा शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण करेंगे। 12 फरवरी को वापसी के समय ये बच्चे जयपुर से चंडीगढ़ तक हवाई यात्रा करेंगे और उसके बाद सड़क मार्ग से सुजानपुर लौटेंगे।

### सधरयाण में मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र सधरयाण में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यातिथि भोरंज के थाना प्रभारी प्रशांत ठाकुर ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय 'उज्ज्वल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण' बालिकाओं की शिक्षा, तकनीक और कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। प्रशांत ने बच्चों की सुरक्षा, नशे से बचाव और डिजिटल ठगी से सुरक्षित रहने के उपायों पर भी जानकारी दी। कार्यक्रम में बालिकाओं की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया और उपस्थित महिलाओं से बाल विवाह समाप्त करने की शपथ दिलवाई गई।

### डीएवी आर्य समाज में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी आर्य समाज हमीरपुर में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट और स्पोर्ट्स टॉर्च दौड़ के साथ हुआ। वाइस प्रिंसिपल आशा चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षा के साथ शारीरिक विकास भी आवश्यक है। नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों के लिए मनोरंजक खेल और तीसरी से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक खेल आयोजित किए गए। विजेता छात्रों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### युवाओं को संस्कारयुक्त जीवन का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एबीवीपी जिला हमीरपुर ने युवा पखवाड़ा मनाया। सुजानपुर, नादौन, चकमोह, बड़सर, भोरंज और हमीरपुर में विभिन्न रचनात्मक और जागरूकता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। मीडिया संयोजक जतीन धीमान ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभाव, सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन और सकारात्मक जीवन मूल्यों को बढ़ावा देना है। पखवाड़े के अंतर्गत 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिताएं, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, विचार संगोष्ठियां और नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान आयोजित किए गए। इन गतिविधियों से युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, टीम भावना और रचनात्मकता का विकास हुआ। पर्चा वितरण के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

### विद्यार्थियों ने जाना होटल प्रबंधन व बैंकिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर के बीएचएमसीटी विभाग में बिलासपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दसलेहड़ा के विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और संपत्ति भ्रमण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में दसवीं और जमा एक के 44 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बीएचएमसीटी के प्राध्यापकों ने होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी की व्यावहारिक और सैद्धांतिक जानकारी दी। छात्रों को रसोई प्रबंधन, खाद्य तैयारी, उपकरण संचालन, ग्रूमिंग, सेवा शिष्टाचार और टेबल मैनर्स का प्रशिक्षण दिया गया। बैंकिंग छात्रों को वित्त संचालन और बैंकिंग का ज्ञान प्रदान किया गया। अंतिम दिन प्रेरक सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

### देशभक्ति गीत व रचनात्मक गतिविधियों से सजा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में शनिवार को गणतंत्र दिवस, हिमाचल प्रदेश राज्यत्व दिवस और राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत से हुई। बाल वाटिका के नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि तृतीय कक्षा के छात्रों ने पारंपरिक नृत्य के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की। पहली और दूसरी कक्षा के छात्रों ने रंग भरने की गतिविधियों में भाग लिया, वहीं तीसरी से छठी कक्षा के छात्रों ने चित्रकला और कार्ड मेकिंग के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाई। आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने तीनों दिवसों के महत्व पर भाषण प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापिका कंचन लखनपाल ने बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें जिम्मेदार, जागरूक एवं देशभक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### पहली फरवरी को सहकारी सभा का अधिवेशन

**एसके ठाकुर, बड़सर।** दी बिझड़ी कृषि व सहकारी सभा सीमित का वार्षिक साधारण अधिवेशन 1 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे सभा के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधक समिति के प्रधान सुरजीत सिंह राणा करेंगे, जबकि सचिव प्रिंस ठाकुर पूरी कार्यवाही का संचालन करेंगे और वित्तीय वर्ष का विवरण प्रस्तुत करेंगे। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य सभा की वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना और सदस्यों के हितों की रक्षा करना है। बैठक में वर्ष 2023-24 के निर्णयों और कार्यों का मूल्यांकन, वर्ष 2024-25 के ऑडिट की समीक्षा और 2025-26 के ऑडिट की रूपरेखा तैयार कर नए ऑडिटर की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### पांच किलो केक काट मनाया बालिका दिवस

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी हमीरपुर अनिल कुमार और खास गलोड़ पंचायत के प्रधान संजीव शर्मा के सौजन्य से आंगनबाड़ी केंद्र गलोड़ खास में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें तीन से छह साल की 35 बेटियों के साथ 5 किलो का केक काट कर बालिका दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों की। इस दिन की बेटी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर पौधारोपण भी किया गया। तीन से छह साल की बेटियों को उपहार देकर जिला कार्यक्रम अधिकारी व प्रधान ग्राम पंचायत गलोड़ खास और दिव्यांग बोर्ड के प्रदेश सदस्य संजीव शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधान संजीव शर्मा ने कहा कि दुनिया की असली दौलत हमारी बेटियां हैं।

---

### बिट्टू बोले; राजनीति क्या होती, मुझे नहीं मालूम, दिल खोलकर करता हूं काम, फौजी बनना चाहता था

# अब अंडर-19 और 17 खिलाड़ी भी हवाई सफर से जाएंगे खेलने

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि अब राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए अंडर-19 व अंडर-17 के खिलाड़ी भी हवाई सफर से जाया करेंगे। वे शनिवार को टाउन हॉल में हमीरपुर जिला स्कूली क्रीड़ा संगठन (डीएसएसए) द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए आयोजित पुरस्कार समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं भी बचपन में खिलाड़ी था। राजनीति क्या होती है, मुझे नहीं मालूम, लेकिन दिल खोलकर काम करता हूं, बिना किसी लावलपेट के, लेकिन राजनीति में जितना भी अच्छा काम करो, केवल 'निंदा' मिलती है सुनने को। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां मौजूद खिलाड़ी सौभाग्यशाली हैं, उन्हें यह मान सम्मान मिल रहा है। उनकी मेहनत उनके सामने आई है व ऐसा ही प्रयास बच्चों को मंजिल हासिल करने के लिए करते रहना चाहिए। बगैर परिश्रम के मंजिल हासिल नहीं होती। बिट्टू ने कहा कि जिस तरह पिछली मर्तबा खिलाड़ियों को हवाई सफर के जरिए भेजा गया है, अब अगली बार अंडर-19 व अंडर-17 के खिलाड़ियों को भी यह सुविधा हासिल करवाई जाएगी।


खिलाड़ी उनके अभिभावक और टीचर दोनों को सम्मानित करने के बाद सामूहिक चित्र में। अनंत ज्ञान

वे मुख्यमंत्री सुक्खू से इस बाबत बात करेंगे और इसमें उनकी इस बात पर मोहर भी लगेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रेरित, प्रोत्साहित व प्रशिक्षित करने तथा उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए बेहतरीन अवसर मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री ने कई बड़े निर्णय लिए हैं। बिट्टू ने बताया कि प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने स्कूली खिलाड़ियों की डाइट मनी में दोगुणा वृद्धि कर दी थी। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्कूली खिलाड़ियों के लिए मुख्यमंत्री ने रेलवे में एसी क्लास की यात्रा व विशेष परिस्थितियों में हवाई यात्रा का प्रावधान करके बहुत बड़ी सुविधा प्रदान की है। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए पहली बार किसी सरकार ने इस तरह के बड़े निर्णय लिए हैं। नादौन में लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से एक वर्ल्ड क्लास इंडोर स्टेडियम बनकर तैयार हो रहा है, जो कि मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी सौगात है। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले जिले के स्कूली खिलाड़ियों के लिए पहली बार पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजन पर डीएसएसए की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इससे नन्हे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और वे मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूली खेलों में जिला हमीरपुर ने इस बार अंडर-19 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके गवर्नर ट्रॉफी जीती है। इसके लिए सभी खिलाड़ी, शारीरिक शिक्षक और बच्चों के अभिभावक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सभी युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों को अपनाने की सलाह भी दी। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान और एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा स्कूली खेलों में हमीरपुर के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती, डीएसएसए के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

---

## मां-बेटे से 8.93 ग्राम चिट्टा, 0.48 ग्राम चरस 1.01,800 रुपए व तीन गोला बारूद बरामद

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन पुलिस ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में चिट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चिट्टे का धंधा करने के आरोप में मां बेटे को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने झलान गांव के घर में दबिश दी और घर से 8.93 ग्राम चिट्टा, 0.48 ग्राम चरस, 1.01,800 रुपए नकद, एक 10 रुपए का अधजला नोट, वेइंग मशील, फॉयल पेपर तथा 3 गोला बारूद बरामद किया है। इसकी क्षेत्र में खासी चर्चा है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झलाण गांव का 25 वर्षीय योगेश पुत्र पुष्पेंद्र नशा बेचने का कारोबार करता है। उस आधार पर पुलिस टीम झलाण गांव में पहुंची और योगेश कुमार व उसकी माता रीना देवी के घर में छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने न केवल चिट्टा व चरस बरामद की, बल्कि 3 गोला बारूद, वेइंग मशीन व फॉयल पेपर भी बरामद किया है। आरोपी की माता मिड-डे मील वर्कर है। आरोपी परिवार का चार कमरों का घर है पुलिस ने सभी कमरों की तलाशी ली और तलाशी के दौरान हर कमरे में पुलिस को नशे का कुछ न कुछ सामान मिला है। एसपी हमीरपुर बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें कोर्ट में पेश करके पुलिस रिमांड मांगा जाएगा, ताकि इस नशे के धंधे से जुड़े और लोगों की जानकारियां हासिल करके कार्रवाई अमल में लाई जा सके।



### आरोपी पहले भी काट चुका है जेल

**एसएचओ** निर्मल सिंह ने बताया कि आरोपी योगेश कुमार के खिलाफ इससे पहले भी मामले दर्ज हैं और जेल की सजा भी भुगत चुका है। पुलिस थाना नादौन में इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ एनडी एंड पीएस के तहत दो मामले पहले दर्ज हैं तथा एक मामले में लगभग 3 माह की न्यायिक हिरासत जेल की सजा भी भुगत चुका है। उन्होंने नशे का धंधा करके युवाओं की जिंदगी बर्बाद करने वालों को चेताया कि वे नशे का धंधा छोड़ दें अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

---

## डीसी ने किया एमसी के कार्यों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शनिवार को नगर निगम हमीरपुर के अंतर्गत जारी विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतापनगर में नाले के चैनलाइजेशन कार्य, महाराणा प्रताप पार्क के आस-पास मरम्मत एवं चैनलाइजेशन कार्य, हिमुडा कॉलोनी के पास पार्क के निर्माण कार्य और अन्य कार्यों का जायजा लिया तथा निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने दुगनेड़ी में स्थित कचरा प्रबंधन संयंत्र का निरीक्षण भी किया। नगर निगम के कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि हमीरपुर शहर के चहुमुखी विकास के लिए जारी सभी कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी तथा वह स्वयं मौके पर जाकर इनकी गुणवत्ता का जायजा लेंगी। उन्होंने कहा कि शहर के कचरे के सही एवं प्रभावी निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाए जाएंगे तथा इसके प्रति आम नागरिकों को भी जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त रामप्रसाद शर्मा, सहायक अभियंता अश्विनी ठाकुर, नियोजन अधिकारी जगदीप सिंह और अन्य अधिकारियों ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।


उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ एमसी के कार्यों का निरीक्षण करती हुईं। अनंत ज्ञान

### डीसी ने प्राकृतिक खेती की ली जानकारी

**हमीरपुर।** प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की प्रगति का जायजा लेने के लिए उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शनिवार दोपहर बाद हमीरपुर के निकटवर्ती गांव समराला और ग्राम पंचायत चमनेड के गांव भरठियाण का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने समराला के प्रगतिशील किसान मनीष कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती से उगाई जा रही विभिन्न फसलों की जानकारी ली। उन्होंने प्राकृतिक खेती में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और इसके लिए कृषि विभाग एवं आतमा परियोजना की ओर से प्रदान की जा रही सब्सिडी के बारे में मनीष कुमार से महत्वपूर्ण फीडबैक लिया तथा मौके पर उपस्थित कृषि अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने मनीष कुमार के कार्यों तथा कृषि अधिकारियों की ओर से प्रदान किए जा रहे मार्गदर्शन की काफी प्रशंसा की। इसके बाद उपायुक्त ने ग्राम पंचायत चमनेड के गांव भरठियाण के किसान पवन कुमार से भी बातचीत की।

---

## जानकारी के अभाव में पात्र परिवार भी नहीं कर पा रहे एनएफएसए श्रेणी में शामिल होने के लिए आवेदन

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रदेश के पात्र परिवारों को एनएफएसए की श्रेणी में शामिल होने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए नए मानदंडों की सही जानकारी नहीं दे पा रहा है।

प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग मात्र बीपीएल श्रेणी में शामिल होने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए नए मानदंडों की जानकारी ही समाचार पत्रों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का काम कर रहा है, जबकि एनएफएसए की श्रेणी में बीपीएल, अंत्योदय व पीएचएच के राशन कार्ड शामिल हैं। पंचायतीराज विभाग बीपीएल श्रेणी में शामिल होने के लिए नई शर्तों का हवाला देकर पात्र परिवारों से आवेदन मांग रहा है, लेकिन अंत्योदय व पीएचएच श्रेणी में शामिल होने के लिए अपनाए जाने वाले मान दंडों से पात्र परिवारों को वंचित कर उनमें असमंजस की स्थिति पैदा कर रहा है।

इसकी जानकारी न तो पंचायत प्रतिनिधियों को है और न ही पंचायत सचिवों को। राज्य अध्यक्ष ने सरकार व पंचायतीराज विभाग से मांग की है कि बीपीएल, अंत्योदय व पीएचएच श्रेणी के लिए बनाए गए नए मानदंडों की सही जानकारी प्रदेश की जनता को उपलब्ध करवाई जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार जानकारी के अभाव में इससे वंचित न रह सके। बीपीएल व अंत्योदय श्रेणी में शामिल परिवारों को सस्ते राशन की सुविधा के अलावा सरकारी नौकरी में आरक्षण व विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार द्वारा अनुदान अनुदान राशि भी दी जाती है जबकि पीएचएच श्रेणी में शामिल परिवारों को सस्ते राशन की सुविधा ही प्रदान की जाती है।

---

## 10 मंडलों के संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला हमीरपुर के संयोजक सतीश गौतम ने पांच विधानसभा के 10 मंडलों में प्रत्येक मंडल में 1.4 नियम के अनुसार एक संयोजक तथा चार सहसंयोजकों की नियुक्तियां घोषित की हैं, जो कि इस प्रकार हैं। भोरंज समीरपुर मंडल से पवन कुमार संयोजक तथा भोरंज खास मंडल से तिलकराज संयोजक सुजानपुर मंडल से सुरेश शर्मा, बमसन टोनी देवी से हाकम सिंह डोगरा, हमीरपुर शहरी से शंभू राम संयोजक, हमीरपुर ग्रामीण से बलबीर सिंह तथा नादौन मंडल से कुलदीप पठानिया व मंडल गलोड़ खास से अश्वनी गौतम को बिझड़ी डटवाल से चतर सिंह बड़सर से बलदेव कपूर को पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ मंडल जिला हमीरपुर का संयोजक नियुक्त किया गया है। इन सभी 10 मंडलों में लगभग 50 पूर्व कर्मचारियों को शामिल किया गया है तथा यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। जिला संयोजक सतीश गौतम ने सभी मंडलों के संयोजक, सहसंयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि सभी साथी मिलकर भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

---

## शरद ऋतु की पहली बारिश बागवानी के लिए लाभदायक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने हाल ही में हुई बारिश को बागवानी क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी बताया है। उन्होंने कहा कि इस बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ेगी, जिससे पौधों को पोषक तत्व आसानी से मिलेंगे और कोरा पड़ने की आशंका भी कम होगी। उपनिदेशक ने बागवानों को सलाह दी कि वे पुराने बगीचों में तौलिए बनाकर गोबर की गली-सड़ी खाद, सिंगल सुपर फास्फेट व पोटाश उर्वरक निर्धारित मात्रा में तने से डेढ़ फीट की दूरी पर नाली बनाकर डालें। बारिश के बाद पौधों की काट-छांट कर कटे भागों पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड व अलसी के तेल का पेंट लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि शरद ऋतु में लगने वाले सेब, नाशपाती, आड़ू, प्लम व कीवी के पौधे उद्यान प्रसार केंद्रों पर रियायती दरों पर उपलब्ध हैं, जिन्हें पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर वितरित किया जा रहा है।

---

## प्राथमिक उपचार के बारे में छात्राओं को दी जानकारी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंगल बेरी में अध्यापक जितेंद्रा ठाकुर के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



इसमें 13 छात्राओं ने भाग लिया। आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगल बेरी के प्रभारी डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने अपने अस्पताल के कर्मचारियों-फार्मेसी अधिकारी सुरेंद्र भरवाल, रविंदरा देवी, शौरभ ठाकुर और उर्वशी की उपस्थिति में छात्राओं को मूलभूत और सामान्य प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक किया। इस प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिन, छात्राओं को प्राथमिक उपचार और मूलभूत जीवन रक्षा के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे इसका प्रयोग करके मानवता की सेवा में जुट सकते हैं और किसी की जान बचा सकते हैं। डॉक्टर ने कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है और इसके लिए अगर हम लोग किसी तरह से भी योगदान देते हैं तो वह सबसे बड़ी पूजा है। इस दौरान सभी तेरह छात्रों को प्रशिक्षण पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के दौरान, छात्रों ने अनुभवी कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य किया, पर्यवेक्षण के तहत कार्यों का निष्पादन किया और धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता प्राप्त की। साथ ही, प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय भागीदारी और आवश्यक रिपोर्टों, मूल्यांकनों को पूरा करना भी शामिल था।

---

## बाड़ा बाजार में लगा हैंडपंप लोगों के लिए बना परेशानी

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधानसभा बड़सर के बाड़ा बाजार में आम जनमानस के लिए लगाया गया सरकारी हैंडपंप इन दिनों लोगों की परेशानी का कारण बन गया है।

हैंडपंप से पीने योग्य पानी के बजाय गंदा व दुर्गंधयुक्त पानी निकल रहा है, जब इस हैंडपंप से लोगों द्वारा पानी निकालने की कोशिश की जाती है, तो इस हैंड पंप से दुर्गंध युक्त लाल पानी निकल रहा है। गलती से अगर लोग इस पानी का प्रयोग पीने के लिए करने लगे, तो किसी को जानी नुकसान होता है, तो इसका कौन जिम्मेदार होगा? मुख्यमंत्री के गृह जिले में यह सब हो रहा है। ऐसा ही एक हैंडपंप सलोनी के पास दियोटसिद्ध सड़क मार्ग पर स्थित है काफी अरसे से उसका भी उपयोग नहीं किया जाता है और शोपीस बना हुआ है, जहां तक बड़ा बाजार में स्थापित हैंड पंप से खराब पानी निकल रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जब नलों में पानी की आपूर्ति बाधित होती है, तब यह हैंडपंप ही पीने के पानी का एकमात्र सहारा रहता है, लेकिन अब हैंडपंप खराब गुणवत्ता का पानी दे रहा है, जिससे

### ◆ हैंडपंप से निकल रहा है लाल पानी

बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभाग की उदासीनता के चलते उन्हें मजबूरन दूषित पानी उपयोग करना पड़ रहा है। यदि जल्द ही हैंडपंप की मरम्मत व पानी की जांच नहीं कराई गई, तो क्षेत्र में जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि हैंडपंप को तत्काल ठीक कर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं, इस बारे में अधिशाषी अभियंता हर्ष शर्मा से जब बात हुई, तो उन्होंने बताया कि हैंड पंप के पानी को चेक करवाकर बहुत जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

---

**आयोजन** बालिका दिवस पर उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियों को किया सम्मानित

# बालिका देश के लिए महत्वपूर्ण संपत्ति: मनोज


बालिका दिवस पर उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियां सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय बिझड़ी ने गांव भकरेड़ी के साई मंदिर में खंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बालिका देश के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। इसलिए बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा वर्ष 2008 से बालिका दिवस का पर्व दिवस मनाना आरंभ किया है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बेटियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पुरस्कृत किया जाता है। बेटियों को जन्म देने वाली माताओं व दतक अविभावकों को सम्मानित करना, लिंगानुपात पर विशेष ग्राम सभा जिसमें गिरते हुए लिंगानुपात वाली पंचायतों की पहचान कर वहां कैंपों का आयोजन करना, किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच करना और किशोरों के लिए लैंगिक समानता व व्यवहार में परिवर्तन पर प्रयास और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। बड़सर के थाना प्रभारी गुरबख्श सिंह ने बालिकाओं की सुरक्षा, कानूनों व अधिकारों बारे जागरूक किया। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी और अन्य सामाजिक बुराइयों पर नियंत्रण से संबंधित कानूनों की जानकारी भी दी।

### बेटियां मानवता की अमूल्य धरोहर: सीडीपीओ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बेटियां मानव सभ्यता की जननी, संस्कृति की वाहक और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। वे न केवल घर को अपार खुशियों से भर देती हैं अपितु समाज की प्रगति में भी समान रूप से भागीदार बनती हैं। वे शक्ति, समन्वय और श्रेष्ठता की प्रतीक हैं जिनका सम्मान और सुरक्षा करना एक सभ्य समाज का प्रथम कर्तव्य है। उक्त विचार सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत उटपुर और ग्राम पंचायत बनाल में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बेटियों एवं स्थानीय समुदाय से संवाद करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज में सकारात्मक परिवर्तन का महत्वपूर्ण साधन हैं। शिक्षा, खेल, विज्ञान हो अथवा राजनीति; बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा कर समाज को और अधिक समावेशी एवं समतामूलक बनाने के नए द्वार खोल रही हैं।

### धनेटा में भी मेधावी बेटियां पुरस्कृत


**अनंत ज्ञान, नादौन।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष पर शनिवार को धनेटा में बाल विकास परियोजना अधिकारी नादौन संजय गर्ग की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 18 नवजात बच्चियों तथा उनकी माताओं को सम्मानित किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम, 2016 और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसमें ग्राम पंचायत पनसाई, ग्वालपत्थर, धनेटा, मनसाई, हथोल और भदरूं की मेधावी छात्राओं अंजलि, तानिया पोसवाल, अंकिता, भावना भारद्वाज, पलक, शगुन शर्मा, अंकिता, श्रेया, गरिमा परमार और अन्य को स्मृति चिह्न, नाम पट्टिका, मग, सेनीटेशन किट तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

---


## पंजाब में 10 लाख तक कैशलेस इलाज, प्रदेश में हिम केयर भी बंद

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि यदि सरकार की प्राथमिकता जनता हो, तो स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधा को भी सशक्त बनाया जा सकता है। 22 जनवरी 2026 को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने 'सेहत क्रांति योजना' की शुरुआत कर देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में नया इतिहास रचा है।



इस योजना के तहत पंजाब के प्रत्येक परिवार को बिना किसी आय सीमा के प्रति वर्ष 10 लाख रुपए तक का पूरी तरह कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना से लगभग 65 लाख परिवार, यानी 3 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। योजना में सरकारी व निजी मिलाकर 900 से अधिक अस्पताल, 2,350 से ज्यादा बीमारियां, आईसीयू-सीसीयू कैंसर, हृदय, किडनी उपचार और सभी प्रमुख सर्जरी सुविधाएं शामिल हैं। इलाज की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पेपरलेस व निशुल्क रखी गई है। आप नेता व भोरंज से जुड़े डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि जब पंजाब में आप की सरकार जनता को इतनी मजबूत स्वास्थ्य सुविधा दे सकती है, तो हिमाचल की कांग्रेस सरकार ऐसा क्यों नहीं कर सकती। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा 'क्या हिमाचल के लोग कम बीमार पड़ते हैं। क्या उनका स्वास्थ्य कम महत्वपूर्ण है या फिर क्या सरकार के लिए स्वास्थ्य कोई गंभीर विषय नहीं रह गया है। डॉ. पुन्याल ने कहा कि आज हिमाचल में स्वास्थ्य विभाग की स्थिति चिंताजनक है। स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विभागों में भी आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से नियुक्तियां की जा रही हैं। वहीं, गरीब व मध्यम वर्ग के लिए राहत देने वाली हिम केयर योजना को भी बंद कर दिया गया है। आज आम जनता को अस्पतालों में जांच के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है, पर्ची के लिए पैसे देने पड़ रहे हैं और सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी देखी जा रही है।





# हिमाचल में तीन दिन में बहाल होंगी बर्फबारी से बंद सड़कें : विक्रमादित्य

## बोले- 385 मशीनें मैदान में, युद्ध स्तर पर चल रहा बहाली अभियान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश में बर्फबारी और बारिश के कारण बंद पड़ी सड़कों को अगले तीन दिनों में चरणबद्ध तरीके से बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क बहाली का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है और रविवार शाम तक बड़ी संख्या में मार्ग खोल दिए जाएंगे। विभाग ने 26 और 27 जनवरी को भी तेजी से कार्य जारी रखते हुए शेष प्रमुख संपर्क मार्गों को यातायात के लिए खोलने का लक्ष्य रखा है।



◆ **भारी बर्फबारी के कारण काम चुनौतीपूर्ण**

मंत्री ने बताया कि सड़कों से बर्फ हटाने के लिए जेसीबी, डोजर, रोबो मशीनों के साथ दो स्नो ब्लोअर समेत कुल 385 मशीनें तैनात की गई हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण काम चुनौतीपूर्ण है, लेकिन विभाग की टीमें लगातार मौके पर डटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कठिन हैं, इसलिए लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि बर्फबारी के दौरान कई स्थानों पर बसें और वाहन फंसने की सूचना मिली थी। शिलाई क्षेत्र में बस में फंसे यात्रियों के लिए तत्काल ठहरने की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने कहा कि अगले दो दिन अवकाश होने के कारण लोग अत्यावश्यक होने पर ही यात्रा करें, क्योंकि 27 जनवरी को दोबारा बर्फबारी का अलर्ट जारी हुआ है।

मंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के समय बर्फ हटाने के नाम पर हुए घोटालों के कारण अब विभाग पूरी सतर्कता बरत रहा है। संसाधनों का दुरुपयोग न हो, इसके लिए केवल अत्यंत आवश्यक स्थानों पर ही मशीनरी हायर की जाएगी। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि काम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

### आपदा प्रबंधन अलर्ट, रेल व बिजली व्यवस्था पर नजर

**राज्य** सरकार ने 26 से 28 जनवरी तक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड, जल शक्ति और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने को कहा गया है। वहीं, कालका-शिमला रेल लाइन पर बर्फबारी के कारण ट्रेनों को देरी का सामना करना पड़ा, हालांकि रेल कर्मियों ने समय रहते पेड़ और टहनियां हटाकर आवाजाही को सुचारु बनाए रखा।

# लोक भवन में उत्तर प्रदेश व पूर्वोत्तर राज्यों का स्थापना दिवस समारोह आयोजित



लोक भवन में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल, लेडी गवर्नर व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय एकता की भावना को और सशक्त करते हुए आज यहां लोक भवन में उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के स्थापना दिवस समारोह आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें चारों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और साझा परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। समारोह में शिव प्रताप शुक्ल तथा लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से आपसी सौहार्द, मोहब्बत और भाईचारे की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम है, जो नागरिकों को एक-दूसरे की रिवायतों और मूल्यों से जोड़ते हुए राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में निवास कर रहे उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर के लोगों को स्थापना दिवस की मुबारकबाद भी दी।

समारोह में उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तहत उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग की ओर से राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर को पारंपरिक उपहार और स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता पर आधारित एक लघु वृत्तचित्र प्रदर्शित किया गया, जबकि पूजा कलामंच के कलाकारों ने उत्तर प्रदेश की लोक परंपराओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस अंजुम आरा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रग्बी प्रतियोगिता में मशोबरा के 3 खिलाड़ी छाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उड़ीसा के कलिंगा स्टेडियम में हाल ही में संपन्न 10वीं सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में मशोबरा ब्लॉक के तीन खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन कर जिला शिमला का नाम रोशन किया। मशोबरा ब्लॉक के खेल प्रभारी नंदलाल शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एमईएस मशोबरा स्कूल की नौवीं कक्षा की छात्रा समायरा वर्मा, एमपीएस पब्लिक स्कूल मशोबरा की नौवीं कक्षा की छात्रा मानवी शर्मा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मशोबरा के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र आर्यन कंवर ने भाग लिया। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन बीते वर्ष दिसंबर में सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में हुई राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता के दौरान हुआ था। राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी के साथ इन खिलाड़ियों ने न केवल अपने-अपने स्कूल बल्कि पूरे शिमला जिले का मान बढ़ाया है।



### शिमला में बर्फबारी के बाद उमड़े सैलानी, यातायात जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में लगातार बारिश और बर्फबारी के बाद शहर में सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सर्द हवा और बर्फ की फिसलन के कारण सर्कुलर रोड, मालरोड और अन्य प्रमुख मार्गों पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। कई वाहन फिसले और कतारों में धीमी गति से चल रहे थे, जिससे आम लोग और पर्यटक दोनों परेशान हुए। कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी पर्यटक वाहनों की वजह से कई किलोमीटर लंबा जाम लगा। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा टालने की अपील की। सड़कें साफ करने और मार्ग सुरक्षित बनाने का कार्य जारी है। मौसम अनुकूल होते ही यातायात सामान्य होने की उम्मीद है। बर्फ के दीदार के बीच सैलानियों की बढ़ती संख्या ने शिमला को पूरी तरह जीवंत बना दिया।

# स्कॉलरशिप परीक्षा में भव्या शर्मा शिमला में तीसरे स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील के राजकीय उच्च पाठशाला धाली की मेधावी छात्रा भव्या शर्मा ने स्वर्ण जयंती स्टेट जूनियर मेरिट मीनस स्कॉलरशिप परीक्षा में पूरे शिमला जिला में तीसरा स्थान हासिल कर अपनी काबिलियत का शानदार सबूत पेश किया है। इस उपलब्धि के साथ भव्या आगामी तीन वर्षों के लिए कुल एक लाख 80 हजार रुपए की छात्रवृति की हकदार बन गई है। परीक्षा में चयन के बाद भव्या को छठी कक्षा में 4500 रुपए, सातवीं कक्षा में 5000 रुपए और आठवीं कक्षा में 5500 रुपए प्रतिमाह वजीफा मिलेगा। विद्यालय के मुख्याध्यापक राकेश वर्मा ने बताया कि भव्या ने हाल ही में इसी पाठशाला से छठी कक्षा उत्तीर्ण की है और एसजेएमएमएस योजना के तहत वह दो बार परीक्षा पास कर चुकी है।

शिमला जिला से कुल 11 बच्चों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनमें भव्या ने जिला भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सतलाई पंचायत के ठूंड करौली गांव की रहने वाली भव्या के पिता बालकृष्ण शर्मा किसान हैं जबकि माता गृहणी हैं। भव्या की इस कामयाबी पर स्कूल प्रभारी, शिक्षकगण और स्टाफ ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# डिप्टी सीएम के गृह क्षेत्र में 28 करोड़ का भूमि घोटाला : कटवाल


अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने ऊना जिला के हरौली विधानसभा क्षेत्र में सामने आए 28 करोड़ रुपए के भूमि घोटाले को कांग्रेस की भ्रष्टाचार संस्कृति का जीता-जागता उदाहरण बताया है।

◆ **भ्रष्टाचार की नीति उजागर**

◆ **सरकारी धन की खुली लूट का लगाया आरोप**

उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम के गृह विधानसभा क्षेत्र में इस तरह का मामला सामने आना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार में घोटाले अब अपवाद नहीं बल्कि नीति बन चुके हैं। सरकारी धन को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल करने का यह मामला जनता के विश्वास के साथ खुला खिलवाड़ है। कटवाल ने कहा कि जिस जमीन को हिमुडा और राजस्व विभाग ने फ्लैट निर्माण के लिए खरीदा, वह वास्तविकता में खाइयों, खड्डों और प्राकृतिक नालों से भरी हुई बताई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी अनुपयोगी जमीन को निर्माण योग्य किस आधार पर घोषित किया गया। क्या यह सब कागजों में हेरफेर कर किया गया या फिर जानबूझकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई। जमीन को सर्किल रेट से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदकर सरकारी धन की बंदरबांट किए जाने का आरोप भी उन्होंने लगाया।



प्रदेश महामंत्री ने कहा कि इस घोटाले में केवल जमीन मालिक ही नहीं, बल्कि फाइलों पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी, कर्मचारी और मूल्यांकन से जुड़े लोग भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि बिना राजनीतिक संरक्षण के इतना बड़ा फर्जीवाड़ा संभव नहीं है और कांग्रेस को बताना होगा कि इस घोटाले के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। भाजपा ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के नाम जनता के सामने लाए जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मामले को दबाने की कोशिश की तो भाजपा सड़क से सदन तक कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन करेगी।

# शिमला में युवा मतदाता जागरूकता रैली आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को शिमला में राज्य स्तरीय युवा मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित यह पदयात्रा रिज मैदान से शुरू होकर एजी कार्यालय तक जाएगी और वहीं से वापसी के साथ सम्पन्न होगी।

आयोजन का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को मताधिकार के महत्व से अवगत कराना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करना और अधिक से अधिक युवाओं को सक्रिय लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। इस पदयात्रा में युवाओं, स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं और आम जनमानस की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अपील की गई है। माय भारत, हिमाचल प्रदेश के उप निदेशक ध्रुव डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी का उत्सव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे निर्भीक, निष्पक्ष और नैतिक मतदान के माध्यम से एक सशक्त राष्ट्र की नींव को और मजबूत करें।

# महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसरों के भरे जा रहे 387 पद : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र की राजकीय उच्च पाठशाला अलसु में नवनिर्मित कला एवं शिल्प प्रयोगशाला, एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत निर्मित इस भवन पर 35.27 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि भवन की कमी के कारण पहले विद्यालय की कक्षाएं निजी भवन में संचालित की जा रही थीं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। नए भवन के निर्माण से अब इस समस्या का समाधान हो गया है।

उन्होंने कहा कि इस भवन का निर्माण नवंबर, 2024 में आरंभ हुआ था और एक वर्ष के भीतर इसे पूर्ण कर लिया गया है। भवन का निर्माण बीएसएनएल द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के साथ अन्य एजेंसियों को भी सौंपा जा रहा है, जिससे कार्यों में गति लाई जा सके।

# भारी बर्फबारी से राजधानी शिमला में थमी रफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में भारी बर्फबारी ने रोजमर्रा की रफ्तार को थाम दिया है। शहर की अधिकतर सड़कें बर्फ की मोटी परत से ढक जाने के कारण बंद रहीं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जगह-जगह वाहन फंसने से लोग परेशान दिखे और कई इलाकों में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या दफ्तर पहुंचने वाले कर्मचारी, हर कोई इस अचानक बदले मिजाजे-मौसम से जूझता नजर आया।

जानकारी के अनुसार बर्फबारी के बाद हालात का जायजा लेने के लिए शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान सुबह खुद फील्ड में उतरे। आईजीएमसी अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क पर निरीक्षण के दौरान बर्फ में फंसी कई गाड़ियां दिखीं। अस्पताल मार्गों को प्राथमिकता देते हुए निगम ने साफ किया कि आपात सेवाओं और मरीजों की आवाजाही में किसी तरह की रुकावट न रहे, यही उनकी पहली तरजीह है।

◆ **सड़कों पर उतरे मेयर, खुद धक्का लगाकर निकाली गाड़ियां**

निरीक्षण के दौरान एक तस्वीर ने सबका ध्यान खींचा, जब मेयर सुरेंद्र चौहान खुद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बर्फ में फंसे वाहनों को धक्का लगाते नजर आए। सड़कों पर उतरकर इस तरह काम करते देख लोगों में भरोसा जगा और माहौल में सहयोग की भावना दिखाई दी। यह दृश्य प्रशासन की सक्रियता और जमीनी मौजूदगी का प्रतीक बन गया।

महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि शहर में करीब 150 नगर निगम कर्मचारी जेसीबी और अन्य मशीनरी के साथ लगातार बर्फ हटाने में जुटे हैं। निगम का दावा है कि प्रमुख मार्गों को जल्द बहाल कर यातायात सुचारू किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और हालात सामान्य होने तक एहतियात बरतें।

## संजीवनी — अब वैज्ञानिक देखभाल से पुख्ता होगी फसल

# बर्फबारी-बारिश से बगीचों में आई नई जान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पहाड़ों में छाई सर्द फिजा और हालिया बारिश-बर्फबारी ने बागीचों की मिट्टी में नई जान फूंक दी है। नमी से भरी जमीन, साफ हवा और ठंडक का यह मेल पौधों की जड़ों को मजबूत बनाने और फसल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अनुकूल माना जाता है।



बेहतर फसल की तैयारी को लेकर अधिकारी फील्ड में उतरे।

उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश के निदेशक विनय सिंह ने बागवानों से अपील की कि वे इस मौसम का लाभ उठाकर अपने बागीचों की देखभाल वैज्ञानिक तरीके से करें। उन्होंने कहा कि पौधों के तने के चारों ओर बेसिन बनाना जरूरी है, लेकिन तने से कम से कम एक फुट की दूरी तक खुदाई न करें ताकि जड़ों को नुकसान न पहुंचे।

सिर्फ मिट्टी की तैयारी ही नहीं, बल्कि खाद और पोषक तत्व भी जरूरी हैं। प्रति पौधा 100 किलो सड़ी हुई गोबर या 5 किलो केंचुआ खाद तने से दूर फैलाकर मिट्टी में दबाना चाहिए। मिट्टी जांच रिपोर्ट के अनुसार सिंगल सुपर फॉस्फेट या पोटाश की जरूरत हो तो तने से डेढ़ फुट दूर गोल नाली बनाकर डालें।

नए बगीचे के लिए खेत का सही ले-आउट आवश्यक है। एमएम111, एम7 और एमएम106 रूटस्टॉक में पौधे से पौधे की दूरी 2 मीटर और कतार से कतार 3 मीटर रखें। एम9 रूटस्टॉक के लिए पौधे की दूरी 1 मीटर और कतार की 3 मीटर उपयुक्त है। पथरीली जमीन में कम से कम 4 फुट गहराई तक खुदाई करें।

### अच्छी किस्मों का चयन कर सरकारी अनुदान का लें लाभ

**निदेशक** उद्यान विनय कुमार ने बागवानों से आग्रह किया है कि वे बदलते मौसम के अनुरूप केवल कम चिलिंग वाली और अच्छी गुणवत्ता वाली किस्मों के पौधे खरीदें। इसके लिए नजदीकी उद्यान विभाग की नर्सरी, उद्यान प्रसार अधिकारी, विकास अधिकारी या विषय विशेषज्ञ से संपर्क करें। पौध खरीदते समय बिल लेना आवश्यक है, ताकि एकीकृत बागवानी मिशन के तहत अनुदान का लाभ मिल सके। उच्च सघन खेती में बगीचा लगाने पर प्रति हेक्टेयर 3,75,000 रुपए तक का अनुदान उपलब्ध है।



पूर्ण राज्यत्व दिवस
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

हि.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित, शिमला-9
(प्रदेश सरकार का एक उपक्रम)



निम्नलिखित कार्यकलापों के माध्यम से पिछले 45 वर्षों से प्रदेशवासियों की सेवा में समर्पित।

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित वस्तुएं जैसे चीनी, आटा, चावल आदि उपलब्ध करवाना।
- विशेष अनुदानित वस्तुएं जैसे दालें, तेल एवम् नमक प्रदेश के सभी लगभग 19.42 लाख राशन कार्ड धारकों को प्रतिमाह उपलब्ध करवाना।
- 54 गैस एजेन्सीयों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरकारी योजनाओं के अन्तर्गत गैस की सुविधा उपलब्ध करवाना। वर्तमान में निगम के 04 पेट्रोल पम्प कार्यरत है जोकि लाभमय है।
- 42 दवाई की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को 10.25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक छूट देकर 24 घण्टे सेवा उपलब्ध करवाना।
- सभी सरकारी विभागों को सीमेन्ट, पाईप, दवाएं, मिड-डे-मील हेतु खाद्य वस्तुएं, ग्रामीण विकास विभाग को मनरेगा के अन्तर्गत सीमेन्ट की आपूर्ति करवाना।
- धान की खरीद किसानों से सीधे तौर पर विकेन्द्रीकृत खरीद मॉडल के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 से की जा रही है। वर्ष 2025-26 में धान की खरीद अक्तूबर से दिसम्बर माह तक की गई तथा 21,127 MTs की खरीद की गई।
- निगम द्वारा गेहूँ की खरीद वर्ष 2023-24 से सीधे तौर पर किसानों से की जा रही है। वर्ष 2025-26 के दौरान 2996 MTs गेहूँ की खरीद की गई है।
- निगम द्वारा माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत किसानों से सीधे तौर पर 217 MTs मक्की की खरीद की गई है। उक्त मक्की के आटे को निगम द्वारा 'हिम मक्की आटा' नाम के तहत प्रदेश की उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोगताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है।
- दुर्गम, जनजातीय एवम् हिमाच्छादित क्षेत्रों को सर्दियों के लिए उचित मात्रा में समयानुसार खाद्य वस्तुओं का भण्डारण एवं आपूर्ति सुनिश्चित करवाना।
- आवश्यक वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर सैम्पल परीक्षण करवाना।
- कर्मचारी कल्याण हेतु समय-समय पर विभिन्न योजनाएं लागू किया जाना। कर्मचारी कल्याण कोष की स्थापना तथा सभी निगम कर्मचारियों को बोनस एवम् अनुग्रह राशि प्रदान करना।
- निगम द्वारा जनता की शिकायतों के निवारण हेतु निगम के मुख्यालय में शिकायत निवारण सैल आरम्भ किया गया है। शिकायत कार्यकारी निदेशक, हि.प्र. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित, शिमला को E-Mail ID:-complaint@himapurti.com पर प्रेषित की जा सकती है।
- निगम द्वारा इवेंट मैनेजमेन्ट, कैटरिंग और प्रदर्शनी प्रबन्धन से सम्बंधित सेवाओं के लिए विभिन्न विज्ञापन एजेंसियों/इवेन्ट मैनेजर/कैटरर्ज और प्रदर्शनी मैनेजरों को विभिन्न सरकारी विभागों / बोर्डों/कॉरपोरेशनों की सेवाएं प्रदान करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है ताकि विभागों/निगमों/बोर्डों आदि को समयबद्ध तरीके से प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और गुणात्मक सेवाओं में उपरोक्त सेवाएं प्रदान की जा सकें।
- निगम द्वारा फर्नीचर की आपूर्ति सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों/अस्पतालों / स्कूलों व अन्य संस्थाओं को करने के मद्देनजर नौ आपूर्तिकर्ताओं को EOI के माध्यम से सूचीबद्ध किया गया है ताकि सरकारी विभागों / बोर्डों/निगमों/अस्पतालों/स्कूलों व अन्य संस्थाओं को समयबद्ध तरीके से प्रतिस्पर्धी दरों पर फर्नीचर उपलब्ध करवाया जा सके।
- प्रदेश भर में निगम द्वारा संचालित 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से भारत सरकार के बुनियादी सुरक्षा जाँच अभियान के तहत 252420 के निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 242027 उपभोक्ताओं (96%) के घर-द्वार जाकर उनके गैस कनेक्शनों की सुरक्षा की जांच की गई तथा उन्हें जागरूक किया गया।
- एच.पी.टी.डी.सी. के होटलों को ₹10-15 करोड़ मूल्य के ए-ग्रेड गुणवत्ता वाले राशन, किराना एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की यथासमय आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा रहा है।
- कठिन समय में राहत सुनिश्चित/आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सरकार के निर्देशानुसार समय-समय पर प्रभावित परिवारों को निःशुल्क राशन एवं एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**निगम प्रदेश की जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं व विभागीय आपूर्तियों की निरन्तर, समयबद्ध एवम् गुणवत्ता युक्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।**

प्रबन्ध निदेशक

# 88 रूटों पर बस सेवा ठप, विभिन्न स्थानों पर फंसी 22 एचआरटीसी बसें

## खराब मौसम के कारण यात्रियों को परेशानी, कई रूट आंशिक रूप से निलंबित, एचआरटीसी की अपील: यात्रा से पहले बस सेवाओं की स्थिति की लें जानकारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में जारी भारी बर्फबारी का सीधा असर हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बस सेवाओं पर पड़ा है। बर्फबारी के चलते एचआरटीसी धर्मशाला मंडल के अंतर्गत आने वाले कई रूटों पर यातायात बाधित हुआ है, जिससे यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एचआरटीसी धर्मशाला डिवीजन द्वारा के 24 जनवरी को 567 रूटों पर 768 बस सेवाएं संचालित होनी थीं, लेकिन मौसम खराब होने के कारण 88 रूटों पर सेवाएं पूरी तरह या आंशिक रूप से निलंबित करनी पड़ीं। इस दौरान 29 बसें विभिन्न स्थानों पर बर्फबारी के कारण फंसी रहीं। सबसे अधिक असर चंबा यूनिट में देखने को मिला, जहां 182 रूटों में से 63 रूट प्रभावित हुए और 24 बसें रास्ते में फंस गईं। इसके अलावा धर्मशाला यूनिट में 10 रूटों पर सेवाएं बाधित रहीं, जबकि पठानकोट यूनिट में 9 रूटों पर संचालन प्रभावित हुआ और 2 बसें अटकी रहीं। पालमपुर यूनिट में एक रूट निलंबित रहा और एक बस फंसी, वहीं जोगिंदरनगर और बैजनाथ क्षेत्रों में भी सीमित संख्या में रूट प्रभावित हुए। राहत की बात यह रही कि नगरोटा बगवां यूनिट में सभी रूटों पर बस सेवाएं सामान्य रहीं और कोई बस नहीं फंसी।

एचआरटीसी प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपने नजदीकी बस अड्डे या एचआरटीसी की आधिकारिक सूचना से अपडेट अवश्य लें। मौसम साफ होते ही प्रभावित रूटों पर सेवाएं बहाल करने के प्रयास तेज कर दिए जाएंगे।



### नड्डी और डल से सतोवरी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू

**हिमपात** के कारण शुक्रवार रात नड्डी व डल से सतोवरी सड़क मार्ग पर यातायात के लिए बाधित हो गया था। जिसे शनिवार दोपहर तक संबंधित विभाग द्वारा पूरी तरह से वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। पीडब्लयूडी धर्मशाला नंबर-1 के एसडीओ शुभंक शर्मा ने बताया कि सुबह से ही विभागीय कर्मचारी बाधित सड़क मार्गों को खोलने में जुट गए थे। दोपहर तक सड़कों के अधिकतर हिस्से को खोलकर चौपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह खोल दिया गया था। जबकि जिन हिस्सों में ज्यादा बर्फ का हिस्सा था उसे पूरी तरह क्रेन व जेसीबी के माध्यम से हटाकर दोपहर तीन बजे तक सड़क मार्ग पूरी तरह दुरूस्त कर दिया गया।



मैक्लोडगंज के नड्डी में शुक्रवार को हुए हिमपात में फिसल रहे वाहन को धक्का देकर आगे बढ़ाते हुए लोग। अनंत ज्ञान

# हिमपात के दीदार को उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला/मैक्लोडगंज।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के आसपास के क्षेत्रों में हुए ताजा हिमपात के दीदार के लिए शनिवार को पर्यटकों की बयार उमड़ पड़ी। हिमपात से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं, उन्हें उम्मीद है कि आगामी दिनों में पर्यटक आमद और बढ़ेगी। वहीं पर्यटकों के मैक्लोडगंज की ओर रुख करने के चलते धर्मशाला-मैक्लोडगंज मार्ग पर वाहन रेंगते नजर आए। रुक-रुक कर रहे लगने वाले जाम को यातायात पुलिस कर्मी बहाल करवाते नजर आए। आलम यह था कि जाम में वाहनों के फंसने के कारण कई पर्यटक वाहनों को चालकों के हवाले छोड़कर हिमपात का आनंद लेते हुए पैदल ही आगे की ओर बढ़ते देखे गए। कई जगह सड़क पर हिमपात के वाहन फिसले तो, वहां मौजूद लोग वाहनों को धक्का देकर आगे बढ़ाते नजर आए। हालांकि पिछले सप्ताह मैक्लोडगंज व आसपास के होटलों में आक्यूपेंसी कुछ खास नहीं थी, वहीं हिमपात ने एकाएक आक्यूपेंसी में इजाफा करते हुए इसे 80 फीसदी तक पहुंचा दिया है। ताजा हिमपात का नजारा लेने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ यहां तक की उत्तर प्रदेश के पर्यटकों ने नड्डी मैक्लोडगंज जैसे क्षेत्रों में पर्यटकों ने बर्फ से खेलने का आनंद उठाया जबकि बहुत से पर्यटक इस सुंदर नजारे को अपने कैमरे में कैद करते हुए नजर आए। पर्यटकों का कहना था कि धर्मशाला के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात के बारे में सुना था, जबकि यहां आकर जगह-जगह बर्फ देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला के महासचिव विवेक महाजन ने कहा कि ताजा हिमपात पर्यटन के लिए फायदेमंद रहा है। वीकेंड पर ताजा हिमपात का नजारा लेने के लिए अच्छी संख्या में पर्यटक आए हैं, आशा है कि पर्यटकों की संख्या में और इजाफा होगा।



# जवाली में 1 किलो 20 ग्राम चरस बरामद

## नूरपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, महिला-पुरुष गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा चरस और चिट्टा के खिलाफ अभियान को लगातार जारी रखते हुए एक और बडी सफलता हासिल की है। इसी अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस थाना जवाली के अधीन मुकाम हरसर बस स्टाप के पास बने रेन शैल्टर में गश्त के दौरान पवन कुमार पुत्र कुलदीप कुमार निवासी गांव हरसर तहसील ज्वाली जिला कांगडा व राखी पत्नी अशोक निवासी हाउस न 11, वार्ड न 01 सपेरा बस्ती, दोराहा लुधियाणा पंजाब के कब्जे से 1 किलो 20 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। जिस पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना ज्वाली में अभियोग अधीन धारा 20, 29-61-85 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त अभियोग में आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

इस अभियोग की जांच के दौरान यह पाया गया है कि आरोपी पवन कुमार शातिर व अभ्यस्थ अपराधी है जिस पर पहले भी पुलिस थाना ज्वाली में मादक पदार्थ अधिनियम के अधीन एक अभियोग व आबकारी अधिनियम के तहत 11 अभियोग पंजीकृत हैं। भविष्य में भी जिला पुलिस नूरपुर का नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। जिला पुलिस नूरपुर जनता से अपील करती है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में पुलिस का साथ दें और अपने क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।



पुलिस टीम के साथ चरस सहित पकड़े महिला व पुरुष। अनंत ज्ञान

# यातायात नियमों पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर और ग्राम पंचायत हारचकियां में शनिवार को सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लोक संपर्क विभाग द्वारा एक व्यापक सडक़ सुरक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्रों, युवाओं, वाहन चालकों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान कलाकारों द्वारा सडक़ सुरक्षा नियमों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, तेज गति से वाहन चलाने के दुष्परिणामों तथा नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को व्यावहारिक उदाहरणों और लघु प्रदर्शनों के माध्यम से सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित व्यवसाई राजिंदर कुमार वर्मा उर्फ रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें, तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# शाहपुर में मनरेगा बचाओ संघर्ष को मिली धार

## मोदी सरकार की गरीब-विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस की जोरदार हुंकार

अनंत ज्ञान

**कोहली/शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चल रहे मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराग शर्मा के शाहपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और जोश के साथ भव्य स्वागत कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि मनरेगा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह संघर्ष के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से कहा गया कि मोदी सरकार गरीब-मजदूर विरोधी सोच के तहत कांग्रेस शासन में शुरू हुई ऐतिहासिक योजना मनरेगा को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर कर रही है। बजट में लगातार कटौती, मजदूरों को समय पर भुगतान न होना, कार्यदिवसों में कमी और नियमों में मनमाने बदलाव कर मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रची जा रही है।

इस मौके पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा पर हमला, देश के गरीब और मजदूर के हक़ पर सीधा हमला है। मोदी सरकार कॉरपोरेट मित्रों के दबाव में गरीब की थाली और रोजग़ार दोनों छीनना चाहती है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश को किसी भी सूरत में सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण गांवों में बेरोजग़ारी, पलायन और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है, जबकि मनरेगा जैसी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। कांग्रेस आने वाले समय में बूथ से लेकर गांव-गांव तक जनजागरण अभियान चलाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेगी। विधायक पठानिया ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर घर तक जाकर यह सच्चाई पहुंचाएं कि भाजपा सरकार जानबूझकर मनरेगा को खत्म करना चाहती है, ताकि गरीब वर्ग अपने अधिकारों से वंचित हो जाए।




शाहपुर में मनरेगा बचाओ अभियान के दौरान संवाद करते हुए। अनंत ज्ञान

# उपायुक्त हेमराज बैरवा ने दिलाई मतदान की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को अवकाश होने के चलते उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा रखते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक को मताधिकार प्रदान किया है, जो लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है कि वह अपने इस अधिकार का प्रयोग निर्भीक, निष्पक्ष और जिम्मेदारी के साथ करे। उपायुक्त ने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि मतदान करते समय किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय, भाषा अथवा व्यक्तिगत लाभ से प्रभावित हुए बिना केवल राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती को ध्यान में रखते हुए मतदान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन ही सशक्त लोकतंत्र की पहचान है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

# कांग्रेस को मनरेगा का नाम बदलने से नहीं बल्कि राम के नाम से परेशानी: चेतक कंवर

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांग्रेस पार्टी को मनरेगा का नाम बदलने से नहीं बल्कि राम के नाम से परेशानी है । भाजपा मंडल महामंत्री चेतक कंवर ने बयान जारी करते हुए कहा कि जी राम जी ग्रामीण रोजगार का एक विशेष महत्व है यह केवल कमजोर परिवारों की आय की सुरक्षा नहीं देता बल्कि ग्राम विकास स्थिरता का भी एक साधन है। मंडल महामंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात का दुख है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने मनरेगा को एक व्यावहारिक रूप देने के लिए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन ग्रामीण यानी वीबी जी राम जी के रूप में भारत को रोजगार व सम्मानजनक दिहाड़ी और समयबद्ध भुगतान की मजबूत गारंटी प्रदान करने का प्रयास किया है, तो कांग्रेस के लोगों को फिर इस योजना के नाम पर पेट में दर्द क्यों है? उन्होंने कहा जबकि यह योजना गरीब कल्याण, गांवों के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। कंवर ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों को अधिक दिहाड़ी के साथ रोजगार की सुनिश्चित गारंटी मिलेगी ही, साथ में मजदूरी का भुगतान जो पहले 15 दिनों में होता था वह अब सात दिनों में सीधे श्रमिकों के बैंक खाते में जाएगा कारणवश निर्धारित समय में भुगतान नहीं होता है तो ब्याज सहित भुगतान प्रदान करने का भी इस विधेयक में प्रावधान किया गया है।

इस योजना के आकार में निश्चित रूप से ग्रामीण भारत की तस्वीर विकास की दृष्टि से मजबूत होगी और हिमाचल जैसे हिमालय राज्य के लिए 90 फीसदी केंद्र का सहयोग और 10 फीसदी राज्य सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जहां पर पहले 100 दिन के रोजगार का प्रावधान था अब इस मिशन में 125 दोनों का प्रावधान किया गया है अगर किन्हीं कारणों से किसी पात्र व्यक्ति को रोजगार नहीं मिलता है तो उसे भत्ता देने का भी इस एक्ट में प्रावधान किया गया है। मंडल महामंत्री ने कहा कि यह योजना चार मुख्य विषयों पर ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका पर केंद्रित है।

# पर्यटन होटलों को मिली गोल्फ कार्ट की सौगात, आरएस बाली ने किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश के चार पर्यटन होटलों को गोल्फ कार्ट की सुविधा प्रदान की गई है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आर.एस. बाली ने पालमपुर स्थित टूरिज्म होटल से गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक पर्यटन राजीव कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। आर.एस. बाली ने खज्जियार, चायल और कसौली स्थित पर्यटन होटलों के लिए भी गोल्फ कार्ट की सुविधा प्रदान की, जिनका शुभारंभ उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर बाली ने कहा कि पर्यटन होटलों में गोल्फ कार्ट की सुविधा उपलब्ध होने से यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी तथा पर्यटन निगम के होटल पहले से अधिक आकर्षक बनेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई निजी होटलों में इस तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में पर्यटन निगम के होटलों में गोल्फ कार्ट की शुरुआत पर्यटकों को आकर्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य पर्यटन निगम के होटलों की आय में वृद्धि करना है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक इन होटलों की ओर आकर्षित हों।

आरएस बाली ने जानकारी दी कि चायल पर्यटन होटल को दो गोल्फ कार्ट जबकि पालमपुर, कसौली और खज्जियार के पर्यटन होटलों को एक-एक गोल्फ कार्ट प्रदान की गई है। इन गोल्फ कार्ट की कुल लागत लगभग 48 लाख रुपए है।



गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते आरएस बाली। अनंत ज्ञान

# नगरोटा में कंप्यूटर साइंस व नर्सिंग कॉलेज युवाओं के लिए बड़ा कदम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग और टांडा मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज शुरू होना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा। यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने नगरोटा आईपीएच विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहे। इस दौरान उनके साथ एसडीएम नगरोटा मुनीश शर्मा सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा नगरोटा के राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में इस वर्ष से कंप्यूटर साइंस विभाग शुरू हो गया है और बच्चों की एडमिशन भी हो चुकी हैं अब नगरोटा में कंप्यूटर इंजीनियरिंग भी तैयार होंगे जो देश-विदेश की बड़ी कंपनियों में नगरोटा और समस्त हिमाचल का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा मेडिकल कॉलेज टांडा में भी नर्सिंग कॉलेज शुरू हो गया है जहां प्रदेश की बेटियां शिक्षा ग्रहण करेंगी और प्रदेश भर में अपनी सेवाएं स्वास्थ्य क्षेत्र में देंगी।

# धर्मशाला में ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज

- दो दिवसीय प्रतियोगिता में 200 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंध निदेशक अल्पाइन विला एवं ब्लैक मैजिक रवि अरोड़ा द्वारा किया गया। मुख्यअतिथि द्वारा इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक निदेशक स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल अजय राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष विशाल मिश्रा एवं पदाधिकारी विक्रम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा से लगभग 200 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के मुकाबले में अंडर 15 लडक़ों के एकल मुकाबले में किंशुक ने शिवांश को हराकर अर्णव पटियाल ने किनसुख सलोत्रा को हराकर, एलविश ने आध्या चौधरी को हराकर, तन्मय ने नक्श भारद्वाज को हराकर, आरुष ने पीयूष को हराकर, रियाज ने रेयांश को हराकर, अथर्व ने अद्वे को हराकर, अरुण ने विनायक को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। अंडर 11 लडक़ों के एकल मुकाबले में त्रासित ने आह्वान को हराकर, शिवम ने विश्वम पठानियों को हराकर, देवांश कौंडल ने कार्तिक को हराकर, अभिमन्यु ने देवांश ठाकुर को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता के विजेता विजेताओं को समापन समारोह में मेडल तथा कैश प्राइज राशि भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

# बच्चों व अध्यापकों ने ली मतदाता की शपथ

## पीएम श्री पाठशाला भवारना में मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



पीएम श्री पाठशाला भवारना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर चित्रकला और नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** शनिवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवारना में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया, जिसमें सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या काजल ने बच्चों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में जानकारी दी।

सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण की। इस मौके पर सभी विद्यार्थी व शिक्षकगण मौजूद रहे।

**बैठक** आयुर्वेदिक सेवाओं के उन्नयन को लेकर आरकेएस बैठक आयोजित, कई प्रस्ताव स्वीकृत

# एचपीटीडीसी होटलों में उपलब्ध करवाएं पंचकर्म सुविधाएं: डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला आयुर्वेदिक अस्पताल धर्मशाला की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की बैठक शनिवार को उपायुक्त कांगड़ा एवं अध्यक्ष आरकेएस हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आयुष विभाग, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा आरकेएस के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 16 जनवरी 2024 को आयोजित शासकीय समिति की पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई पर चर्चा की गई। समिति द्वारा वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के आय-व्यय विवरण पर विचार-विमर्श कर उसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित व्यय 12 लाख 5 हजार को भी स्वीकृति प्रदान की गई। गवर्निंग बॉडी द्वारा अस्पताल में रखरखाव से संबंधित विभिन्न आवश्यक कार्यों को करवाने की भी स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने एचपीटीडीसी के स्थानीय होटलों के साथ आपसी सहयोग स्थापित कर पंचकर्म सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही ईसीएचएस लाभार्थियों को पंचकर्म एवं आयुष सेवाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने प्रयास भवन, धर्मशाला स्थित नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन व्यक्तियों को पंचकर्म सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। इसके साथ ही चिकित्सालय में संचालित मेडिकल स्टोर की की टेंडर प्रक्रिया को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने चिकित्सालय के नए भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने कहा कि आयुर्वेदिक सेवाओं को और अधिक सृदृढ़, बनाने के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में ओएसडी आयुष डॉ. सुनीत पठानिया, डिप्टी डायरेक्टर (कांगड़ा जोन) डॉ. पूनम जरेट, जिला आयुष अधिकारी कांगड़ा डॉ. बृज नंदन, प्रभारी जिला आयुर्वेदिक अस्पताल डॉ. शिखा शर्मा, सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज कश्यप, रमेश धीमान (एसडीओ, स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड), ओपी शर्मा, अजय संध्या, जिला कल्याण अधिकारी साहिल मांडला, पीओ डीआरडीए भानु प्रताप सिंह, डीपीओ अशोक कुमार शर्मा, डॉ. आशीष राणा, इंजीनियर संदीप गुलेरिया, नवीन कुमार शर्मा, नंदिनी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



जिला आयुर्वेदिक अस्पताल धर्मशाला की आरकेएस की गवर्निंग बॉडी की बैठक में सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

# छात्रा मौत मामला : फॉरेंसिक लैब से दो रिपोर्ट आना शेष

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में आरएफएसएल लैब से भेजे गए मोबाइलों में से शेष बची दो रिपोर्ट आना अभी बाकी है। जिनका पुलिस द्वारा इंतजार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा मामले में के संदर्भ में छात्रा के मोबाइल सहित आरोपियों व छात्रा की सहेली के मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया था। इनकी जांच में से अधिकतर डिजिटल रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त हो चुकी हैं। आरएफएसएल से प्राप्त रिपोर्टों का पुलिस द्वारा अध्ययन किया जा रहा है। जबकि मामले की गंभीरता को देखते हुए 7 जनवरी को छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री व इलाज की पद्धति को जानने के लिए गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट भी 17 जनवरी को पुलिस को प्राप्त हो चुकी है। जिसके अध्ययन व प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर जांच जारी है। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात एक जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीडन् के आरोप में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था।

> पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू पर गहन जांच जारी है। जबकि आरएफएसएल से प्राप्त होने वाली शेष बची डिजिटल साक्ष्य रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।
> **अशोक रत्न, एसपी जिला कांगड़ा**

# अब मूल्यांकन केंद्र पर खाली हाथ आएंगे व जाएंगे शिक्षक : डॉ. राजेश

## सीसीटीवी फुटेज खराब हुई तो होगी कार्रवाई, गलत मार्किंग करने वालों पर बोर्ड कसेगा शिकंजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं को अब शिक्षक घर नहीं ले जा पाएंगे। मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षकों को खाली हाथ आना होगा और खाली ही जाना होगा, कोई भी शिक्षक उत्तरपुस्तिकाएं घर पर चेक करने के लिए नहीं ले जा पाएंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा ने यह सुनिश्चित करने की बात कही है। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान किसी केंद्र की सीसीटीवी फुटेज खराब होने की सूचना आती है तो उस केंद्र पर कार्रवाई की जाएगी, चाहे परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूल में हो या फिर निजी स्कूल में। बोर्ड चेयरमैन ने स्पष्ट किया है कि यदि ऐसा किसी केंद्र में ऐसा पाया गया तो निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी। यही नहीं गलत मार्किंग करने वाले शिक्षकों पर भी बोर्ड कार्रवाई करेगा, क्योंकि गलत मार्किंग परीक्षार्थियों को प्रभावित करती है।

बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि दसवीं के स्टूडेंट्स की यदि मार्च की परीक्षा में परफॉर्मेंस अच्छी नहीं रहती है तो ऐसे स्टूडेंट्स के लिए जून में भी परीक्षा का मौका दिया जाएगा। जून की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों के अंकों को, मार्च में आयोजित परीक्षा में प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की इस पहल से वार्षिक परीक्षाओं के समय प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी यदि मार्च में परीक्षा से वंचित रहते हैं तो उन्हें जून में परीक्षा का मौका मिलेगा। अभी यह पहल दसवीं की परीक्षा में शुरू की गई है, परिणामों के आधार पर इसे बारहवीं में भी शुरू किया जा सकता है।



स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा प्रेसवार्ता के दौरान। अनंत ज्ञान

### परीक्षार्थी परीक्षा का स्ट्रेस न लें और तैयारी करके आएं

**बोर्ड** परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए, बोर्ड की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बीच बोर्ड चेयरमैन ने कहा कि परीक्षार्थी परीक्षा का स्ट्रेस न लें और तैयारी करके आएं और अपना बेस्ट देने का प्रयास करें। चेयरमैन ने कहा कि कई जगहों पर असामाजिक तत्वों द्वारा नकल करवाने की सूचना मिलती है, ऐसे में समाज को भी जागरूक होना होगा। ऐसे तत्वों की सूचना के लिए, बोर्ड की ओर से एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा।

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोसरी, ब्लॉक लंबागांव, जिला कांगड़ा में समग्र शिक्षा के अंतर्गत छात्राओं हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 19 से 24 तारीख तक किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक दीपक कुमार द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं।

## सालगिरह मुबारक



बलहर के अमित और मीनाक्षी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# आयुष मंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाएगी ब्लॉक कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिवस 4 फरवरी को जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस धूमधाम से मनाएगी। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व जिला मार्केट कमिटी के सदस्य जसवंत डढवाल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मंत्री यादविंद्र गोमा के जन्मदिन पर खेल प्रतियोगिताएं, मेडिकल कैंप, रोजगार मेला, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जसवंत डढवाल ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 66 शिक्षकों ने लिया कार्यशाला में हिस्सा



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिक्षा खंड बैजनाथ व चढियार के लगभग 66 अध्यापकों द्वारा पूर्व प्रारंभिक प्राथमिक कक्षाओं के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन अक्षय पैलेस स्थित कुन्सल में हुआ। इस कार्यशाला के समन्वयक प्राथमिक शिक्षक संघ के खंड प्रधान मनीष आनंद रहे। इसमें पूर्व प्राथमिक अध्यापकों की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए कार्यशाला का संचालन हुआ। कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर शिक्षा खंड बैजनाथ के कार्यालय अधीक्षक रमेश कुमार व संजीव राणा और एसएसए अकाउंटेंट सत्येंद्र जरयाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### देहण में पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** संभाग उत्तर हिमाचल भाग कांगड़ा अंचल पालमपुर एकल अभियान गतिविधि विभाग द्वारा सैनिक सम्मान समारोह में 18 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत ओम का उच्चारण, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा से की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्विनी पठानिया ,वशिष्ठ अतिथि कर्मचंद , संभाग गतिविधि प्रमुख राहुल ठाकुर, संभाग कार्यालय प्रमुख नवीन, भाग अभियान प्रमुख विपिन सपहिया, भाग गतिविधि प्रमुख बेबी बलौरिया, अंचल उपाध्यक्ष रीना, अंचल अभियान प्रमुख आशा, अंचल गतिविधि प्रमुख निशा, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख अंजना, अंचल साधक नरवीना, संच प्रशिक्षक व 150 के करीब लोक उपस्थित रहे।

### छात्रों को सड़क नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** केंद्र सरकार की पहल के तहत जनवरी माह में विशेष सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पठानकोट में नेशनल हाईवे जालंधर मार्ग पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोंटरपुर में सड़क सुरक्षा कैंप आयोजित किया गया। कैंप में एएसआई सुभाष चंद्र, कांस्टेबल हैप्पी कुमार, कांस्टेबल दिलजीत सिंह और कांस्टेबल मनीषा कुमारी ने भाग लिया। एएसआई सुभाष चंद्र ने छात्रों को सड़क नियमों के महत्व, सड़क सुरक्षा बल की हेल्पलाइन और अन्य पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल ने भी बच्चों को खेलों में भाग लेकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। एसएसपी पठानकोट दलविंदर सिंह ढिल्लों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत यह कैंप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### फतेहपुर में शिव मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा एवं पुलिस जिला नूरपुर के फतेहपुर थाना क्षेत्र में तीसरे महादेव विशाल शिव मंदिर भंडारा और जागरण श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शिव मंदिर में हवन-यज्ञ और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई। इस धार्मिक आयोजन में एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा, जवाली के डीएसपी बीरी सिंह, पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और जागरण में भक्ति संगीत ने माहौल भक्तिमय बना दिया। प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू खानपुरिया ने शिव भजनों की प्रस्तुति दी। थाना प्रभारी पवन गुप्ता ने बताया कि जनता और प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन सफल रहा, जिससे समाज और प्रशासन की संयुक्त भूमिका का उदाहरण सामने आया।

# एनजीटी व उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें विभाग : एडीसी

- वर्चुअल बैठक में पर्यावरण नियमों के पालन और कचरा प्रबंधन की समीक्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सभी विभाग नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तथा उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के तहत कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने यह बात कही। बैठक में जिला में एनजीटी के तहत गठित समितियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई।

एडीसी ने कहा कि एनजीटी के नियमों को लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के कार्यों के प्रति जिम्मेदार रहें तथा इसकी अनुपालन के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में स्वच्छता बनाए रखने के दृष्टिगत नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट तथा कंस्ट्रक्शन वेस्ट आदि के प्रबंधन के लिए जो नियम बनाए गए है, उनका सफल तरीके से क्रियान्वयन विभाग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस एवं तरल कचरे का सही निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है, इस दिशा में भी विभागों को कार्य करना चाहिए। बैठक में बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तहत जिला में स्वास्थ्य सुविधाओं, जिला में बायो मेडिकल वेस्ट की मात्रा व उनका प्रबंधन, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा जिला में चल रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, निर्माणाधीन प्लांट की प्रगति आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ वरूण गुप्ता ने बैठक का संचालन किया तथा विभिन्न मुद्दों का विस्तृत ब्यौरा पेश किया।

# ओबीसी कल्याण मंडल सुलह ने सीएम को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दौरे के दौरान ओबीसी कल्याण मंडल सुलह के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अपना मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में 93वें संविधान संशोधन के तहत ओबीसी वर्ग के लोगों को आरक्षण के बारे में संवैधानिक अधिकारों को अभिलंब लागू करने के लिए मांग की गई। मुख्यमंत्री ने ओबीसी वर्ग की मांग को लागू करने का आश्वासन दिया। सुलह ब्लॉक इकाई के प्रधान लेखराज चौधरी तथा घृत-बाहती-चाहंग के प्रधान रमेश चौधरी ने बताया कि अगर आने वाले समय में दोनों पार्टियों ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया तो 2027 के विधानसभा चुनावों में दोनों पार्टियों को ओबीसी वर्ग का घोर विरोध सहना पड़ सकता है, अत: उन्होंने उम्मीद बताई है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों इस मुद्दे पर सदन में गंभीरता से विचार करके इसे लागू करने में अपना सहयोग देंगे। यह जानकारी घृत-बाहती-चाहंग के प्रधान रमेश चौधरी ने दी।

# युवाओं को बताई मताधिकार की अहमियत

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लॉरेट फार्मेसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब ने 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और साथ ही साथ वीमेन सेल ने बालिकाओं को सशक्त बनाना, राष्ट्र को सशक्त बनाना पर सेमिनार का आयोजन किया । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला हिमाचल प्रदेश से प्रोफेसर मृदुला शर्मा और अधिवक्ता मिस भावना शर्मा रही । मुख्य वक्ताओं का कॉलेज प्रबंधन तथा प्राचार्य एवं निर्देशक प्रोफेसर डॉ एम् एस आशावत द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया।

इसके पश्चात मुख्य वक्ता का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया इस वर्ष की मुख्य थीम माय इंडिया, माय वोट है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना था डॉ प्रोफेसर मृदुला शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक नागरिक का वोट बेहद अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों को यह संदेश दिया कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि देश के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने बताया कि युवा मतदाताओं की भागीदारी न केवल चुनावी परिणामों को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में जिम्मेदार नागरिक होने की भावना को भी जागृत करती है। उन्होंने छात्रों को डिजिटल और ऑफलाइन माध्यमों से मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उन्होंने सवाल-जवाब सत्र में भी सक्रिय भागीदारी दिखाई। अधिवक्ता भावना शर्मा ने बालिकाओं को सशक्त बनाना, राष्ट्र को सशक्त बनाना विषय पर प्रेरक टॉक दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ विनय पंडित, डॉ अमरदीप अंकलगी, डॉ प्रतिमा आशावत डॉ परवीन, डॉ अदिति कौशिक, डॉ शिव कुमार खुशवा तथा स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



लॉरेट फार्मेसी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

# शिक्षा ही सशक्त भविष्य की आधारशिला : पठानिया

## अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर रैत में कार्यक्रम में विधायक ने की शिरकत

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज प्रस्तावित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैत में अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस के पूर्व दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस प्रतिवर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है, जो शांति, समानता और सतत विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस सभी के लिए समावेशी, समान एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार पर बल देता है, जिससे शिक्षा के माध्यम से गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने सभी उपस्थित जनों को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस तथा हिमाचल प्रदेश पूर्ण राज्यत्व दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। विधायक ने जानकारी दी कि रैत विद्यालय को राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसके लिए लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से भव्य भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त चम्बी मैदान में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर खेल वातावरण उपलब्ध हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य शमशेर भारती ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 11 विद्यार्थियों को लगभग 2 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, जबकि अन्य 108 विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छात्रवृत्तियों का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विधायक ने जमा दो में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अंकिता को 11,000 रुपये प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की तथा अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया।




रैत में कार्यक्रम के दौरान विधायक को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

# धर्मशाला के डॉ. संजय कुमार राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न से होंगे सम्मानित

- शिक्षा व समाजसेवा में बहुआयामी योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के धर्मशाला उपमंडल से संबंध रखने वाले वरिष्ठ शिक्षाविद्, नवाचारक एवं समाजसेवी डॉ. संजय कुमार को शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उनके बहुआयामी, नवाचारी और दीर्घकालिक योगदान के लिए राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025-26 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों की सूची में शामिल होने पर प्रदान किया जा रहा है। डॉ. संजय कुमार वर्तमान में खरटी स्कूल (पालमपुर) में टीजीटी के पद पर कार्यरत हैं। अपने लंबे सेवाकाल में उन्होंने न केवल विद्यालय स्तर पर बल्कि शैक्षणिक प्रशासन एवं अकादमिक सहयोग के विभिन्न दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे बीआरसीसी (प्राथमिक एवं माध्यमिक) धर्मशाला व पालमपुर सहित विभिन्न पदों पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखते हैं, जहां उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, शिक्षक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षण पद्धतियों की बात करें तो डॉ. कुमार ने कक्षा-कक्ष को जीवंत बनाने के लिए खेल-खेल में सीखना, अनुभवात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण को अपनाया। विशेष रूप से समाज विज्ञान विषय को गतिविधि आधारित, जीवन से जुड़ा और व्यवहारिक रूप में पढ़ाने की उनकी शैली विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशीलता व सामाजिक समझ विकसित करने में सहायक रही है।

विद्यालय को समाज से जोड़ने की दिशा में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कम्युनिटी मोबिलाइजेशन के माध्यम से अभिभावकों, स्थानीय समुदाय, पंचायती राज संस्थाओं, सामुदायिक संगठनों एवं विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं को विद्यालयों से जोडक़र शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया। सामाजिक क्षेत्र में डॉ. संजय कुमार की सक्रिय भूमिका वर्ष 1992 से साक्षरता अभियानों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ी रही है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उप निदेशक मेरा युवा भारत कांगड़ा ध्रुव डोगरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत, कांगड़ा और भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर 25 जनवरी 2026 को एक भव्य मतदाता जागरूकता रैली, पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाना तथा अधिकाधिक युवाओं को सक्रिय लोकतांत्रिक सहभागिता हेतु प्रेरित करना है। यह रैली साई स्टेडियम, धर्मशाला से प्रारम्भ होकर गांधी स्मारक, धर्मशाला और वापसी पर सम्पन्न होगी, जिसमें युवाओं, स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं तथा जनसामान्य की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी का उत्सव है, और एक सशक्त राष्ट्र की नींव तभी मजबूत होती है।

# रमन शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर, खेलों से जुड़ने का दिया संदेश



कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिवम शर्मा, परागपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर (गरली) इकाई द्वारा युवा पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर शनिवार को कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ।

उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि भाजयुमो के जिला अध्यक्ष रमन शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं के जीवन में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और आदर्शों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का मार्ग दिखाता है।

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत पहला कबड्डी मैच बलाहर और प्रागपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें प्रागपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। साथ ही वॉलीबाल प्रतियोगिता का भी विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम** ग्रिप 4.0 में जमीनी स्तर के नवाचारों को उत्पाद और उद्यमिता से जोड़ा

# युवाओं-किसानों के लिए 21वीं सदी के कौशल आवश्यक

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट बधानी में पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (पी) जालंधर द्वारा पंजाब सरकार के सहयोग से ग्रासरूट्स इनोवेटर्स ऑफ पंजाब (ग्रिप) प्रोग्राम 4.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीसी (डी) जसवंत सिंह ब्रीच ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। यह कार्यक्रम 21वीं सदी के कौशल विकास के लिए महत्वपूर्ण है और ग्रामीण क्षेत्र के विकास में सहायक सिद्ध होगा।

पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के डॉ. मृगिंदर सिंह बेदी ने बताया कि ग्रिप 4.0 संस्करण को दिसंबर 2025 में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम में कृषि मशीनरी, मधुमक्खी पालन और खाद्य उत्पादों से जुड़े जमीनी स्तर के नवाचारों पर खास ध्यान दिया गया है। डॉ. मनप्रीत सिंह ने बताया कि यह पहल पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया के सहयोग से संचालित की जा रही है। इस कार्यक्रम की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर के विचारों को वास्तविक उत्पादों में बदलना, बौद्धिक संपदा (ढ्ढक्क) की सुरक्षा करना और ग्रामीण इनोवेटर्स को उद्यमिता से जोड़ना है। यह खासकर उन लोगों के लिए है जो गैर-तकनीकी पृष्ठभूमि से आते हैं और स्थानीय समस्याओं के समाधान खोजते हैं। इस अवसर पर नैब तहसीलदार रणदीप सिंह, निधि मेहता (नोडल ऑफिसर), और चरण कमल जालंधर ने भी अपने विचार रखे। चेयरमैन एसके पुंज ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्गदर्शन देंगे और उनकी प्रतिभा को निखारने में मददगार साबित होंगे। प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगई और डॉ. नेहा तुली ने बताया कि कार्यक्रम में माननीय सरपंच भी शामिल हुए, जो गांव-गांव जाकर इस पहल की जानकारी आम जन तक पहुंचाएंगे।

कार्यक्रम में साई ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज, रिया पुंज, डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. विपिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. नवदीप सांवल, डॉ. दिनेश महाजन, सजय पंडित, प्रो. सुलक्ष्य कुमार मुरगई, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. नेहा तुली, प्रो. समिंदर तरवाल, प्रो. दीपक, डॉ. विभूति, अश्वनी शर्मा, स्टाफ एवं स्टूडेंट्स भी उपस्थित थे।



मुख्यातिथि जसवंत सिंह ब्रीच का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

# बड़ोई कार्निवाल में लोक गायिका ममता भारद्वाज ने मधुर आवाज से बांधा समां



बड़ोई कार्निवाल में सांस्कृतिक संध्या में मौजूद दर्शक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** पद्धर पंचायत में शिव शक्ति मेला कमेटी एवं ग्राम पंचायत पद्धर के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति महापर्व के अवसर पर आयोजित बड़ोई कार्निवाल के छठे दिन भी स्टार नाइट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के सुंदरनगर से आई प्रसिद्ध लोकगायिका ममता भारद्वाज ने अपनी सुमधुर आवाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने कुल्लवी, मंडियाली, गद्दी लोकगीतों के साथ-साथ हिंदी, पंजाबी और बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे पंडाल को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मेले के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुराग शर्मा रहे। उनके साथ नेताजी सुभाष चंद्र बस नर्सिंग कॉलेज के अध्यक्ष भुवनेश सूद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मेले ग्रामीण प्रतिभाओं और लोक संस्कृति को संजोने का सशक्त माध्यम हैं। शिव शक्ति मेला कमेटी के प्रधान बॉबी गोस्वामी एवं उप प्रधान कुलदीप कुमार ने बताया कि यह मेला पूरे हिमाचल प्रदेश में पंचायत स्तर पर पहली बार पद्धर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले के माध्यम से प्रदेश के स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यह मेला 14 जनवरी से 28 जनवरी तक लगातार चलेगा और क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का केंद्र बना रहेगा।

# डलहौजी में एनएच-154ए पर घंटों जाम में फंसे सैलानी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डलहौजी क्षेत्र में हुई ताजा बर्फबारी ने जहां पहाड़ों की खूबसूरती में इजाफा किया है, वहीं दूसरी ओर इस हिमपात ने आम जनजीवन के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। लगातार हो रही बर्फबारी के कारण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दुर्गम एवं ऊंचाई वाले इलाकों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बीती रात से जारी बर्फबारी के चलते कई सड़कों पर वाहन फिसलते नजर आए, जबकि अनेक स्थानों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सुबह होते ही पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की टीमें सड़कों को बहाल करने तथा यातायात सुचारू करने में जुट गईं। इसके बावजूद दोपहर बाद तक राष्ट्रीय राजमार्ग 154-ए पर भारी जाम की स्थिति बनी रही, जिससे बर्फबारी से निपटने की तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए।

बर्फबारी का आनंद लेने बाहरी राज्यों से पहुंचे सैलानी भी जाम और कड़ाके की ठंड के कारण खासे परेशान नजर आए। घंटों तक जाम में फंसे बुजुर्गों और छोटे बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शाम तक भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। विशेष रूप से एनएच-154ए पर बनीखेत के वैकुंठ नगर से लेकर तलगुट पेट्रोल पंप तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और लोग भारी असुविधा से जूझते रहे।

प्रशासन द्वारा सड़क बहाली के प्रयास लगातार जारी हैं, वहीं लोगों से अपील की गई है कि मौसम सामान्य होने तक अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# खज्जियार में सैलानियों की बढ़ी भीड़

## बर्फबारी और तेज हवाओं के बीच पर्यटन स्थलों पर बढ़ा उत्साह, जनजीवन प्रभावित

अनंत ज्ञान

**चंबा।** काफी लंबे इंतजार के बाद चंबा जिले में मौसम ने आखिरकार करवट ले ली है। जिले के निचले इलाकों में बारिश हुई, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। तापमान में हुई उल्लेखनीय गिरावट के कारण ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

देर रात तेज हवाओं और तूफान के कारण जिले के कई क्षेत्रों में नुकसान की भी खबरें सामने आई हैं। कुछ स्थानों पर घरों की छतें उड़ने की घटनाएं हुईं। हालांकि मौसम में इस बदलाव के बाद दिन के समय जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ती नजर आई। 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से मशहूर खज्जियार में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। अत्यधिक ठंड और तेज हवाओं के बावजूद बर्फ से ढके प्राकृतिक नजारों ने सभी का मन मोह लिया। मौसम साफ रहने की स्थिति में आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। बाहर के राज्यों से आए सैलानियों ने कहा कि खज्जियार सचमुच मिनी स्विट्ज़रलैंड जैसा अनुभव कराता है। बर्फबारी के बाद यहां की खूबसूरती और भी निखर गई है। कई पर्यटकों ने बताया कि वे सामान्य भ्रमण के लिए आए थे, लेकिन अचानक हुई बर्फबारी उनके लिए यादगार बन गई। सैलानियों ने इस पल को अपने कैमरों में कैद किया और जमकर फोटोग्राफी का आनंद लिया।

वहीं दूसरी ओर बर्फबारी और तूफान के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा जिले में करीब 100 से अधिक सड़कें बर्फबारी के चलते अवरुद्ध हो गई हैं। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग ने मोर्चा संभाल लिया हैढ्ढ और तेज हवाओं से कई घरों की छतें उड़ने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

उपायुक्त चंबा, मुकेश रेपसवाल ने बताया कि चंबा क्षेत्र में लगभग 10 और भरमौर क्षेत्र में 3 घरों की छतें उड़ने की सूचना मिली है, लेकिन किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने सैलानियों से अपील की कि वे दिन के समय ही पर्यटन स्थलों का भ्रमण करें और रात के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचें। साथ ही उन्होंने पहले से ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी सलाह दी।

### चुराह में ग्रामीण घरों में कैद, बिजली 3 दिन से ठप



**अनंत ज्ञान, चुराह।** चुराह उपमंडल की अति दुर्गम ग्राम पंचायत टेपा के हैल गांव में करीबन 3 फुट बर्फबारी हुई है, जिससे ग्रामीण घरों में कैद हो गए हैं। बिजली तीन दिनों से ठप है, और 2 दिन से जियो का नेटवर्क भी गायब है। बैरागढ़ देवीकोठी टेपा मार्ग भी बंद है, जिससे पंचायत के टेपा, हैयल चंडरू, गुवाड़ी, पिशोगा, डेरा, बाहला व द्रढोगा सहित कुल आठ गांवों की 5 हजार आबादी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों को आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, और उन्हें प्रशासन से मदद की गुहार लगानी पड़ी है। ग्रामीणों ने बताया कि बर्फबारी के कारण उनके घरों की छतें बर्फ से ढक गई हैं, और उन्हें घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। बिजली और नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण उन्हें अपने प्रियजनों से संपर्क करने में भी परेशानी हो रही है।

# भरमाणी माता जोत पर फंसे 2 युवाओं के रेस्क्यू में सुरजीत भरमौरी ने संभाला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र के दो युवक—पीयूष (13 वर्ष) और विकसित (19 वर्ष)—2-3 दिन पहले पिकनिक मनाने के लिए भरमाणी माता जोत गए थे। लेकिन अचानक हुई भारी बर्फबारी के कारण दोनों 3 से 5 फीट तक बर्फ में युवक टेंट और स्लीपिंग बैग के साथ जोत पर फंसे हुए हैं और उनकी सुरक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल है।



इस आपात स्थिति में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चम्बा सुरजीत भरमौरी ने खुद मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने कहा, 'जनहित और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए मैंने खुद इस मोर्चे को संभाला है। युवाओं और उनके परिवारों से लगातार संपर्क में हूं और प्रशासन एवं सरकार के साथ मिलकर उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं।' सुरजीत भरमौरी ने बताया कि जिलाधीश महोदय से विशेष चर्चा की गई और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी से भी स्थिति की समीक्षा की गई। मौसम साफ होते ही सरकार हेलीकॉप्टर उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने एसपी कार्यालय से ड्रोन टीमें भेजकर युवाओं की स्थिति का पता लगाने की कोशिश की।

युवाओं के साथ दो गद्दी कुत्ते भी मौजूद हैं, जो इस बर्फीले और दुर्गम इलाके में उनका साथ दे रहे हैं। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू अभियान को गति दी जा रही है और जल्द ही दोनों युवाओं को सुरक्षित निकालने की उम्मीद है। इस पूरी कार्रवाई ने इलाके में आशा और भरोसा बढ़ा दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि सुरजीत भरमौरी की सक्रियता और जिम्मेदारी ने उन्हें विश्वास दिलाया कि युवाओं की सुरक्षा के लिए हर कदम उठाया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### देशभक्ति गीत 'हे भारत मां' का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** गायक एवं गीतकार राजीव शर्मा द्वारा गाया गया देशभक्ति गीत 'हे भारत मां' का विमोचन जिला चंबा की समाजसेविका डॉ. कविता बिजलवान और रमेश बिजलवान ने किया। यह गीत देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है और इसे 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस के पावन अवसर को ध्यान में रखकर रिलीज किया गया है। राजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और बलिदान से जोड़े रखने के लिए यह गीत तैयार किया गया है। इससे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखते हुए उनमें राष्ट्रप्रेम की ऊर्जा जगाई जा सकती है। गीत पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद सहित अन्य अमर शहीदों को समर्पित है। संगीत बुल्ले-विशाल का है और वीडियो विक्रम पॉल राजेश्वरी प्रोडक्शन द्वारा बनाया गया। गीत 'भजन जंक्शन' यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। डॉ. कविता बिजलवान ने इसे प्रेरणादायक बताया और युवाओं के लिए सराहना की।

### तीसा में 45 सेग्रीगेशन सेंटर किए स्थापित

**अनंत ज्ञान, तीसा।** विकास खंड तीसा में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। क्षेत्र में कुल 45 सेग्रीगेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिससे अब गीला और सूखा कचरा खुले में फैलने की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगेगा। विकास खंड अधिकारी तीसा अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इन सेग्रीगेशन सेंटरों के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और निपटान किया जाएगा। इससे न केवल विकास खंड की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर निर्धारित सेग्रीगेशन सेंटरों तक पहुंचाएं और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

### बालिकाओं के अधिकारों व सशक्तिकरण पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चंबा ने महर्षि दयानंद आदर्श विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य बालिकाओं के संरक्षण, अधिकारों और सशक्तिकरण से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करना था। सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता नवीन सिंह ठाकुर ने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, पीसीपीएनडीटी अधिनियम, लिंग भेदभाव, कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में 269 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें छात्र-छात्राओं और अध्यापकगण शामिल थे। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र और बालिका सम्मान, समानता और शिक्षा की शपथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सभी को करना चाहिए अपने मत का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ. जालम भारद्वाज ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों ओर कर्मचारियों को कार्यालय परिसर पर मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा डॉ जालम भारद्वाज ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और हम सभी को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और देश के विकास में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों कर्मचारियों ने मतदान की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे अपने मत का प्रयोग करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे
इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, करसोग।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एसडीएम कार्यालय करसोग में मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम गौरव महाजन ने कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय या किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। एसडीएम गौरव महाजन ने कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करे। उन्होंने कर्मचारियों से स्वयं मतदान करने और आमजन को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

### 12 मेधावी विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत जिला चंबा के 12 मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु बेंगलुरु भेजा गया है। ये सभी विद्यार्थी दसवीं व बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हैं। विद्यार्थियों ने अमृतसर से बेंगलुरु तक हवाई यात्रा कर इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित मेधावी विद्यार्थियों के साथ जिला चंबा के 12 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा से यामिनी सैन, कनिका, हर्षिता, आशना पलाह; पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा से भारती शर्मा, आशिफ मोहम्मद, अभिउदय, आशिया खान; तथा पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी से मोनिका, नैतिक, शाक्षी एवं आरुषि का चयन किया गया है। विद्यार्थियों के साथ एस्कॉर्ट प्रवक्ता के रूप में राखी बाली भी भ्रमण में शामिल होंगी। यह शैक्षणिक भ्रमण 24 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

### अलसु स्कूल में नए शैक्षणिक भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सुंदरनगर की राजकीय उच्च पाठशाला अलसु में नवनिर्मित कला एवं शिल्प प्रयोगशाला, एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय भवन का लोकार्पण किया। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत 35.27 लाख रुपये से निर्मित यह भवन नवम्बर 2024 में शुरू होकर एक वर्ष में पूर्ण हुआ। भवन की कमी के कारण पहले कक्षाएं निजी भवनों में चल रही थीं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। शिक्षा मंत्री ने अतिरिक्त मंजिल निर्माण को भी मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 130 शिक्षण संस्थानों को सीबीएसई से संबद्ध किया जा रहा है और डैहर स्कूल के लिए भी विचार किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालयों में 387 सहायक प्रोफेसरों के पद भरने की प्रक्रिया और टीजीटी एवं प्रधानाचार्यों की लंबित पदोन्नति की जानकारी भी दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहनलाल ठाकुर, एसडीएम, डीएसपी, उपनिदेशक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# चंबा में मारपीट के दो मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में मारपीट और रास्ता रोकने की घटनाओं को लेकर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अभियोग पंजीकृत किए हैं। पहला मामला पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 19/26 के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता मोहल्ला ओबड़ी निवासी ने सन्नी कुमार और उसके दो अन्य साथियों पर आरोप लगाया है कि जब वह खज्जियार की ओर जा रहा था, तो आरोपियों ने उसका रास्ता रोका और लाठी से उसकी पिटाई की। घटना के बाद पीड़ित को चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दूसरा मामला पुलिस थाना चुवाड़ी में अभियोग संख्या 09/26 के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता निधिया राम निवासी गांव बासा ने पवन कुमार निवासी बासा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रास्ता रोककर गाली-गलौच की और लात-घूसों से हमला किया, जिससे शिकायतकर्ता के बाजू और पीठ में चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्रीणा में भयंकर तूफान ने मचाई तबाही, कई घर हुए क्षतिग्रस्त



प्रीणा में भयंकर तूफान से उड़ी घरों की छतें। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धरवाला।** गत रात्रि आए भयंकर तूफान तथा भारी बर्फबारी के कारण जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में दर्जनों लोग बेघर हो गए हैं। इस प्राकृतिक आपदा के चलते प्रभावित परिवारों के समक्ष आवासीय सुरक्षा एवं मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है। विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत प्रीणा से भी ऐसी ही कई तस्वीरें सामने आई हैं। बजरो पुत्र चेतू गांव अंगारी ग्राम पंचायत प्रीणा, जय राम पुत्र जवाहर गांव प्रीणा, वहीं प्रिथो पुत्र ध्याना गांव पलन ग्राम पंचायत प्रीणा के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। छत की चादरें वह फट्टे निकल चुके हैं जिससे बारिश तथा बर्फ का पानी सीधा घर के भीतर आ रहा है पंचायत प्रधान ठाकुर राम ने जानकारी देते हुए बताया की इस समय संबंधित गांव में एक से डेढ़ फीट बर्फबारी हुई है। ऐसे में बच्चे, बूढ़े, तथा औरतों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं बिजली पानी जैसी आधुनिक सुविधाएं ठप हैं।

लोगों का कहना है कि प्रभावित घरों में तत्काल राजस्व एवं आपदा प्रबंधन टीमों को भेज कर क्षतिग्रस्त मकानों का शीघ्र आकलन करवाया जाए तथा प्रभावित परिवारों को तुरंत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# गरीब परिवार के घर की उड़ी छत

## प्रभावित गरीब परिवार को प्रशासन और समाज से राहत की अपील

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** भारी बर्फबारी और तेज तूफान ने भरमौर विधानसभा क्षेत्र के सक्रेऊ और सेरी गांवों में जमकर कहर बरपाया। गुड्डू पुत्र तोतू और मनेजर पुत्र टिबलू के घरों की छतें उड़ गईं, इसके अलावा एक कोठा बुरी तरह टूट गया। घटना के बाद घर के अंदर रखा सारा सामान बर्बाद हो गया और बकरी-भेड़ का मारने का भी सामाचार है तथा आसपास के लोग बताते हैं कि तूफान इतना तेज था कि हवा में उड़ती हुई छतों और टूटे कच्चे सामानों के कारण क्षेत्र में डर का माहौल बन गया।

इस तबाही के कारण प्रभावित परिवार अत्यंत परेशान है। घर के बर्बाद हिस्सों को देखकर ग्रामीणों ने कहा कि यह परिवार बेहद गरीब है और इस परिस्थिति में उन्हें बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस प्राकृतिक आपदा ने न केवल परिवार की छत उड़ाई बल्कि उनके जीवन और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी गंभीर असर डाला है। ग्राम पंचायत खुन्देल की प्रधान आरती और बलोट के पूर्व प्रधान देवराज ने बताया कि यह परिवार बेहद गरीब है और इस समय आर्थिक मदद का मोहताज है। उन्होंने प्रशासन और समाज से अपील की है कि परिवार को तत्काल राहत प्रदान की जाए, ताकि घर की छत को पुनः बनाया जा सके और परिवार सामान्य जीवन की ओर लौट सके।



तेज तूफान से गरीब परिवार के घर की छत उड़ी। अनंत ज्ञान

## राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

# सीएमओ ने टीबी मुक्त हिमाचल का लक्ष्य दोहराया



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने की।

बैठक में सर्वप्रथम जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना लक्ष्य है, जिसके लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को समन्वित प्रयास करने होंगे। बैठक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों तथा निक्षय मित्र योजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में हर टीबी रोगी के उपचार परिणामों में सुधार के लिए टीबी केस अधिसूचना एवं अन्य प्रमुख संकेतकों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज से टीबी के लक्षण वाले मरीजों को समय पर जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जाए, ताकि शीघ्र निदान संभव हो सके।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रत्येक ब्लॉक में टीबी के मामलों की जल्द पहचान करने तथा मरीजों को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों में जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी, खंड चिकित्सा अधिकारी सहित सभी खंडों के एसटीएस, एसटीएलएस, काउंसलर एवं फार्मेसी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अधिकारियों ने टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से प्राप्त करने के लिए आपसी समन्वय और सतत निगरानी पर बल दिया।

# अपर सादून-स्नूनी माता मंदिर सड़क निर्माण का सर्वेक्षण पूरा, जल्द होगी धनराशि मंजूर



एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** ग्राम पंचायत ब्रेही के गांव अपर सादून के लोगों द्वारा पिछले दिनों एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर को सौंपे गए ज्ञापन पर अब तेजी से कार्रवाई शुरू हो गई है। ग्रामीणों की प्रमुख मांग स्नूनी माता मंदिर से अपर सादून गांव तक सड़क निर्माण को लेकर थी, जिस पर ललित ठाकुर ने गंभीरता दिखाते हुए इसे प्राथमिकता में लिया।

ज्ञापन सौंपे जाने के तुरंत बाद संबंधित विभाग को सड़क का सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए गए। इसके परिणामस्वरूप विभाग द्वारा चोभूगला तक सड़क का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। अब आवश्यक कागजी औपचारिकताएं पूरी होते ही सड़क निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। ललित ठाकुर ने कहा कि जनता की समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जाएगा और क्षेत्र के विकास से जुड़े मामलों में धरातल पर परिणाम दिखना चाहिए ! उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनकी नीति साफ है—समस्या आई है तो समाधान भी ज़मीन पर नज़र आना चाहिए।

ग्रामीणों ने भी त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि लंबे समय बाद उनकी मांग पर गंभीर पहल होती दिखाई दे रही है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है।

# जनता की समस्याओं का समाधान ही मेरी प्राथमिकता: ललित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** यदि चंबा जिले में कोई ऐसा नेता है जिसने जनसेवा को ही अपना सब कुछ समर्पित कर दिया है, तो वह नाम एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर का है। लगातार ज़मीनी स्तर पर सक्रिय रहते हुए वे जनता की समस्याओं को न केवल सुन रहे हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस कदम भी उठा रहे हैं। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र भरमौर-पांगी की ग्राम पंचायत चड़ी से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने ललित ठाकुर से भेंट कर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने मैहला से चड़ी तक एंबुलेंस रोड को पास करवाने, अपर चड़ी से भगियार तक सड़क का टेंडर करवाने, राजकीय उच्च विद्यालय चड़ी को 10+2 का दर्जा दिलाने तथा विद्यालय में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को भरने जैसी महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। ललित ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि पंचायत चड़ी की सभी मांगें पूरी तरह न्यायोचित और आवश्यक हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए पद या प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का सशक्त जरिया है।

# बिजली के बिल पर भ्रांतियों को करें समाप्त, स्मार्ट मीटर नहीं बढ़ाते बिल

- मीटर बदलने में रोकने वाले उपभोक्ताओं पर होगी सख्त कार्रवाई
- स्मार्ट मीटर लगाने में उपभोक्ता करें सहयोग

अनंत ज्ञान

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) की ओर से सूचित किया गया है कि प्रदेशभर में पुराने विद्युत मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है, जो कि पूरी तरह राज्य सरकार के आदेशों के तहत संचालित कार्यक्रम है। विद्युत बोर्ड के अनुसार अब तक सभी ट्रांसफॉर्मरों, सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं वाणिज्यिक कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। हालांकि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ घरेलू उपभोक्ता स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का यह भ्रम है कि स्मार्ट मीटर से बिजली का बिल अधिक आ रहा है, जबकि विभाग ने इसे पूरी तरह निराधार बताया है।

सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल चंबा ने जारी बयान में कहा है कि यदि किसी उपभोक्ता को बिजली बिल को लेकर कोई आपत्ति या संदेह है, तो वह तुरंत संबंधित विद्युत कार्यालय में इसकी शिकायत दर्ज करवा सकता है, जिसका नियमानुसार समाधान किया जाएगा।

विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई उपभोक्ता मीटर बदलने वाले कर्मचारियों को सरकारी कार्य करने से रोकता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित उपभोक्ता की स्वयं होगी। विद्युत बोर्ड ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्मार्ट मीटर योजना में सहयोग करें, ताकि विद्युत व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सटीक एवं आधुनिक बनाया जा सके।

# उपायुक्त ने दिलाई मतदान के लिए शपथ

## 'मेरा भारत, मेरा वोट' के संदेश के साथ अधिकारियों को किया जागरूक



उपायुक्त मुकेश रेपसवाल मतदान के लिए शपथ दिलाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने 'मेरा भारत, मेरा वोट' भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में नागरिक, के तहत सभी को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। शपथ के माध्यम से सभी ने यह भी प्रण किया कि वे प्रत्येक चुनाव में निर्भीक होकर, धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि 'मेरा भारत, मेरा वोट' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी से मतदान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दे रहा रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि केन्द्रीय पेट्रोकेमिकल्स अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट), बद्दी द्वारा प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी एवं मोल्ड टेक्नोलॉजी से जुड़े डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ की गई है। उन्होंने बताया कि सीपेट बद्दी, भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अधीन एक प्रतिष्ठित संस्थान है, जो युवाओं को तकनीकी शिक्षा देकर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करता है। उपायुक्त ने उपनिदेशक उच्च शिक्षा एवं सभी आईटीआई प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद व मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति तथा मुख्यमंत्री सुख शिक्षा व सुख आश्रय योजनाओं के तहत सीपेट में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया जाए और इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, बद्दी द्वारा युवाओं को एक माह का औद्योगिक एवं ऑन-जॉब प्रशिक्षण प्रदान करने पर भी चर्चा की गई।

**समक्ष तहसीलदार तहसील नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश ।**

श्रीमति मनीषा देवी पत्नी मजीद मोहम्मद महाल पुरन्डयाल मौजा वलडूहक तहसील नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश ।

**वनाम**

**आम जनता ।**

श्रीमति मनीषा देवी पत्नी मजीद मोहम्मद महाल पुरन्डयाल मौजा वलडूहक तहसील नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने दिंनाक 16-01-2026 को इस कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। कि प्रार्थी अपना नाम कागजात माल महाल पुरन्डयाल मौजा वलडूहक तहसील नादौन जिला हमीरपुर में मनीषा कुमारी पत्नी मजीद मोहम्मद दर्ज है परन्तु अन्य जगह जेसा कि आधार कार्ड, परिवार नकल आदि में प्रार्थी का नाम मनीषा देवी पत्नी मजीद मोहम्मद दर्ज है। प्रार्थी का कहना है की यह दोनों नाम उसके है। प्रार्थी अपना नाम अब दरुस्त करवाकर कागजात माल महाल पुरन्डयाल मौजा वलडूहक तहसील नादौन जिला हमीरपुर में प्रार्थी अपना नाम मनीषा देवी पत्नी मजीद मोहम्मद दर्ज करवाना चाहती है।

अतः इस अखवारी इश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त प्रार्थी के नाम को दरुस्त करवाने में कोई उजर एवम एतराज हो तो वह असालतन या वकालत तारीख 23-02-2026 को सुबह 10:00 बजे मुकाम तहसील कार्यालय नादौन हाजिर अदालत होकर अपना उजर पेश कर सकता है। तारीख पेशी के वाद किसी किस्म का एतराज कावले समायत न होगा । तथा प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के नाम दरुस्ती वारे आवश्यक आदेश पारित कर दिए जायेंगे ।

यह इश्तहार मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनाक 19-01-2026 को जारी हुआ ।

**तहसीलदार, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

❛ **जहां** हिम्मत समाप्त होती है, वहीं हार की शुरुआत होती है। आप धीरज मत खोइए अपना कदम फिर से उठाइए।

–संत प्रवर श्री ललितप्रभ जी

## संपादकीय

# फर्जी धमकी ईमेल से दहशत

आजकल देशभर में फर्जी ईमेल के जरिए डराने धमकाने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली निशाने पर होती है, तो कभी हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला। कभी प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, विपक्ष के नेता या सत्तारूढ़ दलों के बड़े नेता इन धमकियों के केंद्र में होते हैं, तो कभी छोटे नेता या न्यायिक संस्थान। इन घटनाओं ने आम लोगों के मन में यह सवाल पैदा कर दिया है कि क्या देश सचमुच किसी बड़े खतरे की ओर बढ़ रहा है, या फिर यह केवल शरारती तत्वों की सुनियोजित साजिश है।


दिलचस्प यह है कि ऐसी धमकियों का सिलसिला प्राय: दो खास मौकों 15 अगस्त और 26 जनवरी पर तेज हो जाता है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर जब सुरक्षा व्यवस्था अपने चरम पर होती है, तभी ये फर्जी ईमेल अचानक सक्रिय हो जाते हैं। बड़े सार्वजनिक आयोजन, परेड, ध्वजारोहण और वीवीआईपी मूवमेंट इन शरारती तत्वों के लिए 'अवसर' बन जाते हैं। हाल ही में हिमाचल प्रदेश में भी इस तरह की धमकियों ने प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। मेल में साफ तौर पर लिखा गया कि यदि उन्होंने 26 जनवरी को शिमला में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, तो उन्हें निशाना बनाया जाएगा। इसके अलावा कुल्लू और हमीरपुर की जिला अदालतों को भी बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं।

ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते, फोरेंसिक टीमें और खुफिया एजेंसियां तुरंत हरकत में आ जाती हैं। भवनों को खाली कराया जाता है, तलाशी अभियान चलाए जाते हैं, अतिरिक्त बल तैनात किया जाता है और कई बार आम जनता को असुविधा भी झेलनी पड़ती है। यह पहली बार नहीं है जब इस तरह की धमकियां सामने आई हों। अतीत में भी देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई अड्डों, अदालतों, स्कूलों, मॉल और सरकारी कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलती रही हैं। जांच के बाद अधिकतर मामलों में ये धमकियां फर्जी साबित हुई हैं महज गीदड़ भभकियां, लेकिन समस्या यह है कि चाहे धमकी झूठी हो या सच्ची, सुरक्षा एजेंसियां उसे हल्के में नहीं ले सकतीं। यदि एक भी धमकी को नजरअंदाज कर दिया गया और कोई बड़ी घटना घट गई, तो जवाबदेही तय करना मुश्किल हो जाएगा। यही कारण है कि हर फर्जी मेल भी पूरे सिस्टम को अलर्ट मोड में डाल देता है। इन फर्जी धमकियों का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि पुलिस और प्रशासन की बेशकीमती श्रम शक्ति बेकार की जांच में झोंकनी पड़ती है। जिन संसाधनों का इस्तेमाल अपराध रोकने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा में होना चाहिए, वे झूठी सूचनाओं की पड़ताल में खप जाते हैं।

बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड, साइबर विशेषज्ञ और खुफिया अधिकारी–सभी को हर बार अलर्ट पर आना पड़ता है। इससे न केवल प्रशासनिक दबाव बढ़ता है, बल्कि आम लोगों में भी अनावश्यक डर और असुरक्षा की भावना पैदा होती है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ऐसी धमकियां देने वाले लोग कौन हैं और वे अब तक कानून की पकड़ से बाहर क्यों हैं? विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। फर्जी ईमेल अक्सर वीपीएन, फर्जी सर्वर, डार्क वेब या विदेशी आईपी एड्रेस के जरिए भेजे जाते हैं, जिससे उनकी असली पहचान छिप जाती है। मानसिक विकृति या शरारत होती है। कई बार यह केवल सनसनी फैलाने या अपनी 'ताकत' दिखाने की कोशिश होती है। कुछ मामलों में अस्थिरता फैलाने या प्रशासन को बदनाम करने का मकसद भी हो सकता है। लोगों को लगता है कि वे पकड़े नहीं जाएंगे, इसलिए वे बेखौफ होकर ऐसी हरकतें करते हैं। फर्जी धमकी ईमेल दरअसल साइबर क्राइम की उस खतरनाक दिशा की ओर इशारा करते हैं, जहां तकनीक का इस्तेमाल डर और भ्रम फैलाने के लिए किया जा रहा है। यह केवल कानून व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा सवाल है।

आज जरूरत है कि साइबर अपराध से निपटने के लिए। इसके लिए आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित मानव संसाधन, और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया जाना चाहिए। साथ ही, ऐसे अपराधों में शामिल लोगों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोर सजा दी जानी चाहिए, ताकि यह साफ संदेश जाए कि साइबर अपराध कोई मजाक नहीं है। ■

# संघर्ष, संकल्प और स्वर्णिम भविष्य की ओर हिमाचल




बधाई हो! प्रकृति की गोद में बसा और हिमालय की ऊंची चोटियों के आशीर्वाद से समृद्ध हमारा प्यारा हिमाचल प्रदेश, जिसे देवभूमि के नाम से जाना जाता है आज 25 जनवरी को अपने पूर्ण राज्यत्व के 55 वर्ष पूर्ण कर 56वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। यह दिन उस ऐतिहासिक संघर्ष, जनांदोलनों और दूरदर्शी नेतृत्व की स्मृति भी है, जिन्होंने हिमाचल को एक सशक्त और विशिष्ट पहचान प्रदान की। 25 जनवरी 1971 को मिला राज्य का दर्जा हिमाचलवासियों के आत्मसम्मान और राजनीतिक चेतना का प्रतीक है। सीमित संसाधनों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद हिमाचल ने विकास की अपनी अलग राह बनाई। शिक्षा, स्वास्थ्य, बागवानी, कृषि, पर्यटन और जलविद्युत जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

आज हिमाचल प्रदेश अपने विकास के संकल्प के अनुरूप स्वर्णिम भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर है। राह में पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक संतुलन और रोजगार सृजन जैसी चुनौतियां बेशक बेशुमार हैं, लेकिन आगे बढ़ने की जिद कभी कमजोर नहीं हुई। यही जिजीविषा हिमाचल की पहचान है और यही उसे आने वाले समय में और ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

**रियासतों से राज्य तक का लंबा सफर:** स्वतंत्रता से पहले हिमाचल प्रदेश का कोई पृथक अस्तित्व नहीं था। यह क्षेत्र छोटी–बड़ी लगभग 30 रियासतों में बंटा हुआ था। 15 अगस्त 1947 को देश को आजादी मिलने के बाद जब राज्यों के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब हिमाचल के निर्माण की कवायद शुरू हुई।

जनवरी 1948 में सोलन में आयोजित शिमला हिल स्टेट्स यूनियन सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के गठन की नींव पड़ी। इसी दौरान शिमला में प्रजामंडल आंदोलन के नेता डॉ. वाईएस परमार जनसत्ता की स्थापना पर बल दे रहे थे। उनका स्पष्ट मत था कि हिमाचल तभी सफल राज्य बन सकता है, जब सत्ता जनता के हाथों में होगी। 8 मार्च 1948 को रियासतों के शासकों ने हिमाचल में विलय के समझौते पर हस्ताक्षर किए और 15 अप्रैल 1948 को हिमाचल प्रदेश अस्तित्व में आया। इस नामकरण का श्रेय आचार्य दिवाकर दत्त शर्मा को जाता है।

**केंद्र शासित प्रदेश से पूर्ण राज्य तक:** शुरुआत में हिमाचल को मंडी, महासू, चंबा और सिरमौर–चार जिलों में विभाजित किया गया। सीमित संसाधनों और छोटे क्षेत्रफल के कारण 1 नवंबर 1948 को हिमाचल को केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। 1951 में इसे 'सी' श्रेणी का राज्य घोषित किया गया।

1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग ने हिमाचल को पंजाब में विलय करने की सिफारिश की, लेकिन हिमाचलवासियों ने अपनी सांस्कृतिक और भौगोलिक पहचान को बचाने के लिए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। 1963 में विधानसभा को पुनर्जीवित किया गया और 1966 में कांगड़ा, कुल्लू, लाहौल–स्पीति, ऊना के कुछ हिस्से और डलहौजी को हिमाचल में शामिल किया गया। अंतत: तमाम झंझावतों के बाद आखिर 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ।

**हिमाचल निर्माता डॉ. वाईएस परमार का ऐतिहासिक योगदान:** हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाई.एस. परमार को हिमाचल निर्माता कहा जाता है। उन्होंने राज्य की विकास नीति, सामाजिक ढांचे और प्रशासनिक दिशा तय की। भूमि सुधार, शिक्षा, बागवानी और ग्रामीण विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हिमाचल में लागू भूमि सुधार देश के सबसे प्रभावी सुधारों में गिने जाते हैं।

**विकास की राह और सीमाएं:** राज्य के विकास को दो चरणों में देखा जा सकता है। पहले चरण (1970–1990) में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों, बिजली, बागवानी और कृषि पर विशेष ध्यान दिया। निजी निवेश की कमी के चलते राज्य सरकार स्वयं विकास की मुख्य धुरी बनी। दूसरे चरण (1990 के बाद) में पर्यटन, औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ। हालांकि इस दौर में अनियंत्रित विकास ने पर्यावरण पर गंभीर दबाव डाला।

**यथार्थ**



समरजीत

**प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत:** हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और शांति के लिए जाना जाता है। शिमला, मनाली, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, खजियार, चायल, कसौली, छितकुल और सोलंग वैली जैसे पर्यटन स्थल देश–विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**कृषि, बागवानी और जलविद्युत अर्थव्यवस्था की रीढ़:** कृषि, बागवानी और जलविद्युत हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ मानी जाती हैं। इन क्षेत्रों में राज्य ने बीते दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है और अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विशेष रूप से सेब उत्पादन के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को विश्व स्तर पर पहचान प्राप्त है। सेब के साथ–साथ नाशपाती, आलू, मटर तथा फूलों की खेती ने प्रदेश को देश की फलों की टोकरी के रूप में स्थापित किया है।

आज प्रदेश में लाखों परिवार ऐसे हैं, जिनकी आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि और बागवानी पर निर्भर है। पहाड़ी परिस्थितियों के बावजूद किसानों और बागवानों ने आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। राज्य के कुल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 13.70 प्रतिशत है, जो इसकी आर्थिक अहमियत को दर्शाता है।

बागबानी और वानिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एशिया का पहला बागबानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय भी हिमाचल प्रदेश में स्थापित किया गया है। यह विवि न केवल किसानों और विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ रहा है, बल्कि टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**आज की बड़ी चुनौतियां:** हिमाचल प्रदेश ने बीते वर्षों में विकास के कई महत्वपूर्ण पड़ाव तय किए हैं, लेकिन आज राज्य गंभीर आर्थिक चुनौतियों से भी जूझ रहा है। प्रदेश पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज हो चुका है और प्रति व्यक्ति कर्ज का आंकड़ा भी एक लाख रुपए से ऊपर पहुंच गया है। राज्य में बारी–बारी से सत्ता में आने वाली सरकारें–चाहे कांग्रेस हो या भाजपा कर्ज लेने की इस प्रवृत्ति को रोकने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण कर्ज लेना मानो सरकारी व्यवस्था की नियति बन गया है, लेकिन इस परिपाटी में बदलाव लाना समय की मांग है।

राज्य की बढ़ती केंद्र सरकार की निर्भरता भी चिंता का विषय है। जब तक हिमाचल अपने राजस्व स्रोतों को मजबूत कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम नहीं बढ़ाएगा, तब तक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करना कठिन होगा। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2024–25 में प्रति व्यक्ति आय (चालू मूल्य पर) 2,57,212 रुपए आंकी गई है, जबकि स्थिर मूल्य पर यह 1,63,465 रुपए है। यह प्रगति का संकेत तो है, लेकिन बढ़ते कर्ज के अनुपात में पर्याप्त नहीं कही जा सकती।

बुनियादी ढांचे की दृष्टि से राज्य में सड़कों की कुल लंबाई 42,949 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है, वहीं बिजली उत्पादन 1712.98 मिलियन यूनिट दर्ज किया गया है। ये उपलब्धियां सराहनीय हैं, परंतु दीर्घकालिक वित्तीय अनुशासन के बिना विकास की यह गति टिकाऊ नहीं रह पाएगी।

अनियंत्रित निर्माण, फोरलेन सड़कों और सुरंगों के कारण भूस्खलन और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ी हैं। पर्यटन, कृषि और रोजगार के नए मॉडल विकसित करना समय की मांग है। युवाओं का पलायन, बुनियादी ढांचे की कमी और पर्यावरण संरक्षण भी प्रमुख मुद्दे हैं।

**भविष्य की दिशा:** हिमाचल प्रदेश को आने वाले समय में सतत विकास मॉडल को अपनाना होगा, जिसमें आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बना रहे। इसके लिए पर्यटन क्षेत्र पर विशेष रूप से अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। पर्यटन ऐसा क्षेत्र है, जो वर्षभर राज्य सरकार के लिए स्थायी आय का स्रोत बन सकता है। वर्तमान स्थिति यह है कि हिमाचल में पर्यटकों की संख्या तो लगातार बढ़ रही है, लेकिन वे यहां अधिक समय तक ठहर नहीं पा रहे हैं। यदि पर्यटकों के लिए मनोरंजन के साधन, आधारभूत सुविधाएं और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, तो उनका ठहराव बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए सरकार को न केवल देश के अग्रणी पर्यटन राज्यों, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल पर्यटन शहरों के मॉडल का भी अध्ययन करना होगा। फल, बिजली और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

हिमाचल के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अब अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। कांगड़ा जिले के गगल स्थित हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने से धर्मशाला के क्रिकेट स्टेडियम, मैक्लोडगंज और तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा की नगरी तक देशी–विदेशी पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। इससे प्रदेश की आर्थिकी को नई गति मिलेगी।

इसके साथ ही शिमला और कांगड़ा घाटी के नैरोगेज रेलवे ट्रैकों को ब्रॉडगेज में बदलना समय की मांग है, जिससे माल ढुलाई सुगम होगी और पर्यटकों का समय भी बचेगा। इसके अलावा, स्थानीय रोजगार सृजन के माध्यम से ही हिमाचल की आर्थिक स्थिति को दीर्घकालिक रूप से मजबूत किया जा सकता है।

**आशा और विश्वास:** हिमाचल प्रदेश ने अब तक अनेक उतार–चढ़ाव देखे हैं, लेकिन कठिन परिस्थितियों में भी उसने कभी हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और बार–बार आने वाली प्राकृतिक आपदा की चुनौतियों के बावजूद यह पर्वतीय राज्य निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ता रहा है। संघर्ष, संकल्प और सामूहिक प्रयास हिमाचल की सबसे बड़ी ताकत रहे हैं।

पूर्ण राज्यत्व प्राप्त करने की लंबी लड़ाई से लेकर आज तक हिमाचल ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नीति के बल पर सीमाओं को अवसरों में बदला जा सकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी, पर्यटन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जो इसके उज्ज्वल भविष्य का संकेत देती है।

पूर्ण राज्यत्व दिवस के इस पावन अवसर पर यही आशा और विश्वास किया जाना चाहिए कि आने वाला समय हिमाचल प्रदेश के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होगा। विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाते हुए, आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और प्रदेश की युवा शक्ति को नए अवसर प्राप्त होंगे। देवभूमि हिमाचल अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और शांतिपूर्ण पहचान को बनाए रखते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

**जय हिमाचल।**

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारतीय सिनेमा की स्वर सम्राज्ञी

**भारतीय** सिनेमा की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका कविता कृष्णमूर्ति सुब्रमणियम (जन्म- 25 जनवरी, 1958, नई दिल्ली) ने अपनी गायिकी से लाखों दिलों में जगह बनाई। केवल आठ साल की उम्र में एक गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर उन्होंने गायिका बनने का निश्चय किया। हिंदी के अलावा उन्होंने लगभग दर्जनभर भाषाओं में 25,000 से अधिक गीत गाए। उनके योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने 2005 में उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त चार बार फ़िल्मफेयर पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका का खिताब भी उन्हें मिला।



कविता कृष्णमूर्ति
**जन्म :** 25 जनवरी, 1958

कविता का असल नाम 'शारदा' है और उनका बचपन दिल्ली की सरकारी कॉलोनी में बीता। प्रारंभिक संगीत शिक्षा बंगाल के रबींद्र संगीत से मिली। केवल 9 वर्ष की उम्र में उन्होंने लता मंगेशकर के साथ गीत रिकॉर्ड किया। बाद में मुंबई शिफ्ट होकर उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज से इकॉनमिक्स में स्नातक किया और मन्ना डे, लक्ष्मीकांत–प्यारेलाल जैसे संगीतकारों के मार्गदर्शन में रेडियो और फिल्मों के लिए गाने शुरू किए। वैयक्तिक जीवन में कविता कृष्णमूर्ति वायलिन वादक एल. सुब्रमण्यम की पत्नी हैं। दोनों की मुलाकात गाने के सिलसिले में हुई और धीरे–धीरे विवाह तक पहुंची।

सफल गायिका के रूप में उनका पहला गीत 'काहे को ब्याही' (1980) था, जबकि पार्श्वगायिका के रूप में उन्हें पहचान मिली फिल्म 'प्यार झुकता नहीं' (1985) से। उनके प्रमुख हिट गानों में 'हवा हवाई' (मिस्टर इंडिया, 1987), 'तू ही रे' (बॉम्बे, 1995), 'बोले चूड़ियां' (कभी खुशी कभी गम, 2001) और 'डोला रे डोला' (देवदास, 2002) शामिल हैं। उन्होंने आनंद–मिलन, एआर रहमान, अनु मलिक जैसे संगीतकारों के साथ भी काम किया।

कविता कृष्णमूर्ति ने अपने करियर में कई भाषाओं और फिल्मों में अपनी मधुर आवाज से भारतीय संगीत को समृद्ध किया और 2011 तक सक्रिय रही। उनके गीत आज भी प्रेम, उत्साह और भावनाओं का स्रोत बने हुए हैं, जो उन्हें सिनेमा जगत की अविस्मरणीय पार्श्वगायिकाओं में शुमार करते हैं। ■



गजल

## तुम किनारा क्या करोगे

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार
हिमाचल प्रदेश

**तुम** किनारा क्या करोगे हम किनारा हो गए।
आज तन्हा तन्हा हम हैं बेसहारा हो गए।।
टिमटिमाती सी है लगती रौशनी अब दिल की है।
आंख से हर अश्क अब तो खारा खारा हो गए।।
जख्म अब नासूर से भी हो गया बद्तर जनाब।
है पिघलता जिस्म जैसे पारा पारा हो गए।।
बिक रहे थे कौड़ियों के दाम सरे बाजार तुम।
हमसे मिलकर देखो यारा सौ हजारा हो गए।।
दूर से फैलाए बाहें आए जब तुम इस कदर ।
यह हकीकत भी है तुम बस यारा यारा हो गए ।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोदी युग में महिला सशक्तिकरण : नीतियों से नेतृत्व तक

राजनीति में वर्षों से एक दृश्य आम रहा है–मंचों से 'माताओं–बहनों' को संबोधित करते हुए बड़े–बड़े भाषण, नारों से भरी तालियां और वादों की लंबी फेहरिस्त, लेकिन सत्ता में आने के बाद यही आधी आबादी अक्सर खुद को ठगी हुई–सी महसूस करती रही।



**प्रतिभा कंवर**
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा
महिला मोर्चा, हिमाचल प्रदेश

महिला सशक्तिकरण ज्यादातर चुनावी जुमलों तक सिमट कर रह जाता था, और जमीनी हकीकत में महिलाओं की स्थिति जस की तस बनी रहती थी। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद इस परंपरा को बदलने का दावा नहीं, बल्कि प्रयास दिखाई देने लगा। महिला सशक्तिकरण को पहली बार केवल भाषणों का विषय नहीं, बल्कि नीतिगत प्राथमिकता बनाया गया। यह दौर महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उत्थान के लिए ठोस और दूरगामी फैसलों का साक्षी बना। भारत ने इसी कालखंड में पहली बार महिला रक्षा मंत्री, महिला विदेश मंत्री और महिला वित्त मंत्री को देश की शीर्ष जिम्मेदारियां निभाते देखा। यह बदलाव केवल पदों का नहीं, बल्कि उस सोच का परिचायक था जिसमें महिलाओं को निर्णय लेने की सबसे कठिन और प्रभावशाली भूमिकाओं में भी सक्षम माना गया। सुषमा स्वराज और निर्मला सीतारमण जैसे नाम इस बदलाव के प्रतीक बने, जिन्होंने वैश्विक मंच से लेकर देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था तक, हर मोर्चे पर नेतृत्व की क्षमता सिद्ध की।



महिला सशक्तिकरण को योजनाओं के जरिए जमीन तक पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने कई पहलें कीं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने करोड़ों महिलाओं को धुएं भरे चूल्हों से मुक्ति दिलाकर उनके स्वास्थ्य और सम्मान की रक्षा की। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने गिरते लिंगानुपात और बालिका शिक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में रखा। मातृ वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर मातृत्व को सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम उठाया गया।

आर्थिक स्वतंत्रता के बिना सशक्तिकरण अधूरा है, इस सोच के साथ जन–धन योजना के तहत महिलाओं के बैंक खाते खोलकर उन्हें वित्तीय प्रणाली से जोड़ा गया। मुद्रा योजना ने लाखों महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया, जिससे वे केवल परिवार की सहायक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उद्यमी बन सकीं। स्वयं सहायता समूहों और 'लखपति दीदी' जैसी पहलों ने ग्रामीण भारत में महिला आत्मनिर्भरता की नई तस्वीर पेश की।

कानूनी और संवैधानिक स्तर पर भी महिलाओं के अधिकारों को नई मजबूती मिली। तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को वर्षों से चले आ रहे सामाजिक अन्याय से मुक्ति दिलाई। वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान भारतीय राजनीति में महिलाओं की निर्णायक भागीदारी की नींव रखता है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर–घर शौचालय निर्माण ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चित किया। डिजिटल इंडिया ने ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को बैंकिंग, शिक्षा और सरकारी सेवाओं से जोड़ा। आज महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की सहभागी बन चुकी हैं।

कुल मिलाकर, मोदी सरकार के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण भाषणों से निकलकर व्यवस्था का हिस्सा बना है। नेतृत्व, अधिकार और आत्मनिर्भरता–इन तीनों स्तरों पर हुए प्रयासों ने महिलाओं की स्थिति में ठोस बदलाव लाया है। यह बदलाव केवल वर्तमान की कहानी नहीं, बल्कि आने वाले भारत की दिशा भी तय करता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस : वोटिंग की शक्ति से अपनी आवाज सुनाएं!


क्या आप जानते हैं कि वोटिंग केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक शक्ति है–ऐसी शक्ति जो आपके भविष्य को आकार देती है और आपको अपने प्रतिनिधि चुनने का अवसर देती है? आइए, वोटिंग की इस रोचक और प्रभावशाली दुनिया में थोड़ा गहराई से झांकते हैं। इतिहास पर नजर डालें तो पहला रिकॉर्डेड चुनाव 500 ईसा पूर्व में एथेंस (ग्रीस) में हुआ था।



**आरुषि**
कक्षा 11वीं, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, गाहलियां, जिला कांगड़ा

आधुनिक लोकतांत्रिक वोटिंग की अवधारणा 1265 में ब्रिटेन में आकार लेने लगी। वहीं, 1856 में ऑस्ट्रेलिया में शुरू हुई गुप्त मतदान प्रणाली ने पूरी दुनिया की आधुनिक चुनाव प्रणालियों की नींव रखी। यह जानना सचमुच अद्भुत है कि आज जिस मतदान प्रणाली को हम सहज मानते हैं, उसके पीछे सदियों का विकास छिपा है। भारत में लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी–भारत के गणतंत्र बनने से ठीक एक दिन पहले। देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे, जिन्होंने 21 मार्च 1950 से 19 दिसंबर 1958 तक यह जिम्मेदारी निभाई। शुरुआत में यह एक सदस्यीय संस्था थी, जिसे 1989 में बहु–सदस्यीय बनाया गया। कुछ उतार–चढ़ाव के बाद 1 अक्तूबर 1993 से यह स्थायी रूप से तीन सदस्यीय संवैधानिक निकाय के रूप में कार्य कर रही है। भारत ने आरंभ से ही सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। देश का पहला आम चुनाव 1951–52 में हुआ। उस समय मतदान की न्यूनतम आयु 21 वर्ष थी, जिसे 1989 में घटाकर 18 वर्ष कर दिया गयाताकि युवा भी लोकतंत्र की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

आज भारत को गर्व के साथ दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, जहां 90 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। भारत के




पहले मतदाता श्याम सरन नेगी थे, जिन्होंने 1951–52 के चुनावों में पहला वोट डाला। वे हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले से थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 106 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन लोकतंत्र में उनका योगदान अमर है।

मतदान के महत्व को और मजबूत करने के उद्देश्य से 2011 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया। इसका उद्देश्य विशेष रूप से नए और युवा मतदाताओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित करना था। 25 जनवरी का चयन कोई संयोग नहीं है–यह भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस है। इसके ठीक अगले दिन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। ये दोनों दिन मिलकर एक शक्तिशाली संदेश देते हैं–एक दिन मतदाता की भूमिका को रेखांकित करता है, तो दूसरा संविधान की महत्ता को।

आपका वोट उन नीतियों और फैसलों को प्रभावित करता है, जो आपके जीवन को दिशा देते हैं। यह चुने हुए प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाता है, प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करता है और लोकतंत्र को मजबूत करता है। इतिहास गवाह है कि वोटिंग ने कई बार समाज और राष्ट्र की दिशा बदल दी है। भारत में वोट डालना सरल है–चुनावी सूची में नाम दर्ज कराएं, वोटर आईडी प्राप्त करें, हेल्पलाइन 1950 या वेबसाइट से पोलिंग स्टेशन जानें और मतदान के दिन ईवीएम से अपना मत दें। वोट आपका सबसे बड़ा लोकतांत्रिक हथियार है। इसलिए वोट करें–भविष्य, विकास और अपने लिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सूखे के बाद बरसी बर्फ, पांगणा-करसोग में लौटी रौनक

## चार महीने बाद बदला मौसम का मिजाज, बर्फबारी से किसानों को राहत, सेब बागवानी के लिए बनी संजीवनी

अनंत ज्ञान

**करसोग।** सर्दी का मौसम आते ही पहाड़ों में बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार होने लगता है। जैसे ही आसमान से बर्फ के फाहे गिरने शुरू होते हैं, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगती है।

डॉक्टर जगदीश शर्मा, हिमेंद्र बाली, लीना शर्मा का कहना है कि लगभग चार महीने के लंबे सूखे के बाद पांगणा-करसोग क्षेत्र में लगातार दो दिनों तक जमकर बर्फबारी हुई। इस बर्फबारी ने न केवल मौसम को सुहावना बना दिया, बल्कि किसानों और बागबानों की उम्मीदों को भी नई ऊर्जा दी। बागवानी विषय विशेषज्ञ डॉक्टर शरद गुप्ता का कहना है कि चार महीने से अधिक लंबे सूखे के बाद हुई हालिया बारिश से सेब बागवानी के लिए नई उम्मीद जगी है।

इस वर्षा से बागीचों की मिट्टी में नमी बढ़ी है, जिससे तौलिये बनाने, नई पौधे लगाना और गड्ढों की तैयारी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। जिससे आने वाले मौसम में पौधों की बढ़वार अच्छी होने की संभावना है। बागवान इस अवसर का उपयोग बगीचों की साफ-सफाई, नई किस्मों की रोपाई और भूमि सुधार कार्यों के लिए कर सकते हैं। क्षेत्रवासियों ने इस प्राकृतिक सौगात का भरपूर आनंद लिया और चारों ओर बर्फबारी की मनमोहक छटा बिखर गई।



### बंद सड़कों की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में बारिश-बर्फबारी से बंद हुई सड़कों को बहाल करने का कार्य निरंतर जारी है। एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि बंद हुई सड़कों को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग की मशीनरी निरंतर इस कार्य में लगी हुई है। प्रशासन बंद सड़कों को बहाल कर लोगों को शीघ्र आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि करसोग को जिला मुख्यालय और शिमला से जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग शिमला मंडी को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, बर्फबारी के कारण बंद अन्य सड़कों को भी बहाल करने का कार्य जारी है।

# भारी बर्फबारी से छोटा भंगाल और चौहार घाटी में सड़कें बंद, बिजली आपूर्ति बाधित

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी में शनिवार को मौसम साफ रहने से लोगों ने धूप का आनंद लिया, लेकिन वीरवार देर रात से शुक्रवार दिन-रात हुई भारी बर्फबारी ने हालात बिगाड़ दिए।

मुल्थान, लोहारडी, लंबाडग, लक्कड़ बाजार, बरोट बाजार, टिक्कन, थल्टूखोड सहित निचले क्षेत्रों में आधा से एक फुट, जबकि राजगूंधा, कुक्कड़ गुंधा, कुडधार, शपहौता, बड़ा ग्रां, नलहौता, कोली रूलिंग, कोठी कोहड़, चेलरा दी मलाह, सरला, धरमाण, सरमाण, नेर, उहलधार, जुधार, स्वाड़, भुजलिंग, छेरना, पोलिंग, अन्दरली मलाह, खड़ी मलाह, नपौहता, रोपडू, लोआई तथा चौहार घाटी के मियोट, खलैहल, बड़ी-छोटी झरवाड़, कथियाडू, मंडी रूलिंग, सच्चान गहर, लछयाण कुहाण, ग्रामण, मढ़, गाहंग, पंजौंड आदि गांवों में अढ़ाई से सवा तीन फुट बर्फ गिरी। सल्याहतर पास, थमसर, जालसू जोत सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के ढेर लग गए। बस रूट प्रभावित रहे, जनजीवन ठप हुआ। तारें टूटने से शुक्रवार रात से बिजली गुल रही।

विद्युत विभाग बरोट उपमंडल के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने बताया कि टिक्कन-बरोट क्षेत्र में आपूर्ति बहाल कर दी गई है, शेष दुर्गम गांवों में रविवार तक बहाली होगी। लोक निर्माण विभाग झटिंगरी ने बरोट-घटासनी मार्ग बहाल किया। बीड़ उपमंडल के कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार ने मुल्थान-लोहारडी मार्ग खोलने व मुल्थान-बड़ा ग्रां मार्ग आंशिक बहाली की जानकारी दी।

# गोहर में कई वर्षों बाद गिरे बर्फ के फाहे, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर क्षेत्र में कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बर्फ के फाहे गिरे, जिससे पूरे इलाके में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। शुक्रवार सुबह से ही मौसम ने करवट ली और ऊंची पहाड़ियों के साथ-साथ निचले इलाकों में भी हल्की से मध्यम बर्फबारी देखने को मिली। शनिवार सुबह बर्फ के गिरते फाहों को देखकर लोगों ने घरों से बाहर निकलकर जमकर इसका आनंद लिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया, वहीं कई लोगों ने इस खूबसूरत नजारे को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया।

क्षेत्रवासियों के अनुसार गोहर में कई सालों बाद इस तरह की बर्फबारी हुई है। पिछले करीब तीन महीनों से क्षेत्र सूखे की मार झेल रहा था। बारिश और बर्फ न होने से जहां जल स्रोत सूखने लगे थे, वहीं किसानों और बागवानों की चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही थी। ऐसे में यह बर्फबारी उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं मानी जा रही है।

किसानों का कहना है कि बर्फबारी से गेहूं, मटर और अन्य नगदी फसलों को लाभ मिलेगा, वहीं सेब, नाशपाती और अन्य फलदार पौधों के लिए भी यह बेहद फायदेमंद साबित होगी। बर्फ के पिघलने से जमीन में नमी बढ़ेगी और प्राकृतिक जल स्रोतों को भी रिचार्ज होने में मदद मिलेगी। इससे आने वाले समय में पेयजल संतुलन बना रहने से भी की उम्मीद है।



गोहर में कई वर्षों बाद बर्फबारी होने से लोगों में खुशी। अनंत ज्ञान

बर्फबारी के कारण क्षेत्र में ठंड जरूर बढ़ गई है, लेकिन लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक रही है। स्थानीय लोगों ने इसे प्रकृति का वरदान बताते हुए कहा कि यह बर्फबारी न केवल मौसम संतुलन के लिए जरूरी है, बल्कि किसानों-बागवानों के भविष्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर, गोहर उपमंडल में हुई यह बर्फबारी क्षेत्र के बागवानों और किसानों के लिए राहत, उम्मीद और खुशियों की सौगात बनकर आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोबाइल नेटवर्क ठप, उपभोक्ता व कर्मी परेशान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी में मोबाइल नेटवर्क सही न मिलने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बीएसएनएल और जियो नेटवर्क रुक-रुक कर चलने से लोगों में रोष है। उपभोक्ताओं देवू, राजू, नेकराम, रागी राम, विजय आदि ने बताया कि तहसील, बैंक, पंचायत, लोकमित्र केन्द्रों के अधिकांश कार्य ऑनलाइन हैं, पर नेटवर्क समस्या से काम प्रभावित हो रहे हैं। पीएम किसान योजना की ई-केवाईसी और आधार कार्ड पिन कोड अपडेट कार्य चल रहा है, जिससे लोकमित्र केन्द्रों में भीड़ है, पर धीमे नेटवर्क से काम में देरी हो रही है। बैंक कर्मचारी और लोकमित्र संचालक भी परेशान हैं। लोगों ने मोबाइल टावर कंपनियों से नेटवर्क सुविधा सुधारने की मांग उठाई है।

### बीरबल शर्मा ने फोटोग्राफी में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल के छायाकार बीरबल शर्मा ने 45वीं अखिल भारतीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। मणिकर्णिका आर्ट गैलरी द्वारा 13 से 22 जनवरी तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के छायाकारों ने भाग लिया। बीच में भेजे गए बीरबल के पांच छायाचित्रों में पराशर झील और चौहारघाटी की बालिका को प्रथम स्थान दिया गया। प्रतियोगिता में अन्य प्रतिभागियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। बीते 25 वर्षों से हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी की स्थापना और प्रदेशभर की छायांकन गतिविधियों से जाने जाने वाले बीरबल शर्मा पत्रकारिता और फोटोग्राफी के क्षेत्र में प्रदेश के प्रमुख नाम हैं। उनकी गैलरी उत्तर भारत में एक अनोखा पर्यटन केंद्र बन चुकी है।

### आंतरिक राजस्व सृजन योजना का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर ने आंतरिक राजस्व सृजन योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया है। योजना तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय, हिमाचल प्रदेश से स्वीकृत है और 1 फरवरी से कार्यदिवसों में लागू होगी। आईटीआई प्रिंसिपल नविन कुमारी ने बताया कि इसका उद्देश्य प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना और समुदाय के साथ संस्थान की सहभागिता सुदृढ़ करना है। योजना में अपैरल ट्रेड में सिलाई व अल्टरशन, कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड में हेयर स्टाइलिंग, मेकअप और स्किन केयर, और मैकेनिक मोटर व्हीकल ट्रेड में कार वॉश व बेसिक डिटेलिंग सेवाएं दी जाएंगी। सभी सेवाएं प्रशिक्षकों की निगरानी में होंगी और शुल्क बाजार दरों से 20-40 प्रतिशत कम रखा गया है।

### देव स्थलों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सर्व देवता सेवा समिति, जिला मंडी की साधारण सभा देव सदन/संस्कृति सदन कांगनी में आयोजित हुई। सभा में पड्डल मैदान की सीढ़ियों पर सभी पंजीकृत देवी-देवताओं के बैठने के स्थान चिन्हित करने का प्रशासनिक निर्णय ऐतिहासिक बताया गया और कुल्लू की तर्ज पर इन स्थलों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग उठी। शिवरात्रि जलेब में फिल्मी गाने, सीटियां, नशीले पदार्थ और नंगी तलवारों की नाटी पर रोक लगाने तथा अनुशासन बनाए रखने का निर्णय लिया गया। देवताओं की समयबद्ध उपस्थिति और स्वागत प्रक्रिया की जिम्मेदारी स्वागत कमेटी पर रहेगी। साथ ही देवताओं व बंजतरियों के मानदेय में 15 प्रतिशत वृद्धि, श्री देव कमरू नाग की परंपरा का सम्मान और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### छात्राओं ने समूह गान से लोकतंत्र का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 25 जनवरी रविवार होने के कारण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की छात्राओं ने भाषण, नारे, पेंटिंग, मतदाता शपथ और समूह गान के माध्यम से मतदान और लोकतंत्र के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता विनोद गुलेरिया और मीरा ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने छात्राओं को मतदान के महत्व पर संबोधित किया और सजग रहने का आह्वान किया। अंत में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब की सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बाल विकास परियोजना मण्डी-सदर के अन्तर्गत संचालित सभी 479 आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर उपस्थित जनों को बालिका दिवस की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, 2006 के बारे में लोगों को शपथ भी दिलाई गई। जिला के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी के बावजूद लोगों ने इन गतिविधियों में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और बेटियों की शिक्षा से लेकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी जितेंद्र सैणी ने बताया कि मण्डी-सदर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'देई' कार्यक्रम के अन्तर्गत खण्ड व वृत तथा आंगनबाड़ी स्तर पर समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिनका उद्देश्य बेटियों का सर्वांगीण विकास करना है।

### यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, करसोग।** स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करसोग में निजी स्कूल बस चालकों और परिचालकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम गौरव महाजन इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य चालकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सही प्रतिक्रिया देना, सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना और प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) का प्रशिक्षण प्रदान करना था। फायर विभाग के अधिकारियों ने आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया समझाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुर्घटना या अन्य आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार के उपाय बताए। एसडीएम ने कहा कि स्कूल बस चालकों की जिम्मेदारी केवल वाहन चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उनकी प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने चालकों को सख्ती से यातायात नियमों का पालन करने और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# बुजुर्ग बोले-पहली बार देखा ऐसा नजारा, बरोट मार्ग बंद



बर्फबारी से बंद पड़ी सड़क को खोलती जेसीबी मशीन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** नए साल की पहली बारिश के साथ हुई बर्फबारी ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र की पहाड़ियों को सफेद चादर ओढ़ा दी। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को ठंड का सामना करना पड़ा, वहीं पहाड़ों पर जमी बर्फ ने खूबसूरत नज़ारे भी पेश किए।

स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि पहली बारिश में इस तरह की बर्फबारी उन्होंने वर्षों बाद, बल्कि पहली बार देखी है।जानकारी के अनुसार जोगिंद्रनगर की चलोटी धार में स्थित सुरगणी माता मंदिर के आसपास और धार रोड के समीप बर्फ की मोटी परत जम गई। इसके अलावा चौंतड़ा, सुखाबाग, रोपड़ी धार तथा भभौरी माता मंदिर के आसपास भी बर्फबारी हुई, जिससे पूरा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया।उधर ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी अधिक होने से बरोट, बीड़ और बिल्लिग क्षेत्रों में भी बर्फ गिरी। लगातार बर्फ पड़ने के कारण बरोट मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है और सड़क के बंद होने की सूचना है। प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है, वहीं स्थानीय लोगों और यात्रियों को सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# बारिश ने खोली सड़क व गड्ढों की पोल

## अवरुद्ध नालियों से सड़कों में बढ़ता प्रदूषण व लोक निर्माण विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर सवाल

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** बारिश के कारण मंडी जिला के एक बड़े क्षेत्र में हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। भारी बारिश से जहां नालियां अवरुद्ध हो गई हैं, वहीं गंदा पानी और कूड़ा-कचरा सड़कों व मार्गों पर फैलने से प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर, वर्षों से उपेक्षित बदहाल सड़क मार्ग बरसाती पानी से लबालब भर गए हैं, जिससे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संबंधित विभागों की सुस्त कार्यशैली के चलते स्थिति दिन-प्रतिदिन और गंभीर होती जा रही है। बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त सड़कों के गड्ढे और गहरे हो गए हैं, मानो जख्मों पर नमक छिड़क दिया गया हो। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा डंगे गिरे और कच्चे हो चुके मार्गों के कायाकल्प को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जबकि स्थानीय लोग लंबे समय से सड़कों की दशा सुधारने की मांग कर रहे हैं।




बारिश से सड़क पर पड़े गड्ढों में भरा पानी, कीचड़ से जूझते वाहन चालक व राहगीर परेशान। अनंत ज्ञान

प्रदेश की वर्तमान सरकार के विधायकों और मंत्रियों के आश्वासनों के बावजूद जर्जर सड़क मार्गों को राहत नहीं मिल पाई है। इससे लोगों में लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और मंडी की सांसद कंगना रनौत के प्रति नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। पानी की उचित निकासी के अभाव में सड़कों के किनारे नाली निर्माण अधर में लटका हुआ है और जो नालियां बनी हैं, उनका बड़ा हिस्सा दबकर या उथला होकर बेकार साबित हो रहा है।

जिले के कई प्रमुख मार्ग बदहाली का दंश झेल रहे हैं, जिनमें धनोटू-महादेव सर्कुलर रोड, भराड़ी-पलाहोटा, सुंदरनगर-चाह का डोहरा, सुंदरनगर-मैरामसीत, सद्याणी-मंडी वाया रिवालसर, कोटली-धर्मपुर, नेरचौक-करसोग वाया चांबी, डैहर-बलद्धवाड़ा वाया त्रिफालघाट सहित अनेक ग्रामीण सड़कें शामिल हैं। इन मार्गों से गुजरने वाली बसों की सवारियों और विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए सफर जोखिम भरा हो चुका है।

बुद्धिजीवी वर्ग और प्रभावित क्षेत्रों के लोगों ने प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से मांग की है कि मंडी जिला की सड़कों की मरम्मत के लिए युद्ध-स्तर पर कार्य किया जाए, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

## महिला ने ब्यास नदी में कूदकर दी जान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक पंचवक्त्र मंदिर के समीप शनिवार सुबह एक 37 वर्षीय महिला ने ब्यास नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान रीता देवी (37), पत्नी स्वर्गीय प्रकाश चंद, निवासी गांव बनाल, जिला मंडी के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब नो बजे सूचना मिली थी कि एक महिला ने पंचवक्त्र मंदिर के पास नदी में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय स्तर पर सर्च आपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद, सुबह लगभग 10:30 बजे महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए जोनल अस्पताल मंडी भेज दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। परिजनों के विस्तृत बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके बाद ही आत्महत्या के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# दमेला खड्ड पुल निर्माण बना मुसीबत

## पधर-बटाहर-कुफरी सड़क पूरी तरह ठप, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान

**कविता, पधर।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल पधर के अंतर्गत पधर-दमेला-बटाहर-कुफरी सड़क पर दमेला खड्ड में निर्माणाधीन पुल इन दिनों क्षेत्रवासियों के लिए भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। पुल निर्माण कार्य के चलते यह महत्वपूर्ण सड़क मार्ग लंबे समय से यातायात के लिए बाधित है। खड्ड में बनाया गया अस्थायी डायवर्सन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे छोटे-बड़े किसी भी वाहन की आवाजाही संभव नहीं रह गई है।

इस मार्ग के बंद होने से सैकड़ों ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। कामकाज, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवश्यक सेवाओं के लिए लोगों को लंबे और जोखिम भरे वैकल्पिक मार्ग अपनाने पड़ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि बटाहर से आगे कुफरी तक सड़क की हालत भी बद से बदतर बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढों और सड़क टूटने के कारण एचआरटीसी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कुफरी-बटाहर बस सेवा बंद कर दी है। स्थानीय पंचायत के उपप्रधान दर्शन कटारिया, बालक राम, नरेश कुमार, सुरेश कुमार, लाल सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पुल निर्माण विकास की दृष्टि से आवश्यक है, लेकिन अस्थायी डायवर्सन होते हुए भी लोगों को यातायात सुविधा से वंचित रखना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।




पुल कार्य से बाधित पड़ा पधर-बटाहर सड़क का अस्थायी डायवर्जन। अनंत ज्ञान

ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण स्थल के पास पुराने डायवर्सन को जेसीबी मशीन से थोड़े प्रयास में ठीक किया जा सकता है, जिससे तत्काल यातायात बहाल हो सकता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शीघ्र कार्रवाई कर लोगों को राहत प्रदान की जाए।

उपप्रधान दर्शन कटारिया ने बताया कि आगामी 4 फरवरी को गांव में शादी समारोह आयोजित होना है, ऐसे में सड़क मार्ग सुचारू न होने पर भारी परेशानी उत्पन्न हो सकती है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग मंडल पधर विनायक कश्यप ने कहा कि संबंधित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे और समस्या के समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

# हमीरपुर पुलिस की गलती के कारण फौजी की गाड़ी का कट गया चालान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हमीरपुर जिला पुलिस को चालान काटने की इतनी जल्दी थी कि जल्दी के चक्कर में एक डिजिट गलत डालकर सारा मामला की गड़बड़ कर दिया। कारनामा स्कूटी वाले ने किया और चालान फौजी की गाड़ी का हो गया, जोकि तीन सालों से चंडीगढ़ में खड़ी हुई है। फौजी ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाकर चालान को रद्द करवाने और कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

### ◆ मुख्यमंत्री सेवा संकल्प को शिकायत देकर उठाई कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले में चालान काटने वाले की गलती ही सामने आ रही है जिसने 5643 की जगह 5649 कर दिया। हालांकि नम्बर बदलने के कारण सामने डिटेल भी कार की आ गई थी, जिसे शायद चालान काटने वाले ने चेक ही नहीं किया और स्कूटी की फोटो लगाकर कार का ही चालान कर दिया। बहरहाल हरीश कुमार ने इसकी शिकायत दर्ज करवा दी है।



### फोटो स्कूटी की चालान कार का

**मंडी** जिला के दुदर गांव निवासी हरीश कुमार सेना में कार्यरत हैं और बीते तीन वर्षों से चंडीगढ़ में सेवाएं दे रहे हैं। हरीश की स्विफ्ट कार नंबर एचपी 33 ई 5649 भी चंडीगढ़ में ही खड़ी है। 22 जनवरी को हरीश को चालान का मैसेज आया। हरीश ने देखा कि उसकी कार का हमीरपुर के जिला के भूम्पल में ओवरस्पीड का चालान हुआ है। चालान पर बाकायदा फोटो भी लगी थी, लेकिन यह फोटो उसकी कार की नहीं बल्कि स्कूटी की थी। फोटो में स्कूटी का नम्बर भी साफ दिखाई दे रहा है। स्कूटी का नम्बर एचपी 33 ई 5643 है जबकि पुलिस ने 5649 का चालान काटकर भेज दिया है।

**बैठक** जिलास्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने दिए निर्देश

# एनएफएसए के तहत लाभार्थी चयन में लाएं तेजी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभार्थियों के चयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने जिला पंचायत अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर शेष पात्र लाभार्थियों का चयन शीघ्र पूरा करने पर बल दिया। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला मंडी को कुल 5,36,750 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके तहत अब तक 4,31,720 लाभार्थियों का चयन किया जा चुका है।

उपायुक्त ने बताया कि जिला मंडी में निगम के 19 गोदामों के माध्यम से 855 उचित मूल्य दुकानों द्वारा 3,23,950 राशन कार्ड धारकों को आटा, चावल, दालें, चीनी, तेल एवं नमक का वितरण किया जा रहा है। यह वितरण एपीएल, बीपीएल, अंत्योदय अन्न योजना तथा प्राथमिक गृहस्थियां योजना के तहत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवम्बर 2025 तथा दिसम्बर 2025 के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 84,990 क्विंटल आटा, 54,493 क्विंटल चावल, 10,915 क्विंटल दालें, 8,162 क्विंटल चीनी, 9,81,639 लीटर खाद्य तेल तथा 4,018.41 क्विंटल नमक वितरित किया गया।



### नए डिपो और विस्तार शाखाओं का निर्णय

**उपायुक्त** ने बताया कि इस अवसर पर जिला मंडी के विभिन्न क्षेत्रों में उचित मूल्य की नई दुकानों तथा विस्तार शाखाएं खोलने का निर्णय भी लिया गया, ताकि लाभार्थियों को समय पर और सुचारू रूप से आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

### निरीक्षणों के दौरान पाई अनियमितताओं पर जुर्माना

**उपायुक्त** ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा नवंबर 2025 से दिसम्बर 2025 के दौरान विभिन्न नियंत्रण आदेशों के तहत कुल 1,039 निरीक्षण किए गए। निरीक्षणों के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर इस अवधि में कुल 10,400 रुपए का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने खाद्यान्नों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण एवं नमूने लेने के निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर सभी राशन कार्ड धारकों को फोर्टिफाइड आटा (आयरन, फॉलिक एसिड, विटामिन बी-12), फोर्टिफाइड चावल (आयरन, फॉलिक एसिड, विटामिन बी-2, बी-6, बी-12 एवं विटामिन सी), डबल फोर्टिफाइड नमक (आयोडीन एवं आयरन) तथा फोर्टिफाइड खाद्य तेल (विटामिन ए एवं डी) उपलब्ध करवाया जा रहा है। बैठक में जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंडी पवन कुमार, खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी लेख राज, क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम मंडी संजीव शर्मा, भारतीय खाद्य निगम मंडी के प्रबंधक छेरिंग वंग्युल, जिला ऑडिट अधिकारी ओम चंद शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बागवान उगाएं उच्च मूल्य की फसलें : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बागवानी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड में जाकर बागवानों को हाइड्रोपोनिक खेती, मधुमक्खी पालन, केसर की खेती तथा सोलर क्रॉप ड्रायर बारे जागरूक करें ताकि बागवान पारम्परिक फसलों के साथ साथ उच्च मूल्य की फसलों को उगाने के लिए प्रेरित हो सकें। ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, केसर, स्ट्रॉबेरी, कीवी, चेरी, ब्लूबेरी, अंजीर जैसी नई फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को आवश्यक तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। उपायुक्त शनिवार को बागवानी विभाग की एमआईडीएच (मिशन फॉर इंटिग्रेटेड डवल्पमैंट ऑफ हॉर्टिकल्चर) के लिए गठित जिला अनुश्रवण समिति की बैठक में जिले में बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ करने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि बागवानों को इन फसलों की व्यावसायिक संभावनाओं के बारे में जागरूक किया जाए, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए ताकि बागवान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

# मिशन मोड में आगे बढ़ रहा 'अपना विद्यालय' कार्यक्रम

## डीसी के अधिकारियों को निर्देश: स्कूलों में एक नियमित समय दें, बच्चों से करें संवाद

अनंत ज्ञान

**ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शी पहल 'अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम' ऊना जिले में मिशन मोड में प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। डीसी जतिन लाल की सतत मॉनिटरिंग व प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी से सरकारी विद्यालयों में न केवल शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, लक्ष्य-बोध व आगे बढ़ने की ठोस प्रेरणा भी विकसित हो रही है।

डीसी जतिन लाल ने बताया कि इस कार्यक्रम की मूल भावना अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता व नियमित संवाद के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में गुणात्मक व प्रेरणात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है, ताकि विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व प्रेरणा मिले, ज्ञान का सार्थक आदान-प्रदान हो, विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके और आवश्यक सुविधाओं के विकास को गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित समय दें व विद्यार्थियों से निरंतर जुड़ाव बनाए रखें।


डीसी ऊना स्टूडेंट्स के साथ फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

डीसी ने बताया कि 'अपना विद्यालय-हिमाचल स्कूल अडॉप्शन कार्यक्रम' के अंतर्गत ऊना जिले में प्रथम चरण में 83 सरकारी विद्यालयों को शामिल किया गया है। विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विद्यालय गोद लिए गए हैं। बता दें, डीसी ऊना ने स्वयं जिले के चार सरकारी विद्यालय गोद लिए हैं, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) ऊना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां, बंगाणा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुसाड़ा, अंब शामिल हैं। वे इन विद्यालयों में नियमित रूप से जाकर विद्यार्थियों से संवाद करते हैं और अन्य गोद लिए गए विद्यालयों का भी समय-समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेते हैं।

इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक ऊना, एडीसी, एएसपी, एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, डीएसपी सहित अन्य प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी भी अपने-अपने गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित रूप से पहुंचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। गोद लिए गए विद्यालयों में अधिकारी अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप करियर गाइडेंस, व्यक्तित्व विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी, पढ़ने-लिखने की आदत विकसित करने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टि जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं। साथ ही विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप लाइब्रेरी, आईसीटी सुविधाएं, खेल गतिविधियां व अन्य आधारभूत संसाधनों को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

डीसी जतिन लाल गोद लिए गए विद्यालयों में नियमित रूप से विजिट कर विद्यार्थियों के साथ समय बिताते रहे हैं। वे बच्चों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित करते हैं। एक अवसर पर उन्होंने छात्राओं के साथ मिड-डे मील का भोजन भी साथ बैठकर किया। यह पहल भावनात्मक जुड़ाव को सुदृढ़ करने के साथ साथ विद्यार्थियों में प्रशासन के प्रति सीधा और आत्मीय संबंध विकसित करने का भी सशक्त माध्यम बनी।

### 'टू स्पिरिट' में धरातल पर उतर रहा सीएम का विजन

**डीसी** ने कहा कि ऊना जिले में मुख्यमंत्री सुक्खू की शिक्षा के प्रति संवेदनशील सोच को इस कार्यक्रम के माध्यम से टू स्पिरिट में धरातल पर उतारा जा रहा है। आगामी चरणों में और अधिक विद्यालयों तथा अधिकारियों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे मुख्यातिथि

◆ 26 को छात्र स्कूल ऊना में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के तकनीकी शिक्षा और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि होंगे। वे 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसे लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है।

जारी कार्यक्रम के मुताबिक तकनीकी शिक्षा मंत्री ऊना में, जबकि स्वास्थ्य मंत्री अब ऊना की बजाय सोलन में जिला स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि होंगे। वहीं, डीसी जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। डीसी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री 26 जनवरी को प्रातः 10:45 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्रातः 11 बजे छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वज फहराने के बाद मुख्यातिथि परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्च-पास्ट की सलामी ग्रहण करेंगे तथा जिला वासियों को संबोधित करेंगे। समारोह की परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ-साथ एनसीसी व एनएसएस के स्टूडेंट्स भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा नाट्य दलों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। डीसी ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता पर कार्यक्रम के लिए टाउन हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। डीसी ने कहा कि समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे बोर्डिंग स्कूल सहित स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, बागवानी, रेड क्रॉस, सामर्थ्य, पशुपालन तथा मत्स्य पालन विभाग से जुड़ी झांकियां शामिल होंगी।

# मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियाड़ा में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ईएलसी क्लब के नोडल अधिकारी व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर अमन देवी शर्मा ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस क्यों मनाया जाता है और किस प्रकार जागरूक मतदाता लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। साथ ही उन्होंने यह संदेश दिया कि सभी नागरिकों को मतदान के प्रति सजग रहकर देश में मतदान प्रतिशत को शत-प्रतिशत तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ईएलसी क्लब की छात्रा रिद्धिमा ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई और सभी को अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य सुशील ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को मतदाता दिवस के महत्व से अवगत कराया और कहा कि हम सभी लोगों को एक जागरूक मतदाता बनना चाहिए। आज के इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# डीसी ने आपदा मित्रों को भेंट की आपातकालीन प्रतिक्रिया किट


आपदा मित्रों को आपातकालीन प्रतिक्रिया किट भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना, जतिन लाल ने शनिवार को अपने चैंबर में 50 प्रशिक्षित आपदा मित्रों को आपातकालीन प्रतिक्रिया किट भेंट की। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षित आपदा मित्रों को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

इन 50 प्रशिक्षित आपदा मित्रों को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में शामिल गया है, ताकि उन्हें भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़ी सेवाओं के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित आपदा मित्र/युवा आपदा मित्र स्वयंसेवक योजना के तहत पूरे देश के 350 चयनित जिलों में आपदा मित्र स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश में आपदा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा स्वयंसेवी संगठनों एवं युवाओं को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष बनाना है।

## बड़ूही में वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ, सतीश शर्मा रहे मुख्यातिथि

# 7 स्टार डंगोह ने स्पोर्ट्स क्लब अंब को हराया

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत पंचायत बड़ूही में महावीर यूथ क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस खेल आयोजन में जिला परिषद सदस्य व समाजसेवी सतीश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

आयोजन स्थल पर पहुंचने पर महावीर यूथ क्लब की समिति द्वारा मुख्यातिथि सतीश शर्मा का फूल-मालाएं पहनाकर व सम्मान चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके पश्चात सतीश शर्मा ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सतीश शर्मा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, भाईचारे और मानसिक मजबूती को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि जब बच्चों और युवाओं का ध्यान खेलों की ओर रहता है, तो उनका मानसिक विकास भी बेहतर होता है। सतीश शर्मा ने महावीर यूथ क्लब द्वारा किए जा रहे इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए टूर्नामेंट आयोजन के लिए 10,000 रुपए की राशि भेंट की तथा भविष्य में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। टूर्नामेंट के पहले दिन विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहला मुकाबला स्पोर्ट्स क्लब अंब और 7 स्टार डंगोह के बीच खेला गया, जिसमें 7 स्टार डंगोह ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला महावीर यूथ क्लब बड़ूही और रायपुर मैदान की टीम के बीच हुआ, जिसमें मेजबान महावीर यूथ क्लब बड़ूही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरा मुकाबला पठनिया क्लब भलौन और सदाशिव क्लब तलमेड़ा के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया ओर सदाशिव क्लब तलमेहड़ा ने जीत दर्ज की। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान महावीर यूथ क्लब के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।


मुख्यातिथि के साथ आयोजक। अनंत ज्ञान

# पूर्व सैनिक शहीदों को अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हर वर्ष की तरह इस बार भी, ऊना के पूर्व सैनिक, स्वतंत्रता दिवस, 26 जनवरी को एमसी पार्क में सुबह सवा दस बजे पर एकत्रित होकर उन सभी अमर शहीदों को, जिन्होंने अपने देश की आन, बान व शान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, उनको इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के चेयरमन कैप्टन शक्ति चंद, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रधान डॉ. बलदेव डोगरा, नेवल एक्स सर्विसेमैन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व वायु सैनिक सेवा समिति के प्रधान हरीश चंद्र शर्मा, शासन और प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। लीग के सीनियर वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा ने बताया की श्रद्धांजलि देने के बाद पूर्व सैनिक आम बैठक करके आपस में अपने विचार साझा करेंगे। पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के वाइस चेयरमैन एसपी शर्मा ने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में समय रहते एम सी पार्क ऊना में पहुंचे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता विकास कश्यप बने बार एसोसिएशन अंब के प्रधान

अनंत ज्ञान



◆ विकास कश्यप को 97 मत मीना ठाकुर को मिले 58

**अंब।** अंब बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में विकास कश्यप को नया अध्यक्ष चुना गया है।

चुनाव समिति के सदस्य गगन मिन्हास, राघव सूद, सौरव शर्मा, सुधीर जरियाल व नितिका ठाकुर ने बताया कि कार्यकारिणी के अन्य सभी पदों पर पहले ही सर्वसम्मति बन चुकी थी, केवल अध्यक्ष पद के लिए ही मतदान करवाया गया। अध्यक्ष पद के लिए विकास कश्यप और मीना ठाकुर के बीच सीधा मुकाबला हुआ। एसोसिएशन के कुल 162 सदस्यों में से 155 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणामों के अनुसार विकास कश्यप को कुल 97 मत प्राप्त हुए, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी मीना ठाकुर को 58 मत मिले। इस प्रकार विकास कश्यप ने 39 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद हासिल किया। एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में संदीप शर्मा को उपाध्यक्ष, रमेश तक्खी को महासचिव, शिल्पा को संयुक्त सचिव तथा अनीता चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इन सभी पदाधिकारियों का चयन पूर्व में सर्वसम्मति से किया जा चुका था। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई।

# ललड़ी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साह के साथ मनाया

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललड़ी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व, इतिहास तथा लोकतंत्र में मताधिकार की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रवक्ता अंजू प्रभाकर ने बच्चों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में पहली बार आम चुनाव वर्ष 1951-52 में संपन्न हुए थे और 25 जनवरी 1950 को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी। इसी उपलक्ष्य में हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।


राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता संदेश देते शिक्षक। अनंत ज्ञान

मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी नैतिक व संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद प्रत्येक नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाकर मतदान अवश्य करना चाहिए, ताकि एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सके। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को जागरूक, जिम्मेदार और निष्पक्ष मतदाता बनने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रिपुजीत सिंह ने स्कूल में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की, जिससे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ और नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता विकसित हो सके।

# कश्यारी गांव में बाल विवाह न होने देने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत पंचायत बड़ूही के वार्ड नंबर-2 कश्यारी गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने स्थानीय महिलाओं के साथ मिलकर लड़कियों की 18 वर्ष की आयु से पहले शादी न करने व गांव में कहीं भी 18 वर्ष से पहले बाल विवाह न होने देने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेनू कुमार ने महिलाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है, जिसके खिलाफ सरकार द्वारा सख्त कानून बनाए गए हैं। रेनू कुमारी ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, ताकि ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को बाल विवाह के प्रति सचेत किया जा सके और समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे स्वयं भी इस सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूक रहें और अपने आसपास कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग को सूचित करें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि वे अपनी बेटियों की शादी 18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ही करेंगी और गांव में बाल विवाह रोकने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगी। महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए बेहद जरूरी कदम बताया।

## शिक्षा अकादमी के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे भुट्टो

# नन्हे छात्रों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के शिक्षा अकादमी बीहड़ू मंदली स्कूल का वार्षिक पारितोषिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम व गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके विद्यालय परिसर में पहुंचते ही स्कूल प्रबंधन, प्रिंसिपल, स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा बैंड-बाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मुख्य मंच पर पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से मुख्यातिथि भुट्टो को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक अभिभावक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वार्षिक पारितोषिक समारोह के दौरान स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, नाटक व एकल प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने यह सिद्ध कर दिया कि अकादमी न केवल शिक्षा, बल्कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बच्चों को आगे बढ़ा रहा है। बच्चों की प्रस्तुतियों पर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अकादमी बीहड़ू शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को बेहतर संस्कार देने के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों का होना भी अत्यंत आवश्यक है।


पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

# मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार

अनंत ज्ञान

**ऊना।** भाजपा जिला ऊना द्वारा भाजपा कार्यालय ऊना में एसआईआर एवं वीबीजी राम जी विषय पर एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने की। कार्यशाला में विशेष रूप से राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने अपने संबोधन में एसआईआर के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एसआईआर की प्रक्रिया, उद्देश्य एवं इसके माध्यम से मतदाता जागरूकता बढ़ाने के तरीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार बूथ स्तर पर कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ इस कार्य को सफल बना सकते हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने वीबीजी राम जी विषय पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को गंभीरता से समझना और आम जन तक सही जानकारी पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि किस प्रकार वीबीजी राम जी से जुड़े विषयों को जन-जन तक सरल भाषा में पहुंचाया जाए और संगठनात्मक रूप से इसे मजबूत किया जाए। कार्यशाला के दौरान दोनों वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को यह भी समझाया कि आम जनता के बीच संवाद करते समय किन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा किस प्रकार सकारात्मक और तथ्यपरक तरीके से इन विषयों पर चर्चा की जाए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

**सवाल** डॉ. सिकंदर ने कहा, एसआईआर के बहाने घुसपैठियों को नागरिक बनाना चाहती है कांग्रेस

# विपक्ष को मनरेगा से नहीं, जी राम जी बोलने में दिक्कत

अनंत ज्ञान

**ऊना।** प्रदेश भाजपा के राज्यसभा सांसद व प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के संवैधानिक प्रयास का विरोध कर विपक्ष दरअसल घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहता है।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस एसआईआर के जरिये देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को नागरिक बनाकर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है? डॉ. सिकंदर शनिवार को जिला ऊना मुख्यालय भाजपा कार्यालय के जिला ऊना के पांचों मंडलों की भाजपा मंडल मोर्चे प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) तथा विकसित भारत-गारंटी फॉर राष्ट्रीय रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-राम जी के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा में संगठन केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य धरोहर है, जो अपने समर्पण, अनुशासन व मेहनत से पार्टी की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करता है। डॉ. सिकंदर ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ग्रामीण भारत के भ्रष्टाचार मुक्त व समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्ष 2005 में मनरेगा योजना की शुरुआत हुई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना था, लेकिन समय के साथ इस योजना में व्यापक भ्रष्टाचार देखने को मिला। फर्जी जॉब कार्ड, अपात्र लाभार्थियों व भुगतान में अनियमितताओं के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षित विकास नहीं हो सका। इसी पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार ने विकसित भारत-गारंटी फॉर राष्ट्रीय रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-राम जी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत ग्रामीण विकास की गारंटी दी गई है। रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और किए गए कार्य का भुगतान 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया गया है। डॉ. सिकंदर ने कहा कि यह योजना मनरेगा की तुलना में कहीं अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि विपक्षी दल इस योजना का विरोध केवल इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि इसके नाम में 'राम' शब्द जुड़ा हुआ है, जबकि वास्तविकता यह है कि वीबी-ग्राम जी योजना ग्रामीण भारत के लिए विकास का नया अध्याय लिखने जा रही है और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। एसआईआर के मुद्दे पर बोलते हुए डॉ. सिकंदर ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कोई नई प्रक्रिया नहीं है।


भाजपा की ऊना में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य। अनंत ज्ञान

संविधान ने निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची के शुद्धीकरण का अधिकार दिया है और आजादी के बाद से यह कार्य समय-समय पर होता आया है। भारत का संविधान केवल भारत के नागरिकों को ही मतदान का अधिकार देता है। ऐसे में एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची से अपात्र और अनाधिकृत मतदाताओं को हटाना पूरी तरह संविधान सम्मत प्रक्रिया है।

# राजकीय टीजीटी कला संघ ने सरकार से 17 सूत्री मांगों पर बजट में निर्णय लेने की उठाई आवाज

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** राजकीय टीजीटी कला संघ जिला ऊना इकाई ने प्रदेश सरकार से अपने लंबे समय से लंबित 17 सूत्री मांग पत्र पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया है कि आने वाले बजट में कर्मचारियों से जुड़ी आर्थिक व सेवा शर्तों से संबंधित मांगों के समाधान के लिए ठोस वित्तीय प्रावधान किए जाने चाहिए।

जिला अध्यक्ष नरेंद्र पुनर, महासचिव जरनैल सिंह राणा, प्रदेश संगठन सचिव इंदु शेखर, जिला संगठन सचिव सुमित भारद्वाज सहित विभिन्न खंडों के प्रधान पवन कुमार, भगवान सिंह, संजीव कुमार, राजीव कुमार, मनीषा जसवाल, रवि दत्त, अनामिका शुक्ला, ताज मोहम्मद व अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर सरकार से शिक्षकों के हित में त्वरित कदम उठाने का आग्रह किया। संघ ने मांग की कि छठे वेतन आयोग के लंबित एरियर, महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों तथा पूर्व में रोके गए एरियर का भुगतान किया जाए। साथ ही पंजाब की तर्ज पर सभी भत्तों को लागू करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया जाए। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि विद्यालयों में पद रिक्तियों की समस्या को दूर करने के लिए एडवांस प्रमोशन पैनल पूल का गठन किया जाना आवश्यक है, ताकि पद खाली होते ही उन्हें तुरंत भरा जा सके। जेबीटी से टीजीटी, सी एंड वी से टीजीटी, टीजीटी से लेक्चरर तथा टीजीटी से हेड मास्टर पदों पर पदोन्नतियां जल्द की जाएं। संघ ने 4, 9 और 14 एसीपी स्कीम के लाभ को दोबारा लागू करने, दो वर्ष का अनुबंध पूरा करने वाले कर्मचारियों को उसी तिथि से नियमित करने तथा पंजाब, हरियाणा व दिल्ली जैसे राज्यों की तर्ज पर टीजीटी शिक्षकों को उच्च वेतनमान देने की मांग दोहराई। अदालतों द्वारा स्वीकृत हायर ग्रेड पे का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को एक समान आदेश के माध्यम से देने, मेडिकल भत्ते को खुला या बंद रखने का विकल्प हर वर्ष देने तथा कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की भी मांग की गई। संघ ने वर्षों से सेवाएं दे रहे एमसी अध्यापकों के लिए एकमुश्त नियमितीकरण नीति बनाने, टीए/डीए सुविधा में 30 किलोमीटर की शर्त को कम करने तथा तबादले या पदोन्नति की स्थिति में जॉइनिंग टाइम बढ़ाने की आवश्यकता पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

# बारिश-बर्फबारी बनी कुल्लू व लाहौल-स्पीति में राहत के साथ आफत

## कई सड़कें बाधित, अंधेरे में डूबे गांव, पेयजल की भी बढ़ी दिक्कत, कई घंटों से ट्रैफिक जाम के कारण पर्यटकों की अटकी सांसें

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में लंबे अरसे बाद जहां बारिश-बर्फबारी होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं, भारी बारिश-बर्फबारी के बाद दुश्वारियां बढ़ गई हैं। दोनों जिला में सैकड़ों सड़कें बंद हैं, कई गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं।

बर्फ के कारण सड़कों में फिसलन के कारण कई वाहनों को जहां नुकसान हुआ है। वहीं, ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस फंसने के कारण गत दिन एक मरीज को भी जान से हाथ धोना पड़ा है। वहीं, सैकड़ों वाहनों में पर्यटक कुल्लू-मनाली एनएच पर फंसे हुए हैं, जिन्हें भूखे, प्यासे रात बितानी पड़ी। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से सड़क बहाली कार्य युद्धस्तर पर जारी है, लेकिन सड़क पर फिसलन के कारण दिक्कत हो रही है। वहीं, मनाली का लाहौल से पूरी तरह से संपर्क कटा हुआ है, जबकि लाहौल की सड़कें भी बाधित हैं। बिजली आपूर्ति भी बाधित होने से घाटी में अंधेरा पसरा है।

> **जिला** कुल्लू में बर्फबारी के चलते कई सड़कें बंद पड़ गई हैं, जिन्हें बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जलोड़ी दर्रा की तरफ रघुपुर फोर्ट क्षेत्र में फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू कर दिया गया है। हालांकि, कुछ पर्यटकों को शुक्रवार को ही रेस्क्यू कर दिया गया था, लेकिन कुछ को शनिवार दिन को किया गया है, जो भी गाड़ी ड्राइवर सड़क किनारे फंसे हुए थे, उन सभी से प्रशासन का संपर्क हुआ है और सभी लोग बेहतर पाए गए हैं। उन्हें खाने-पीने की चीज भी प्रशासन द्वारा मुहैया करवाई जा रही है। प्रशासन मुख्य मार्गों को बहाल करने का कार्य कर रहा है, ताकि पर्यटकों को घाटी से बाहर निकलने में आसानी हो और लोगों को भी असुविधा न हो।
>
> **तोरुल एस रवीश, डीसी कुल्लू।**



कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में लंबे अर्से बाद जहां बारिश-बर्फबारी होने से लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं कुल्लू- मनाली एनएच पर बर्फ के कारण सड़क मार्ग बाधित। अनंत ज्ञान

> **जिले** में बर्फबारी के कारण यातायात बाधित हुआ है। संपर्क मार्गों के अलावा मनाली-लेह मार्ग पर बीआरओ द्वारा दोनों छोर से सड़क बहाली कार्य जारी है तथा तांदी उदयपुर मार्ग के साथ-साथ सुमदो काजा मार्ग पर भी लोसर की ओर कार्य प्रगति पर है। बिजली बहाली का कार्य भी कुछ क्षेत्र में सड़क बहाल होते ही शुरू कर दिया जाएगा तथा कुछ क्षेत्र में शुरू हो चुका है। मुख्य मार्ग खुलते ही लाहौल-स्पीति में लोनिवि द्वारा संपर्क मार्गों को बहाल करने का कार्य सभी घाटियों में आरंभ कर लिया जाएगा। सरकार, प्रशासन एवं सभी संबंधित विभाग पूरी तत्परता से मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है।
>
> **अनुराधा राणा, विधायक लाहौल-स्पीति।**

### जिले में 79 सड़कें, 587 डीटीआर व 81 पेयजल योजनाएं प्रभावित

**बारिश** बर्फबारी से कुल्लू जिले में 79 सड़कें बाधित हैं, जिस कारण पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, 587 डीटीआर भी बंद होने से मनाली सहित कई गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। इसके अलावा 81 पेयजल स्कीमें प्रभावित हुई हैं, जिनमें आनी उपमंडल में सबसे अधिक 26 स्कीमें प्रभावित होने से पानी की भी दिक्कत झेलनी पड़ रही हैं।

### वितरित की खाने-पीने की सामग्री

**कुल्लू** प्रशासन को जैसे की जानकारी मिली कि यहां सड़कों पर कई वाहन चालक और सैलानी फंसे हुए हैं तो राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए और राजस्व विभाग के कर्मचारी जूस व खाने-पीने की सामग्री लेकर उनके पास पहुंचे।

### मनाली आने व यहां से जाने वालों को झेलनी पड़ रही दिक्कत

**बर्फबारी** के दीदार के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों ने मनाली का रुख किया है। आलम यह है कि कोई मनाली से बाहर निकलने को बेताब तो कोई खूबसूरत वादियों के दीदार को बेताब हैं, लेकिन ट्रैफिक सुचारु होने और हालात सामान्य होने में अभी समय लगेगा। बर्फबारी से सड़कें बाधित होने के कारण घंटों जाम लग रहा है, जिससे मनाली से जाने और यहां आ रहे पर्यटक सभी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### रघुपुर गढ़ से 12 सैलानी किए रेस्क्यू

**जिला** कुल्लू में हुई भारी बर्फबारी के चलते उपमंडल बंजार के रघुपुर गढ़ में फंसे 12 सैलानियों को प्रशासन ने शनिवार दोपहर बाद सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है, ऐसे में सभी सैलानियों को बंजार के जिभी लाया गया और उन्हें सुरक्षित जगह पर ठहराया गया है।

### सड़क किनारे कैंप लगाकर जांचा स्वास्थ्य

मनाली से लेकर पतलीकूहल तक जगह-जगह सड़क में करीब 30 घंटों से लोग ट्रैफिक जाम में फंसे हुए हैं, ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई पर्यटक ठंड के कारण बीमार भी हुए हैं, ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मनाली में सड़क किनारे मेडिकल कैंप लगाया गया और वहां पर सैलानियों के सेहत की भी जांच की गई। जिन-जिन लोगों को स्वास्थ्य की परेशानी थी, उन्हें भी डॉक्टर के पास स्वास्थ्य जांच के लिए लाया गया है।

### सड़क बहाली कार्य तेज

**कुल्लू-** मनाली एनएच पर बर्फ के कारण सड़क मार्ग बाधित है। प्रशासन की ओर से सड़क बहाली का कार्य तेज कर दिया गया। वहीं, जिले की अन्य बाधित सड़कों को बहाल करने को लेकर भी कार्य तेज है। इसके अलावा बिजली तथा पानी की स्कीमों को भी पहल करने की दिशा में प्रशासन के द्वारा काम किया जा रहा है।

### मौसम रहा साफ, खिली धूप

**शनिवार** को कुल्लू घाटी में मौसम साफ रहा और यहां हल्की धूप खिली रही। ऐसे में भारी बारिश व बर्फबारी के बाद स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है, लेकिन ट्रैफिक जाम के कारण और जिला के अन्य क्षेत्रों में सड़कें बंद होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ी।

## हाउस टैक्स को लेकर नए आकलन पर रोक

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर शहर में हाउस टैक्स को लेकर हुए नए आकलन से परेशान लोगों को अब राहत मिल गई है। यह जानकारी नगर पंचायत भुंतर के पार्षदों को कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने दी है। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत भुंतर के उपाध्यक्ष अजय किशोर, पार्षद दिनेश शर्मा, पवन कुमार, उर्मिला सहित मनोनित पार्षदों ने एक मांगपत्र सौंपा था, जिसमें उन्होंने गृह कर के आकलन में बढ़ी दरों को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने इस पत्र को टिप्पणी के साथ शहरी विकास निदेशक को भेजा गया था। लिहाजा, अब इसको लेकर उन्हें एक पत्र मिला है जिसमें भुंतर में गृह कर के नए आकलन को रोक दिया गया है और आने वाले समय में इसको लेकर जनता से बातचीत कर एक साधारण सी बढ़ोतरी करने की बात की है।

## स्कूलों को बंद रखने पर उठे सवाल, अभिभावकों ने प्रशासन की नीति को घेरा

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** भारी बर्फबारी व खराब मौसम के बीच कुल्लू जिले में स्कूलों को बंद करने के फैसले पर विवाद खड़ा हो गया है। डीसी तोरूल एस रवीश द्वारा शनिवार, 24 जनवरी को केवल मनाली और बंजार उपमंडलों के शिक्षण संस्थानों को बंद रखने के आदेश दिए गए। प्रशासन का तर्क है कि इन क्षेत्रों में भारी हिमपात से सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं, जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। हालांकि, इस निर्णय ने कुल्लू तहसील के अन्य क्षेत्रों के अभिभावकों को नाराज कर दिया है, जहां मौसम की स्थिति मनाली के समान ही गंभीर बनी हुई है। अभिभावकों का आरोप है कि प्रशासन का यह रुख भेदभावपूर्ण है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मनाली उपमंडल से सटे कुल्लू तहसील के कई गांवों में भी उतनी ही बर्फबारी हुई है और सड़कें चलने लायक नहीं हैं।

इसके बावजूद, इन क्षेत्रों के स्कूल खुले रखे गए। स्थिति यह है कि मनाली की सीमा से सटे गांवों के बच्चे, जो कुल्लू उपमंडल के स्कूलों में पढ़ते हैं, उन्हें इस कड़ाके की ठंड और जोखिम भरे रास्तों के बीच स्कूल जाना पड़ा। लोगों का तर्क है कि जब मौसम की चुनौतियां एक जैसी हैं, तो पूरे जिले या प्रभावित क्षेत्रों के लिए एकसमान नीति लागू होनी चाहिए।



भारी बर्फबारी के बीच स्कूल जाते बच्चे। अनंत ज्ञान

### स्पष्ट दिशा-निर्देशों की मांग

**अभिभावकों** और स्थानीय संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में मौसम की आपदा के समय स्पष्ट और तर्कसंगत निर्देश जारी किए जाएं। उनका कहना है कि केवल उपमंडल के आधार पर नहीं, बल्कि धरातल पर मौसम की गंभीरता को देखते हुए निर्णय लिया जाना चाहिए। लोगों ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि कुल्लू-मनाली के उन सभी क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित की जाए जहां बर्फबारी के कारण विद्यार्थियों को आवाजाही में परेशानी हो रही है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

### उझी घाटी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बर्फबारी** का सबसे अधिक असर उझी घाटी के कटराई, रायसन, शिरड़ व पिछलीहार जैसे क्षेत्रों में देखा जा रहा है। इसके साथ ही काथी, कुकड़ी, हुरंग और मंडलगढ़ पंचायतों के ऊपरी इलाकों में भारी हिमपात के कारण जनजीवन पूरी तरह ठप हो चुका है। इन क्षेत्रों में सड़कें बंद हैं और बिजली-पानी की आपूर्ति पर भी असर पड़ा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन दुर्गम क्षेत्रों में बच्चों को स्कूल भेजना खतरे से खाली नहीं है, लेकिन प्रशासन ने इन संवेदनशील इलाकों की अनदेखी की है।

## मनाली से पतलीकूहल सफर के पर्यटकों से वसूले 18 हजार रुपए

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली में बर्फबारी के बाद ट्रैफिक जाम में फंसे पर्यटकों को जहां काफी दिक्कतों का सामाना करना पड़ा।

वहीं, मनाली पतलीकूहल के बीच रोड बंद होने के कारण कई वाहन चालकों ने पर्यटकों व अन्य लोगों से मनमाने तरीके से वाहनों में किराया वसूलने शुरू कर दिया है, जिन पर्यटकों के वाहन थे, उन्हें जहां ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ा। वहीं, अन्य पर्यटक जो बस या हवाई उड़ान के माध्यम से मनाली पहुंचे थे, उन्हें मजबूरन टेक्सी चालकों की ओर से मांगे गए मनमाना किराया भी देना पड़ा। कई पर्यटकों को हवाई सफर व कई पर्यटकों की दिल्ली या अंबाला से रेलवे की बुकिंग थी, ऐसे में उन्हें फोर बाई फोर वाहनों ने मनाली से पतलीकूहल पहुंचना पड़ा। टैक्सी चालकों ने पर्यटकों से 18 किलोमीटर के सफर के 10 से 18 हजार रुपए वसूल किए। वहीं, घाटी में भारी बर्फबारी के कारण कई पर्यटकों को क्लाथ और आलू ग्राउंड में अपने वाहनों में ही सर्द रात बितानी पड़ी। दिल्ली से आए पर्यटक दंपति ने बताया कि हमें मजबूरन घर जाना था और वाहन चालकों ने हम से 18000 रुपए वसूल किए। जब पुलिस प्रशासन से बात की, तो पर्यटन अधिकारी से बात करने को कहा गया। पर्यटन अधिकारी रोहित ने बताया कि यह आरटीओ विभाग का कार्य है। आरटीओ ने बताया कि हमें अधिक किराया वसूलने की कोई जानकारी नहीं है। उधर, हिमआंचल टैक्सी यूनियन मनाली के प्रधान राजा ने बताया कि यहां निजी वाहन भी चल रहे हैं, जो अधिक किराया वसूल रहे हैं हमने टैक्सी चालकों को आगाह किया है कि पर्यटकों से अधिक दाम न वसूलें।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 घंटे में रांगड़ी से क्लाथ पहुंची एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, मनाली।** एंबुलेंस ट्रैफिक जाम में फंसने से ऊना जिला के एक व्यक्ति की मौत के बाद शनिवार को शासन व प्रशासन हरकत में आया। ट्रैफिक जाम खुलवाने के लिए जहां टीमे तैनात की गई। वहीं फंसे हुए पर्यटकों की स्वास्थ्य जांच के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। मोबाइल टीम भेजकर रांगड़ी में पर्यटकों की जांच की गई। वाहन में पूछकर भी पर्यटकों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। बर्फ में गिरने के कारण कई पर्यटक चोटिल हुए हैं। कुल 35 पर्यटकों की जांच करने पर अधिकतर बर्फ में गिरने से चोटिल व सर्दी-जुखाम से संबधित पाए गए। बीएमओ डॉ. करण ने बताया कि प्रशासन की तरफ से उन्हें इनपुट मिला था कि पर्यटकों को दिक्कतें आ रही है। लिहाजा, विभाग ने मोबाइल टीम का गठन कर जांच के लिए रांगड़ी भेजा। लगभग पांच किलोमीटर पैदल चलकर टीम रांगड़ी पहुंची। इस दौरान कोई गंभीर मरीज नहीं पाया गया। कुल 35 मरीजों की जांच की गई। एंबुलेंस के जाम में फंसने से हुई मरीज की मौत के बाद शव को ऊना पहुंचाने में भी भारी दिक्कतें हुई। रांगड़ी से क्लाथ पहुंचने में लगभग 15 घंटे का समय लगा। एंबुलेंस में शव ले जाने से इंकार किया गया। क्लाथ में शव निजी वाहन में डालकर ऊना पहुंचाया गया। मृतक के मित्र तेजपाल ने बताया कि प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिली।

### आज देव सदन में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे देव सदन, कुल्लू में किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त, कुल्लू तोरुल एस रवीश करेंगी। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्किट, भाषण व मतदाता शपथ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त नवपंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले शिक्षण संस्थानों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री आज बजौरा स्कूल में होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 25 जनवरी को प्रातः 11:30 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बजौरा के शताब्दी समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत शिक्षा मंत्री पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे और क्षेत्र की जनसमस्याओं को भी सुनेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री, रोहित ठाकुर 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे ऐतिहासिक ढालपुर मैदान, कुल्लू में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर वे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे।

### कर्मियों को कार्य करने से रोकने पर होगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड भुंतर के सहायक अभियंता अमन कुमार ने बताया कि प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुराने बिजली मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदला जा रहा है। यह कार्य पूरी तरह से राज्य सरकार के आदेशों के तहत किया जा रहा है, अब तक सभी ट्रांसफार्मरों, सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया है कि कुछ घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया जा रहा है, यह आशंका व्यक्त करते हुए कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल अधिक आ रहा है। विभाग स्पष्ट करता है कि यह धारणा पूर्णतः गलत है। यदि किसी उपभोक्ता को स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल अधिक प्रतीत होता है, तो वह तुरंत संबंधित बिजली कार्यालय में रिपोर्ट कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई उपभोक्ता मीटर बदलने वाले कर्मचारियों को कार्य करने से रोकता है, तो विभाग तय नियमानुसार सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संदर्भ में उचित कार्रवाई करेगा, जिसके लिये उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।



सड़क में करीब 30 घंटों से लोग ट्रैफिक जाम में फंसे रहे। अनंत ज्ञान

## मनाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता, 10 प्रतिभागी फाइनल में

अनंत ज्ञान

**मनाली।** विंटर कार्निवाल मनाली का सबसे बड़ा आकर्षण मानी जाने वाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है।

प्रतियोगिता के पहले राउंड के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें 21 प्रतिभागियों में से 11 सुंदरियां बाहर हो गई हैं, जबकि 10 प्रतिभागियों ने फाइनल में जगह बनाई है। फाइनल में पहुंचने वाली सुंदरियों में स्नेहा, इशिता, जैस्मिन, संयोगिता, कनिका, पल्लवी, प्रीति, श्रेया, नैंसी और शानवी शामिल हैं। अब इन्हीं दस प्रतिभागियों के बीच विंटर क्वीन का ताज जीतने की कड़ी प्रतिस्पर्धा होगी। विंटर क्वीन प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों ने अपनी खूबसूरती, आत्मविश्वास और प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद इन सुंदरियों की मौजूदगी ने मनाली के ठंडे मौसम को मानो गर्म कर दिया है। अब सभी की निगाहें आज होने वाले फाइनल पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि किसके सिर सजेगा विंटर क्वीन मनाली का ताज। विंटर क्वीन प्रतियोगिता इस कार्निवाल की अहम प्रतियोगिता रहती है। मनाली में बर्फबारी के कारण एक दिन पूरी तरह से कार्निवाल का आयोजन नहीं हो सका। शरद सुंदरियों को देखने के लिए यहां खूब भीड़ रहती है और यह कार्यक्रम आकर्षक का केंद्र रहता है। विंटर क्वीन के कई राउंड हुए जिसमें इंट्रोडक्शन राउंड,ट्रेडिशनल राउंड,सेमीफाइनल राउंड और अब फाइनल राउंड होगा जिसमें विंटर क्वीन चुनी जानी है। हिमाचल प्रदेश की पर्यटन नगरी मनाली में आयोजित राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के तहत बहुप्रतीक्षित विंटर क्वीन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ था। 21 प्रतिभागी सुंदरियों ने मनु रंगशाला में रैंप पर उतरकर अपनी अदाओं और आत्मविश्वास से दर्शकों का दिल जीत लिया। कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रतियोगिता को देखने के लिए मनु रंगशाला में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। विंटर क्वीन प्रतियोगिता के पहले राउंड में प्रतिभागियों ने कैटवॉक कर अपना परिचय दिया। जैसे ही सुंदरियां रैंप पर उतरीं, पूरा मनु रंगशाला दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, प्रस्तुति और व्यक्तित्व ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया। विंटर क्वीन प्रतियोगिता के लिए विंटर कार्निवाल कमेटी द्वारा कुल्लू, मंडी और मनाली में ऑडिशन आयोजित किए गए थे। इन ऑडिशनों के बाद चयनित 21 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। पहले राउंड में सभी प्रतिभागियों ने बेहद ठंडे मौसम में मंच पर अपनी पहचान और व्यक्तित्व का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता के इस राउंड के बाद चयन प्रक्रिया के तहत 11 प्रतिभागियों को बाहर किया गया, जबकि चयनित 11 प्रतिभागी अगले राउंड में प्रवेश कर गई। आने वाले दौरों में प्रतिभागियों को विभिन्न मानकों पर परखा जाएगा, जिससे अंततः विंटर क्वीन का ताज पहनने वाली विजेता का चयन किया जाएगा। राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में विंटर क्वीन प्रतियोगिता न केवल सौंदर्य और प्रतिभा का मंच है, बल्कि यह युवतियों को आत्मविश्वास और पहचान देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हो रहा है।



मनाली विंटर क्वीन प्रतियोगिता की 10 प्रतिभागी जो फाइनल में पहुंची। अनंत ज्ञान

**आयोजन** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों के सशक्त भविष्य का लिया संकल्प

## सरकार बालिकाओं के कल्याण, शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बहुउद्देश्यीय भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल रवीश ने की।

डीसी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सरकार बालिकाओं के कल्याण, शिक्षा व सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डीसी ने समाज से आह्वान किया कि बेटियों को समान अधिकार, बेहतर शिक्षा व सुरक्षित वातावरण प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा उन्हें सुरक्षित, शिक्षित, सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बालिकाएं समाज का मजबूत आधार हैं और उनके संरक्षण, शिक्षा व सशक्तिकरण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुणों से सुसज्जित करने, उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर डीसी ने नवजात बालिकाओं के लिए बेबी किट्स वितरित की तथा यह संदेश दिया कि बालिका का जन्म बोझ नहीं, बल्कि उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित किया गया। डीसी ने उपस्थित सभी लोगों को बालिकाओं के संरक्षण, सम्मान एवं समान अवसर सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

इससे पहले डीपीओ कुंदन लाल ने डीसी व अतिथियों, शिक्षकों, छात्राओं व प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 27 जनवरी से इस कार्यक्रम में अधिक बालिकाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं व गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता व टीम भावना का विकास हो सके। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सुल्तानपुर की प्रधानाचार्य भावना तनवर, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर वीना शर्मा, युथ ऑर्गेनाइजर जगदीश नाईक सहित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) की छात्रायें, अध्यापक, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



डीसी कुल्लू बालिकाओं की माताओं को सम्मानित करती हुई। अनंत ज्ञान

### डीसी ने दिलाई मतदाता शपथ

**कुल्लू।** डीसी तोरुल एस रवीश ने शनिवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में अधिकारियों, कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। डीसी ने शपथ के माध्यम से सभी को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने, निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने तथा मतदाता के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाता होता है व प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत बनता है।

## आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में भाजयुमो ने की एफआईआर

अनंत ज्ञान

**केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

लाहौल स्पीति कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव के खिलाफ उदयपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह शिकायत जिला भाजयुमो की ओर से दर्ज कराई गई। इसके साथ फेसबुक पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे गए हैं। लाहौल-स्पीति भाजयुमो के अध्यक्ष अमीर ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक व बेबुनियाद टिप्पणी अब बर्दाश्त नहीं की जाएंगी, ऐसे मामलों में पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा सदस्य के चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी हर्षवर्धन के पक्ष में मतदान करने के बाद से पूर्व रवि ठाकुर पर लगातार निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। विधानसभा उपचुनाव के समय भी विपक्ष की ओर से उन पर भाजपा से पैसे लेने जैसे बेबुनियाद आरोप लगाए गए, जिससे उनकी छवि को जनता के सामने बिगाड़ने की पूरी साजिश रची गई। पूर्व विधायक ने कहा कि राजनीति में पदार्पण के बाद से उन्होंने हमेशा जनहित में कार्य किया है। उन्होंने दावा किया कि अब तक जितने भी चुनाव लड़े हैं, उसके लिए उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन बेचकर लड़े हैं। रवि का आरोप है कि कांग्रेस पार्टी के कुछ कार्यकर्ता जानबूझकर उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर झूठे और मानहानिकारक आरोप फैला रहें हैं। कुछ दिन पहले कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव गोपाल ने सोशल मीडिया पर उन पर भाजपा से पैसे लेने का आरोप लगाया है, जिसके स्क्रीनशॉट उनके पास मौजूद हैं। उदयपुर थाने में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और जल्द ही न्यायालय में मानहानि का मामला भी दायर किया जाएगा। सोशल मीडिया पर लगातार आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, उन्हें लाहौल-स्पीति पुलिस पर पूरा भरोसा है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसी की बिजली सप्लाई बहाल होने में देरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम कार्यालय सोलन का बिजली बिल जमा न करने से स्मार्ट मीटर से कटी बिजली की सप्लाई बहाल होने में देरी हो गई। इससे शनिवार को कार्यालय के कामकाज प्रभावित हुए। एसडीओ गोपी सिंह ने बताया कि नगर निगम ने चेक से भुगतान कर दिया था, जो बिजली बोर्ड में जमा हो चुका है। आईटी विभाग अब सप्लाई चालू कर देगा। हालांकि, बिजली कटने से कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। पानी के बिल, टैक्स जमा करने व जन्म-मृत्यु तथा शादी के प्रमाण पत्र जारी करने का काम ठप हो गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट मीटर की नई व्यवस्था में बिल बकाया रहने पर मीटर स्वतः लोड कम कर देता है या पूरी सप्लाई बाधित हो जाती है। सोलन में 5,000 से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, लेकिन जागरूकता अभाव में कई उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'स्मार्ट मीटर अच्छी तकनीक है, लेकिन बिना जागरूकता अभियान के इसे लागू करना गलत। बिजली बोर्ड को उपभोक्ताओं को पहले प्रशिक्षित करना चाहिए।' विपक्षी पार्षदों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए वित्तीय प्रबंधन की जांच की मांग की है। वहीं, बिजली बोर्ड ने सभी उपभोक्ताओं से बिल समय पर जमा करने की अपील की है। विशेषज्ञों का कहना है कि हिमाचल में स्मार्ट मीटर का विस्तार तेजी से हो रहा है, इसलिए डिजिटल पोर्टल और ऐप्स का उपयोग बढ़ाएं।

### बर्फबारी में फंसी एचआरटीसी सोलन डिपो की बसें

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में तेज बर्फबारी के कारण एचआरटीसी सोलन डिपो की कई बसें मार्गों पर फंस गई हैं। सोलन से पुलबहाल, रोहडू, चायल व गुम्मा कोटखाई जाने वाले रूटों पर गई बसें बीच रास्ते में ही फंसी हैं। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि डिपो प्रबंधन राहत कार्यों में जुटा है। सोलन डिपो के रीजनल मैनेजर (आरएम) सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि बर्फीले तूफान व भारी हिमपात के चलते बसें बीच रास्ते में अटक गई हैं। हमारी टीम लगातार प्रयासरत है। सड़कों को साफ करने और बसों को निकालने का काम चल रहा है। एक-दो दिनों में सभी रूट बहाल हो जाएंगे। राजपूत ने यात्रियों से अपील की कि वे धैर्य रखें और वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। उधर, मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में बर्फबारी जारी रहने की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन ने ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

### सिरमौर में हिमपात से 29 सड़क मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सहित सिरमौर जिला में भी बीते शुक्रवार को पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है। जिला के हरीपुर धार, नोहरा धार,संग डाह, शिलाई में हिमपात हुआ है। हरिपुर धार में जहां 2 फीट हिमपात हुआ है वहीं नोहरा धार क्षेत्र में 9 इंच बर्फबारी हुई है। जिला में हुए इस भारी बर्फबारी से बिजली आपूर्ति पर अधिक असर पड़ा है। बिजली के 3315 डी टी आर बंद हुए हैं जिसमे से अब 602 बंद हैं अन्य ठीक किये गए हैं। जिसके चलते पोटा व राजगढ़ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। बिजली बोर्ड कर्मी इन्हें सुचारू करने के कार्य में जुटे हुए हैं। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिला में बर्फबारी होने से लोक निर्माण विभाग के 29 सड़क मार्ग बन्द हुए हैं और उन्हें खोलने का काम चला हुआ है। इनमें संगडाह और राजगढ़ अधिक प्रभावित हुए हैं। जिला के सभी राष्ट्रीय उच्च मार्ग खुले हुए हैं। जिला में तूफान से भी बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है और इस समय 3315 डी टी आर बन्द हुए हैं जिसमे से 602 बंद पड़े हैं जिन्हें सुचारू करने का काम चला हुआ है। इसके इलावा 9 पेयजल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सभी को सुचारू करने का कार्य चला हुआ है।

### शूलिनी ने वैश्विक स्तर पर बनाई मजबूत पहचान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में शूलिनी विश्वविद्यालय ने कई विषयों में शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में अपनी स्थिति बनाए रखी है, जिससे उसकी वैश्विक प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में विश्वविद्यालय को 301-400 वैश्विक श्रेणी तथा भारत में संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला, जबकि चिकित्सा व स्वास्थ्य विज्ञान में 401-500 वैश्विक श्रेणी व भारत में संयुक्त रूप से आठवां स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि अकादमिक उत्कृष्टता, उच्च-प्रभावी शोध, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और उद्योग से मजबूत जुड़ाव को दर्शाती है। संस्थापक-कुलपति प्रो. पीके खोसला ने बताया कि कंप्यूटर इंजीनियरिंग व जैव प्रौद्योगिकी कार्यक्रम एशिया के सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रमों में मान्यता पा रहे हैं। प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने इसे रणनीतिक निवेश का परिणाम बताया, जबकि कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने इसे संकाय, शोधकर्ताओं व छात्रों के सामूहिक प्रयासों का फल कहा।

### स्नेहा का 69वीं स्कूल नेशनल गेम्स के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटड़ी व्यास की होनहार बेटी स्नेहा ने एक बार फिर हैंडबॉल के राष्ट्रीय स्तर पर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्नेहा का चयन 69वीं स्कूल नेशनल गेम्स की अंडर-19 हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 1 से 5 फरवरी तक घुमारवीं, जिला बिलासपुर में आयोजित होगी। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत आयोजित चयन प्रक्रिया में स्नेहा ने लगातार तीसरे वर्ष प्रदेश की अंडर-19 हैंडबॉल टीम में स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नेहा ने सिरमौर टीम की कप्तान के रूप में नेतृत्व किया व टीम को सिल्वर मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके आधार पर उनका राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। कार्यवाहक प्रधानाचार्य रघुबीर तोमर, शिक्षक चतर चौहान, शशिबाला, ज्योति, किरण, सुष्मिता, ओम प्रकाश, राकेश, अद्रिस अहमद सहित एसएमसी सदस्यों और स्टाफ ने स्नेहा व उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए सफलता की कामना की।

### बनेठी में 29 को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के बनेठी में 29 जनवरी को आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर उपमंडलाधिकारी नाहन राजीव सांख्यान ने जिले के विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। राजीव सांख्यान ने बैठक को अवगत कराया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। इस कार्यक्रम में नाहन विधानसभा क्षेत्र की लगभग 11 पंचायतों के लोगों की समस्याओं व मांगों का निराकरण उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस दौरान विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ ऑनलाइन सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। बैठक में बीएमओ धगेडा डॉ. मोनिषा अग्रवाल ने अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच, एक्स-रे सुविधा तथा आभा आई-डी व आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। उपमंडलाधिकारी ने इस कार्यक्रम के दौरान लोकमित्र केंद्र की सुविधाओं तथा आधार कैंप आयोजित करने के लिए कहा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वह 29 जनवरी को बनेठी में आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में पहुंच कर प्रदेश सरकार द्वारा घरद्वार पर दी जा रही सुविधाओं का लाभ लें।

### मनमोहन शर्मा ने दिलाई मतदाता दिवस की शपथ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने आज यहां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाना, मतदाता जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान का प्रयोग करने का आग्रह किया ताकि लोकतंत्र को और अधिक मज़बूत बनाया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। 25 जनवरी, 2026 को रविवार का अवकाश होने के दृष्टिगत यह शपथ आज दिलवाई गई।

### गणतंत्र दिवस को लेकर हुई परेड की रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के चौगान मैदान में 26 जरवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस को लेकर शनिवार को चौगान मैदान में परेड की रिहर्सल की गई। इसमें पुलिस, होमगार्ड और कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बता दें कि नाहन में होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्यातिथि होंगे।

# करोल पर्वत पर चमकी बर्फ की चादर

## स्वर्ग समान नजारा, चायल, कसौली और बड़ोग में बढ़ी पर्यटन गतिविधियां

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** लंबे समय बाद सोलन के करोल पर्वत पर चांदी की तरह चमकती बर्फबारी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। इस मनमोहक दृश्य को निहारने के लिए सोलनवासी और पर्यटक अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आए।

इसी तरह चायल, कसौली, बड़ोग व गलानग जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर भी बर्फबारी का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। वहीं, चायल और बड़ोग की सड़कों पर जमी बर्फ से वाहन चालकों को खासी दिक्क्कतों का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने इन क्षेत्रों में सावधानी से वाहन चलाने की सलाह दी है। बाहरी राज्यों से पहुंचे पर्यटक इन रमणीय स्थलों पर बर्फ का लुत्फ उठा सकते हैं, बशर्ते वे नियमों और मर्यादाओं का पालन करें। बीती रात से हो रही बारिश के साथ बर्फबारी ने क्षेत्र में शीतलहर पैदा कर दी है। समूचा इलाका ठंड की चपेट में है। सुबह के समय पारा



पर्यटन स्थल चायल का ढक्का काली माता मंदिर। अनंत ज्ञान

शून्य डिग्री तक लुढ़क गया। हालांकि, सूखे से जूझ रही कृषि व बागवानी के लिए यह लगातार बारिश संजीवनी बूटी साबित हो रही है। स्थानीयवासियों ने इस खुशनुमा मौसम का भरपूर आनंद लिया।

मैदानी राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक इन पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। शनिवार को मौसम साफ रहने से लोग गलानग व बड़ोग पहुंचे, जहां उन्होंने बर्फ में खेल-खेल में आनंद लिया। होटल इंडस्ट्री को इससे संजीवनी मिली है। चायल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष देविंद्र वर्मा ने बताया, 'बर्फबारी से पर्यटन गतिविधियां चरम पर हैं।

मैदानी इलाकों से पर्यटक उमड़ पड़े हैं। होटल बुक होने लगे हैं, जिससे व्यापार को जबरदस्त बढ़ावा मिला है। शीतलहर व बिजली गुल की समस्या, शीतलहर चलने से ठंडक बढ़ गई है। शनिवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। चायल के कई क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते बिजली गुल रही, जिससे लोगों को परेशानी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में मौसम और बेहतर होगा।

हल्की धूप खिलने की संभावना है, लेकिन ठंड बरकरार रहेगी। प्रशासन ने पर्यटकों के लिए यातायात व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बर्फबारी जलस्तर को बढ़ाएगी और गर्मियों में राहत देगी।

## 'युवा चेंजमेकर प्रोग्राम' पीएम के विकसित भारत विजन को दे रहा नई गति: रोहित

अनंत ज्ञान



**सोलन।** देश के युवाओं को नेतृत्व, नवाचार व राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने 23 जनवरी को 'युवा चेंजमेकर प्रोग्राम' का धर्मशाला में शुभारंभ किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने कहा कि यह देश के पहले सांसद हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के इस विजन को धरातल पर उतारने का प्रयास किया।

यह कार्यक्रम युवाओं के लिए एक नई सोच, नई दिशा व एक सशक्त शुरुआत का प्रतीक है, जो भारत के भविष्य को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सांसद अनुराग ने कहा कि 'भारत का युवा आज केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति है। युवा चेंजमेकर प्रोग्राम के माध्यम से हम युवाओं को ऐसा मंच और मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिससे वे समाज व राष्ट्र में सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व कर सकें।' प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित भारद्वाज ने प्रदेश के सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक और प्रेरक पहल से जुड़ें, युवा चेंजमेकर प्रोग्राम का हिस्सा बनें और राष्ट्र निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएं। रोहित ने कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा युवाओं के लिए इस प्रकार के दूरदर्शी व प्रभावशाली कार्यक्रम की शुरुआत करना उनकी युवा हितैषी सोच, मजबूत नेतृत्व व राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## राज तिलक नेगी ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी बधाई



नितिन नबीन को बधाई देते एसटी मोर्चा सोलन के अध्यक्ष राज तिलक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** भाजपा मंडल सोलन एसटी मोर्चा के अध्यक्ष राज तिलक नेगी ने नवनियुक्त पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

भाजपा कार्यालय पहुंचकर उन्होंने नितिन गडकरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पर बधाई संदेश सौंपा। राज तिलक नेगी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के रूप में जानी जाने वाली यह पार्टी अब नितिन गडकरी के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि गडकरी के कुशल मार्गदर्शन में पार्टी संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा तथा आने वाले चुनावों में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी। नेगी ने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन पार्टी के मूल्यों-राष्ट्रवाद, विकास और समावेशी शासन को मजबूती प्रदान करेंगे। नेगी ने कहा, 'नितिन गडकरी का अनुभव व दूरदृष्टि पार्टी को नई दिशा देगी।

## काफिला में ग्रेनेडियर कपिल की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** सिरमौर जिला तहसील शिलाई के काफिला गांव में ग्रेनेडियर कपिल की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई।

किसको पता था कि सेना से माता-पिता और परिवार से मिलने छुट्टी आए ग्रेनेडियर कपिल के साथ ऐसी अनहोनी होगी। 8 जनवरी को उतराखंड के सेलाकुई में मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में ग्रेनेडियर कपिल को गंभीर चोटें आई, जिसके लिए उनको आन-फानन में सेलाकुई में स्थित ग्राफिकएरा अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बाद में मिलिट्री अस्पताल देहरादून में उपचाराधीन रहे, तब से लेकर अब तक वे जीवन से जंग लड़ते रहे, लेकिन किसे पता था भारतीय सेना का यह बहादुर जवान वापस घर नहीं पहुंचेगा। माता-पिता, भाई बहन व परिवार तथा रिश्तेदार और समस्त गांववासी अपने चहेते कपिल के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करते रहे और पलके बिछाए अपने लाडले के



ग्रेनेडियर कपिल की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि में जुटे लोग। अनंत ज्ञान

घर आने की राह देखते रहे, लेकिन इसके विपरीत दुर्घटना से चोटिल सैनिक कपिल सेन्य अस्पताल देहरादून में जिंदगी से आखिरी जंग हार गए, जैसे ही यह खबर गांव व क्षेत्र में फैली तो पूरा क्षेत्र अपने वीर सपूत को खोकर गमगीन हो गया। किसको पता था कि हिमाचल के सिरमौर जिले के शिलाई तहसील के अंतर्गत गांव पटना में पिता पंच राम और माता जयंती देवी के वीर सपूत कपिल इस तरह अपनों को छोड़ कर दुनिया को अलविदा कह जाएंगे। बतातें चलें कि 2 जून 1998 को पिता पंच राम और माता जयंती देवी के घर गांव पटना, डाकघर बिंडला-दिगवा, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर में जन्मे और पिछले 7 वर्षों से सेना में सेवारत जवान अपने माता पिता के 3 बेटों और 3 बेटियों में से सबसे बड़े और होनहार थे। माता-पिता जल्द ही अपने लाडले की शादी करवाने की राह तक रहे थे। सिपाही कपिल 18 सितंबर 2018 में ग्रेनेडियर रैजिमेंट में भर्ती होकर 16वीं बटालियन के अंतर्गत वर्तमान में 55वीं राष्ट्रीय राइफ्लस के अधीन जम्मू कश्मीर में तैनात थे। भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा- शिलाई क्षेत्र और सैन्य टुकड़ी ने पांवटा साहिब में शहीद कपिल की देह का नम आंखों से स्वागत कर पुरे सम्मान के साथ पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद कपिल अमर रहे के जयघोष लगाए। संगठन के सदस्यों ने शहादत पर गहरा शोक व्यक्त कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

उसके बाद काफिला उनके पैतृक गांव पटना के लिए चला जैसे ही पार्थिव देह को लेकर काफिला गांव पहुंचा, तो परिवार का रो- रो कर बुरा हाल था। सभी लोग इस दु:खद व हृदयविदारक घटना से स्तब्ध थे। सैनिक कपिल की पार्थिव देह को पूरे सैन्य सम्मान के साथ मुखाग्नि प्रदान की गई और एक माटी का लाल सदा के लिए पंचतत्व में विलीन हो गया। सैन्य टुकड़ी ने सैनिक कपिल को आखिरी सलामी दी। भूतपूर्व सैनिक संगठन ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना के इतने युवा और होनहार जवान का इस तरह चले जाना अत्यंत दुखद है। देश उनकी बहादुरी, सेवा और प्रतिबद्धता के लिए उनके प्रति कृतज्ञ है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर डीसी कार्यालय में डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डीसी कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनावों की गरिमा बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय या भाषा से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है व प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह बिना किसी दबाव के अपने विवेक से मतदान करे। उन्होंने सभी से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करना है।

## डॉ. शांडिल करेंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम प्रात: 10.40 बजे कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेश वासियों एवं ज़िला वासियों की ओर से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि डॉ. शांडिल तदोपरांत प्रात: 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वज फहराएंगे।



मुख्यातिथि उसके उपरांत पुलिस तथा गृह रक्षा एवं अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने सोलन निवासियों से आग्रह किया जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर बड़ी संख्या में ठोडो मैदान पहुंचे और कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

## नाहन की ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था सुधारने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**नाहन।** डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने गत दिवस उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक, लोक निर्माण, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस तथा सड़क सुरक्षा क्लब के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला सिरमौर में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवर स्पीड तथा नाहन शहर में यातायात समस्या के निराकरण के लिए संबन्धित विभागों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पांवटा साहिब शहर में स्थानीय लोगों को हो रही असुविधा के दृष्टिगत बांगरण चौंक से पुरुवाला, बातापुल से विश्वकर्मा चौक तथा विश्वकर्मा चौक से रामपुरघाट सडक पर माइनिंग संबंधी बडे वाहन केवल रात्री 10 बजे से प्रात: 5 बजे तक आवाजाही कर सकेंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सड़क किनारे पैराफीट तथा क्रेश बेरियर लगाने के निर्देश दिए।



बैठक की अध्यक्षता करती डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि नाहन शहर में आठ पार्किंग स्थल क्रियाशील हैं, जहां नगर पालिका वाहनों के पार्किंग संबंधी शुल्क फलैक्स पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के दृष्टिगत शहर में सब्जी तथा फूड स्ट्रीट वेंडर के लिए स्थल चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को टैक्सी तथा ई-रिक्शा ऑपरेटरस के लिए पार्किंग स्थल जल्द चिन्हित करने को कहा। डीसी ने पांवटा से कालाअंब राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित स्कूलों के नजदीक विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए रंबल स्ट्रीप तथा साइनेजिज शीघ्र स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नाहन शहर की विभिन्न समस्याओं के अतिरिक्त चौगान मैदान के सौंदर्यकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर लायक राम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण आलोक जनवेजा, अध्यक्ष सड़क सुरक्षा क्लब नाहन नरेन्द्र तोमर सहित समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

**बैठक** सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता योजना विषय पर कार्यशाला आयोजित

## योजनाओं की प्रभावशीलता के लिए सटीक डाटा संग्रहण जरूरी

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि विभिन्न योजनाओं को गति देने और नई योजनाएं बनाने के लिए स्टीक डाटा संग्रहण करना आवश्यक है।

मनमोहन शर्मा हिमाचल प्रदेश आर्थिक व सांख्यिकी विभाग तथा केंद्र सरकार के सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता योजना (स्पोर्ट फॉर स्टेटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग-एसएसएस) विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य सांख्यिकीय प्रणालियों की क्षमता में वृद्धि करना है, ताकि स्टीक सांख्यिकीय डाटा उपलब्ध हो सके। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुशासन व विकास से संबंधित डाटा सांख्यिकी विभाग के डाटा से मिलान व अद्यतन करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा। अनंत ज्ञान

योजना से डाटा संग्रहण करने में सुगमता होगी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि विश्वसनीय डाटा स्टीक व पारदर्शी निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने कहा कि यह कार्यशाला डाटा को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तथ्यों पर आधारित डाटा एकत्रित करना सुनिश्चित बनाएं तथा यह डाटा सांख्यिकी विभाग को उपलब्ध करवाएं। आर्थिक सलाहकार डॉ. विनोद राणा ने कहा कि सांख्यिकी प्रणाली प्रमाणिक डाटा प्रदान करती है। उन्होंने सभी डाटा-सृजन विभागों से आग्रह किया कि वह ऐसा डाटा तैयार करें, जो सत्यापन योग्य हो। डॉ. राणा ने डाटा संग्रहण करने के दौरान आने वाली चुनौतियों, विश्वसनीयता व उसकी गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक सुरेश वर्मा ने जिला सुशासन डाटा संग्रहण के बारे में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सारगर्भित जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जिला सुशासन डाटा संग्रहण करने का उद्देश्य शासन की गुणवत्ता मापने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से डाटा संग्रहित करना और उसका विश्लेषण करना है। जिला सांख्यिकी अधिकारी सोलन प्रेम ठाकुर ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विषय पर जानकारी प्रदान की और डाटा संग्रहण के लिए सभी विभागों को प्रशिक्षण देने का आग्रह किया। उन्होंने विभिन्न विभागों तथा अन्य एकत्रित किए गए डाटा की जानकारी भी दी। कार्यशाला में सांख्यिकी विषय पर प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन भी किया गया। कार्यशाला में सांख्यिकी विभाग की अनुसंधान अधिकारी शिल्पा रानी व राकेश, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## धुंदन स्कूल में छात्रों को बताया राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल की अध्यक्षता में प्रात:कालीन सभा के दौरान एक सूक्ष्म लेकिन सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिवकुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी और इसी की वर्षगांठ की स्मृति में प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 2011 में की गई थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2026 के 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट रखी गई है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को उनके मतदान अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। कार्यकारी प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत मतदान पेटी में निहित होती है। जब कोई नागरिक वोट डालता है, तो वह केवल मतदान नहीं करता बल्कि देश की दिशा भी तय करता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। लोकतंत्र तभी सशक्त और जीवंत रहता है, जब उसके नागरिक सक्रिय और जागरूक हों। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी ली।

इसके साथ ही आज आठवीं कक्षा के 37 विद्यार्थियों ने पूर्व-व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कामधेनु व्यास दुग्ध प्लांट, नम्होल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को दही, मक्खन, घी, पनीर एवं विभिन्न मिठाइयों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य में अपनी रुचि के अनुसार स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों के साथ सुदेश ठाकुर एवं रुचि गुप्त, मीडिया प्रभारी अमर सिंह वर्मा भी उपस्थित रहे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### शुभंकर और युवराज दुबई डेजर्ट क्लासिक में कट से चूके

**एजेंसी, दुबई।** भारत के शुभंकर शर्मा और युवराज सिंह संधू ने दूसरे दौर में भी खराब प्रदर्शन किया जिससे वह हीरो दुबई डेजर्ट क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह नहीं बना पाए। प्रतिष्ठित रोलेक्स सीरीज प्रतियोगिता में पदार्पण कर रहे संधू ने 73 और 73 के राउंड खेले, जबकि शर्मा लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहे और शुरुआती 74 के बाद उन्होंने दूसरे दौर में निराशाजनक 77 का स्कोर बनाया। इस बीच पूर्व मास्टर्स चैंपियन पैट्रिक रीड ने दूसरे दौर में 66 का स्कोर बनाकर एक शॉट की मामूली बढ़त हासिल कर ली। इस अमेरिकी खिलाड़ी ने अब कुल 9-अंडर का स्कोर बना लिया है और वह इंग्लैंड के एंडी सुलिवन से एक शॉट आगे हैं जिन्होंने सात-अंडर 65 का स्कोर बनाया। (अनंत ज्ञान)

### अनाहत सिंह ने स्प्राट चैंपियंस स्क्वाश दूसरे दौर में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अंतिम क्षणों में कुछ विषम परिस्थितियों का



सामना करने के बावजूद लूसी टरमेल को हराकर न्यूयॉर्क में चल रहे स्प्राट टूर्नामेंट ऑफ चैंपियंस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। विश्व में 31वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने पीएसए प्लैटिनम प्रतियोगिता में इंग्लैंड की टरमेल को 11-3, 11-6, 9-11, 13-11 से हराया। अब उनका मुकाबला जापान की छठी वरीयता प्राप्त सतोमी वातानाबे से होगा। इस बीच पुरुषों की विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर काबिज भारत के अभय सिंह स्पेन के इकर पजारेस के सामने कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद 4-11, 11-4, 7-11, 11-3, 3-11 से हार गए। (अनंत ज्ञान)

### नाओमी ओसाका तीसरे दौर के मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटीं

**एजेंसी, मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)।** जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से मैच से पहले हटने का फैसला किया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका को तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ खेलना था। इस तरह उनके फैशन और विवादों भरे अभियान का अंत हो गया। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की, लेकिन अपनी चोट के बारे में नहीं बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि अपने पिछले मैच के बाद उन्हें 'अपने शरीर की एक ऐसी समस्या पर ध्यान देना है, जिसे इलाज की जरूरत है।' ओसाका ने पोस्ट किया, ''मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्साहित थी और यह सफर मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता था इसलिए यहां रुकना मेरे दिल तोड़ने वाला है। लेकिन मैं और नुकसान का जोखिम नहीं उठा सकती ताकि मैं कोर्ट पर वापस आ सकूं।'' (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में डारिया कसात्किना

**रूस।** डारिया कसात्किना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



**टी20** भारत की निगाह सीरीज जीतने पर, दो मैच हारे, अब रणनीति बदलेगा न्यूज़ीलैंड

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत



**एजेंसी, गुवाहाटी**

पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारतीय टीम रविवार को गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे टी20 मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा, जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी। भारत ने पिछले मैच में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था और आसानी से लक्ष्य अपने नाम कर लिया था।

टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है।

भारत के लिए संजू सैमसन का फॉर्म में नहीं होना चिंता की बात है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान सैमसन तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया। न्यूजीलैंड करना चाहेगा वापसी

मिचेल सैंटनर की अगुवाई वाली टीम कुछ रणनीतिक बदलावों पर विचार कर सकती है। वह शानदार फॉर्म में चल रहे डेरिल मिचेल को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेज सकता है। न्यूजीलैंड की आमतौर पर मजबूत मानी जाने वाली फील्डिंग इस बार बेहद निराशाजनक रही। सैंटनर और ईश सोढी सहित उसके खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े। न्यूजीलैंड को इस विभाग में तुरंत सुधार करने की जरूरत है। यह देखना बाकी है कि न्यूजीलैंड दो मैचों में हार के बाद कैसे वापसी करता है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, जिमी नीशम, ईश सोढ़ी, जैक फॉक्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रैसवेल, रचिन रविंद्र, काइल जैमीसन, मैट हेनरी, जैकब डफी।

## अंडर-19 वर्ल्डकप : भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया



**एजेंसी, बुलावायो**

भारत ने जिम्बाब्वे के बुलावायो में चल रहे अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टीम ने शनिवार को न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने 130 रन का संशोधित लक्ष्य 13.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

कप्तान आयुष म्हात्रे ने 27 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। आयुष के अलावा, वैभव सूर्यवंशी ने 23 बॉल पर 40 रन बनाए। उन्होंने 2 चौके और 3 छक्के लगाए। दोनों में फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 36.2 ओवर में 135 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 4 विकेट झटके, जबकि हेनिल पटेल को 3 विकेट मिले। न्यूजीलैंड से कैलम सैमसन ने नाबाद 37 और सेल्विन संजय ने 28 रन की पारियां खेलीं। दोनों ने 8वें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। (अनंत ज्ञान)

◆ म्हात्रे ने लगाई फिफ्टी अंबरीश को मिले 4 विकेट

## विकल्प के रूप में टीम में शामिल खिलाड़ी मैच जिताने में पूरी तरह सक्षम : नोर्किया

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया ने कहा है कि चोटों के कारण टी20 विश्व कप टीम में खिलाड़ियों का बाहर होना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किए गए खिलाड़ी पूरी तरह सक्षम हैं और जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका को अपनी 15 सदस्यीय टीम में दो बदलाव करने पड़े। चोटिल टोनी डि जॉर्जी और डोनोवन फरेरा की जगह रेयान रिकल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी और डेवाल्ड ब्रेविस भी चोट की समस्या से जूझ रहे हैं।

एसए20 लीग के दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की पार्ल रॉयल्स पर सात विकेट की जीत के बाद नोर्किया ने कहा कि खिलाड़ियों को गंवाना दुखद है। मैं खुद भी विश्व कप और आईसीसी टूर्नामेंट में ऐसी स्थिति से गुजर चुका हूं, लेकिन जो खिलाड़ी विकल्प के तौर पर आए हैं उन्होंने जिम्मेदारी ली है और अच्छा प्रदर्शन किया है।

उन्होंने कहा कि टीम में शामिल अधिकांश खिलाड़ी पहले भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट या विश्व कप का अनुभव रखते हैं और एसए20 में भी उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित की है। 'यह ऐसा नहीं है कि विकल्प के तौर पर आए खिलाड़ी अनुभवहीन हैं। वे अच्छे स्तर के खिलाड़ी हैं और टीम को मजबूती देते हैं,' नोर्किया ने कहा। पिचों को लेकर नोर्किया ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में हर मैदान की परिस्थितियां अलग होती हैं और खिलाड़ी खुद को जल्दी ढाल रहे हैं, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद खिलाड़ियों को पर्याप्त क्रिकेट मिला है, जिससे विश्व कप से पहले टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टेस्ट टीम घोषित

◆ प्रतिका रावल, वैष्णवी शर्मा व क्रांति गौड़ टीम में शामिल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले साल महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के अलावा बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को छह से नौ मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच 15 फरवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के मैचों (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे) के बाद खेला जाएगा। प्रतिका का वनडे में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस प्रारूप में 24 मैचों में 50.45 के औसत से 1110 रन बनाए, जिसमें दो शतक और सात अर्द्धशतक शामिल हैं। इसका यह भी मतलब था कि यह सलामी बल्लेबाज टखने की चोट से काफी हद तक उबर चुकी थीं, जिसके कारण उन्हें पिछले साल के महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल से बाहर बैठना पड़ा था। वैष्णवी ने 2025 की शुरुआत में भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत के दौरान अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के दौरान सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस 20 वर्षीय स्पिनर ने अब तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

तेज गेंदबाज क्रांति ने भी पिछले साल भारत के लिए पदार्पण किया था और वह अब तक 15 वनडे और चार टी20 मैच खेल चुकी हैं। 50 ओवर के प्रारूप में उनका प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए हैं। मुंबई की 25 वर्षीय तेज गेंदबाज सयाली सतघरे को भी टीम में लिया गया है जिसके कारण अनुभवी अरुंधति रेड्डी को मौका नहीं मिला।

इस बीच युवा विकेटकीपर जी कमलिनी चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं और चयनकर्ताओं ने उनकी जगह उमा छेत्री को टी20 और वनडे टीमों में शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन भी कर लिया है, जिसकी कप्तानी बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव करेंगी। प्रतिभाशाली बल्लेबाज अनुष्का शर्मा को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 22 फरवरी के बीच थाईलैंड में खेला जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट में यूएई (13 फरवरी), पाकिस्तान ए (15 फरवरी) और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा। (अनंत ज्ञान)

## रॉयल्स को हराकर सनराइजर्स चौथी बार फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग।** सेनुरान मुथुसामी की घातक फिरकी और जेम्स कोल्स की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने क्वालीफायर-2 में पार्ल रॉयल्स को सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार एसए20 क्रिकेट लीग के फाइनल में जगह बनाई। वांडरर्स की धीमी और स्पिन के अनुकूल पिच पर रॉयल्स की टीम मुथुसामी (3/15) और एनरिच नोर्किया (2/31) की धारदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी। काइल वेरेने ने 46 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहयोग नहीं मिला।

जवाब में दो बार की चैंपियन और गत उपविजेता सनराइजर्स ने 11.4 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। जेम्स कोल्स ने 19 गेंदों में नाबाद 45 रन की विस्फोटक पारी खेली जिसमें तीन छक्के और चार चौके शामिल थे। उन्होंने मैथ्यू ब्रीट्ज्के के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी कर मैच पूरी तरह सनराइजर्स के पक्ष में कर दिया। इससे पहले रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम पावरप्ले में तीन विकेट पर सिर्फ 31 रन बना सकी।

पावरप्ले के बाद अगले छह ओवरों में महज 17 रन बने, जिससे दबाव और बढ़ गया। मुथुसामी और कोल्स की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने मिलकर आठ ओवर में 30 रन देकर चार विकेट झटके। अब रविवार को केपटाउन में फाइनल में सनराइजर्स की भिड़ंत प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगी। क्वालीफायर-1 में मिली हार का बदला लेकर तीसरी बार खिताब जीतने की कोशिश करेगी। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय विकटों पर खेलने के लिए अच्छी तैयारी की : रविंद्र

**एजेंसी, रायपुर**



रचिन रविंद्र को भारतीय परिस्थितियों में बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और अब जबकि यहां जल्द ही टी20 विश्व कप होने वाला है तब न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज को अपनी लय मिलती दिख रही है।

इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने भारत में खेले गए 2023 के वनडे विश्व कप में तीन शतक लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स के साथ उनका अनुबंध हुआ, जिससे उन्हें देश भर की विभिन्न परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का अधिक अनुभव मिला।

शुक्रवार रात को दूसरे टी20 मैच में उन्होंने कुलदीप यादव की ढीली गेंद पर आउट होने से पहले 26 गेंदों में 44 रन बनाकर अपनी विशेष प्रतिभा का नमूना पेश किया। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की गेंदों पर लगाए गए उनके दो-दो छक्कों ने दिखाया कि उनके खेल में ताकत और संयम का सही संतुलन है।

रविंद्र ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''भारत में खेलना अच्छा लगता है। मैं यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हूं। आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है, इसलिए मैंने स्वदेश में काफी अभ्यास किया। इस तरह के विकेटों पर खेलने के लिए तैयारी की।'' भारत ने बड़ी आसानी से 209 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

रविंद्र ने कहा, ''भारत की बल्लेबाजी को देखते हुए ऐसा लगता है कि 250 का लक्ष्य बेहतर होता। हमने बीच में जल्दी-जल्दी विकेट गंवा दिए, जिससे हमारी प्रगति थोड़ी धीमी हो गई। ओस पड़ने और इस तरह की अन्य परिस्थितियों को देखते हुए संभवत: हमें 15-20 रन और बनाने चाहिए थे।'' उनके पास गति होती है,''उन्होंने तर्क दिया।'' भारतीय मूल के इस बल्लेबाज ने कहा, ''जब हमने पहले बल्लेबाजी की तो मैदान थोड़ा गीला था और फिर धीरे-धीरे और गीला होता गया, जिससे गेंद पकड़ना और बेहतर तरीके से खेलना मुश्किल हो गया, लेकिन फिर भी इससे भारत की बल्लेबाजी पर कोई असर नहीं पड़ता।'' न्यूजीलैंड को कभी भी कम नहीं आंका जा सकता और रचिन को भी भरोसा है कि उनकी टीम सीरीज में वापसी करेगी।

उन्होंने कहा, ''यह बेहद निराशाजनक है। हम श्रृंखला में नहीं पिछड़ना चाहते थे लेकिन हमारे खिलाड़ियों का हौसला अभी बना हुआ है। हमने पहले दो मैचों से बहुत कुछ सीखा है। उम्मीद है कि हम आगे के तीन मैच में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।'' (अनंत ज्ञान)

## दुबे बोले-दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं सूर्याकुमार

**एजेंसी, रायपुर।** भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव की धमाकेदार पारी की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस स्टार बल्लेबाज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह टी20 क्रिकेट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।



सूर्यकुमार ने 23 पारियों के बाद पहली बार अर्द्धशतक जड़ते हुए आलोचकों को करारा जवाब दिया। उन्होंने दुबे के साथ 81 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को 209 रन के लक्ष्य तक आसानी से पहुंचाया। दुबे ने 18 गेंदों में 36 रन बनाए। दुबे ने कहा कि आज सूर्यकुमार ने दिखा दिया कि वह टी20 में नंबर एक बल्लेबाज क्यों है। उसके साथ बल्लेबाजी करना शानदार अनुभव था।

इससे पहले ईशान किशन ने 32 गेंदों में 76 रन की तूफानी पारी खेली, जिसकी दुबे ने जमकर तारीफ की। गेंदबाजी में भी दुबे ने डैरिल मिचेल का अहम विकेट लिया और कहा कि कप्तान और कोच का भरोसा उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। (अनंत ज्ञान)

**ऑस्ट्रेलियाई ओपन** सिनर अगले दौर में इटली के हमवतन खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी का करेंगे सामना

# सिनर, कीज और पेगुला ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

**एजेंसी, मेलबर्न**

पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने भीषण गर्मी से जूझने के बावजूद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश करके खिताबी हैट्रिक बनाने की अपनी कवायद जारी रखी।

सिनर जब हाथ-पैरों में ऐंठन को दूर करने के लिए जूझ रहे थे और तीसरे सेट में 1-3 से पिछड़ रहे थे तब भीषण गर्मी के नियमों ने उन्हें बचा लिया। शनिवार दोपहर को रॉड लेवर एरिना में खेल कुछ मिनटों के लिए रोक दिया गया और छत बंद कर दी गई। इसके बाद सिनर ने नई ऊर्जा के साथ कोर्ट पर कदम रखा। उन्होंने अगले छह गेम में से पांच जीतकर 85वीं रैंकिंग के खिलाड़ी इलियट स्पिजिर्री को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से पराजित किया। सिनर ने बाद में कहा, ''आज मुझे शारीरिक रूप से काफी परेशानी हुई। गर्मी के नियम की वजह से मुझे राहत मिली। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैं बेहतर महसूस करने लगा।'' सिनर अगले दौर में इटली के हमवतन खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी का सामना करेंगे, जिन्होंने नंबर 15 करेन खाचानोव को 7-6 (5), 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। इटली के तीन खिलाड़ी अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। इनमें तीसरे खिलाड़ी पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने जॉन केन एरिना में खेले गए मैच में टॉमस माचक को 5-7, 6-4, 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। इस मैच को भी पांचवें सेट में छत बंद करने के लिए थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा था। विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना पर मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट को 6-4, 6-4, 7-6 (5) से पराजित किया।



इस बीच महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज और उनकी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा।

नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ ने रोड लेवर एरिना में खेले गए पहले मैच में कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-3, 6-3 से हराया, जबकि छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए पहले मैच में ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से पराजित किया। अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। सातवें दिन खेल निर्धारित समय से एक घंटा पहले शुरू हुआ, क्योंकि पूर्वानुमान में 40 डिग्री सेल्सियस (104 फारेनहाइट) तक के तापमान की आशंका थी। शुरुआती मैचों के दौरान तापमान उस स्तर तक नहीं पहुंचा। इस दौरान तापमान 32 डिग्री सेल्सियस (89 फारेनहाइट) रहा।

कीज ने कहा कि उन्हें चौथे दौर में पेगुला के खिलाफ कड़े मुकाबले की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''जेस बेहतरीन खिलाड़ी है। वह हर मैच में लगातार अच्छा प्रदर्शन करती है। वह हर मैच में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराती है। उसके खिलाफ मुकाबला काफी कड़ा होगा।'' (अनंत ज्ञान)

# भांबरी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में, बालाजी बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न**



भारत के युकी भांबरी ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी दूसरे दौर से बाहर हो गए। भांबरी और उनके स्वीडिश साथी आंद्रे गोरानसन की 10वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में सैंटियागो गोंजालेज और डेविड पेल की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 4-6, 7-6(5), 6-3 से हराया। यह मैच टूर्नामेंट की अत्यधिक गर्मी से जुड़ी नीति के कारण एक बार बीच में रोकना पड़ा था।

यह मैच कुल मिलाकर दो घंटे और छह मिनट तक चला। इसे उस समय स्थगित कर दिया गया था जब भांबरी और गोरानसन 4-6, 2-2 से पीछे चल रहे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के नियमों के अनुसार यह मैच बाद में खेला गया।

भांबरी और गोरानसन खेल दोबारा शुरू होने के बाद संयम दिखाते हुए दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में अपने खेल का स्तर बढ़ाया और निर्णायक सेट में नियंत्रण कायम करते हुए अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। इससे पहले बालाजी और ऑस्ट्रिया के उनके जोड़ीदार नील ओबरलीट्नर को अल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के माटे पाविच की चौथे वरीयता प्राप्त जोड़ी से 5-7, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा, जिन्होंने मेलबर्न पार्क के शो कोर्ट पर अपनी निरंतरता और बड़े मैचों के खेलने का अच्छा नमूना पेश किया। बालाजी और ओबरलीटनर की जोड़ी ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन वे अहम मौकों को भुनाने में असमर्थ रहे। इससे अरेवालो-पाविच की जोड़ी को नियंत्रण हासिल करने का मौका मिला और उन्होंने दूसरे सेट में जल्दी जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)